
मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews


jagruk_janta

आषाढ़, पक्ष - कृष्ण, तिथि - प्रतिपदा, संवत 2079 | पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-8, अंक-16, 15 जून - 21 जून, 2022 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## अब तो उच्चारण में भी भाई बंधु नहीं, भाई बंद है!

**एक** जमाना था जब भाई-बंधुओं की बड़ी इज्जत होती थी। बिना भाई बंधुओं के कोई भी काम नहीं होता था, बल्कि कोई भी मांगलिक कार्य हो या दुःख की घड़ी, सब एक रहते थे।

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

मांगलिक कार्य का आनन्द सब मिलकर लेते थे तो दुःख की घड़ी में भी अकेलापन महसूस नहीं होने देते थे। मगर अब स्थिति एकदम उलट हो गई है। भाई-बंधुओं का एक जगह बैठना उठना दुःस्वप्न जैसा हो गया है। पहले घर, परिवार, कुटुम्ब, समाज, जाति-बिरादरी सब एकडोर में बंधे होते थे। जिस किसी के घर में कोई शादी-विवाह या अन्य कोई भी कार्य बड़ी आसानी से और सबके सहयोग से चुटकियों में ही हो जाता था। कितने ही बच्चे-बच्चियां हों, सबकी शादी-विवाह की भी किसी को चिंता नहीं होती थी। मगर धीरे-धीरे आधुनिकता और धन के घमंड में चूर आदमी एकल वृत्ति में ढलता गया और आज अकेला रह गया है। अपवादों को छोड़ दें तो, भाई-बंधुओं का स्थान ससुराल पक्ष ने लगभग ले लिया है। ससुराल पक्ष की दखलंदाजी हर काम में कहीं प्रत्यक्ष तो कहीं अप्रत्यक्ष रूप से देखी जा सकती है। आज भाई-बंधुओं के बिना शादी-विवाह तक हो जाते हैं। ज्यादा बात बढ़ती है तो कह देते हैं अगर भाई-बंधु नहीं आएंगे तो क्या विवाह रुक जाएगा? मत आओ, हम भी नहीं आएंगे। धीरे-धीरे एकल वृत्ति अहंकार और एकल वृत्ति के चलते पहले गांव दूर हुए, जाति-बिरादरी दूर हुई, समाज दूर हो गया, कुटुम्ब दूर हो गए। इन सबके बाद भाई बंधु से भाई बंद तक आ गए हैं। ऐसा भी देखने में आता है कि कहीं-कहीं भाई-बंधु भी बिना वजह अपनी चौधराहट दिखाने लग जाते हैं जो कि इस जमाने में होना नहीं चाहिए। अब तो सब कुछ पैसों से होने लग गया है। अगर किसी के पास पैसे नहीं है तो वह कुछ भी व्यवस्था नहीं कर पाता है। शादियों में जहां देखो वहीं मजदूर काम करते दिखाई देंगे। कुछ बहन-बेटियों को छोड़ दें, तो तमाम रिश्तेदार और मित्र मंडली के लोग कार्ड में भोजन का समय देखते हैं और बनठन कर उसी समय पहुंचते हैं जब भोजन शुरू हो चुका होता है। नमस्कार, हाय-हलौ हुआ, खाए-पिए, लिफाफा पकड़ाया और खिसक लिए। अब तो रिश्ते-नाते बुलावे-चुलावे सब कुछ ऑन लाइन हो गया है। जिसको आना है आओ, नहीं आना हो, नहीं आओ, क्योंकि अब तो उच्चारण में भी भाई बंधु नहीं भाई बंद है।

shivdayalmishra@gmail.com

## देश में पहली बार स्टील कचरे से बनी सड़क, दौड़ रहे भारी वाहन

**सूरत @ जागरूक जनता।** गुजरात में देश की पहली स्टील कचरे से बनकर सड़क तैयार है। इस सड़क पर भारी भरकम वाहन भी दौड़ रहे हैं। इस सड़क का निर्माण नीति आयोग इस्पात मंत्रालय और केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान के सहयोग से हुआ है। यह सड़क सूरत के एएनएमएस प्लांट के कचरे से बनी है। सूरत के हजीरा में शुक्रवार को नीति आयोग के सदस्य वीके सारस्वत ने इस सड़क का निरीक्षण किया। गुजरात में हजीरा पोर्ट पर एक किलोमीटर लंबी ये सड़क पहले कई टन वजन लेकर चल रहे ट्रकों के चलते बदहाल थी, लेकिन एक प्रयोग के तहत इस सड़क को पूरी तरह स्टील के कचरे से तैयार किया गया है।

### सूचना

प्रिय पाठकों, यदि आपको जागरूक जनता समाचार पत्र प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या हो रही हो तो सम्पर्क करें।

समय : प्रात 10 से सायं 5 बजे तक

9928022718, 9829329070

www.jagrukjanta.net

**नोट :** भूलवश गंतांक में अंक संख्या 15 के स्थान पर 14 का प्रकाशन हो गया था। इसे आगे क्रम से ही पढ़ा जावे। (सं.)

### गहलोत बोले- BJP-RSS में जो जहां बैठा, वहीं लूट रहा है

# हिन्दू-हिन्दू करके चुनाव जीतने से घमंड आ गया

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर/नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ मामले में केंद्र सरकार और बीजेपी-आरएसएस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा- आठ साल में देश में जो करप्शन फैला है, आप उसकी कल्पना नहीं कर सकते हैं। मुझे जो जानकारी है और मैं जो उद्योगपतियों से, व्यापारियों से सुनता हूं, आप कल्पना नहीं कर सकते इतना बड़ा करप्शन हो रहा है। उसकी तरफ ED का ध्यान नहीं जाता। इनके खुद के इतने लोग हैं, चाहे बीजेपी के हों या आरएसएस के हों, सब ने लूट मचा रखी है। खुलेआम लूट मचा रखी है। जो जहां बैठा है, वहां लूट रहा है। उसकी तरफ ध्यान नहीं जाता इन लोगों का। गहलोत मंगलवार को दिल्ली में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

गहलोत ने कहा- राहुल गांधी से श्रष्ठ रात को 12 बजे तक पूछताछ करती है। ऐसा कौनसा गुनाह कर दिया या कौनसी अरबों-खरबों की मनी लॉन्ड्रिंग हो गई? जहां अरबों-खरबों की मनी लॉन्ड्रिंग होती है, वहां तो पूछते नहीं हैं। बोले- मोदी को कहना चाहूंगा, आपको भगवान ने मौका दिया है प्रधानमंत्री बनने का। आपकी ड्यूटी है, आप देश के पीएम हैं। देश की जनता के साथ CBI, ED, इनकम टैक्स से इस तरह का व्यवहार मत करवाओ। वरना देश आपको भी नहीं बख्शेगा। यह मैं प्रधानमंत्री को सह सम्मान कहना चाहूंगा। पीएम पद का सम्मान करना हमारा फर्ज बनता है। प्रधानमंत्री हो या मुख्यमंत्री हो उसकी बात का वजन होता है।

देश में हिंसा का माहौल बन रहा सीएम ने कहा- पूरा देश इनकी हरकतों को देख रहा है। इनका घमंड चलने वाला नहीं है। देश में हिंसा का माहौल बन रहा है। महंगाई बढ़ रही है। बेरोजगारी का इश्यू है। देश समझ रहा है। हिंदू की बात करके कब तक चुनाव लड़ते रहेंगे। हिंदू-हिंदू करके बार-बार चुनाव जीत रहे हैं, इसलिए इनमें घमंड आ गया। कब तक ये हिंदू के नाम पर राजनीति करेंगे।

आठ साल में कितना करप्शन फैला है, आप कल्पना नहीं कर सकते-गहलोत



#### नेशनल हेराल्ड केस में कोई दम नहीं

गहलोत ने कहा- सबको मालूम है कि इस केस में कोई दम नहीं है। नेशनल हेराल्ड 1937 से कांग्रेस का अखबार रहा है। नोन प्रोफिट कंपनी है, कोई भी डायरेक्टर इस कंपनी से एक रुपए व्यक्तिगत काम में नहीं ले सकता। फिर कहां मनी लॉन्ड्रिंग हो गई? ED पिक्चर में आ गई। इस तरह तो पूरे देश में कई नोन प्रोफिट कंपनियां हैं। जो एनजीओ के तौर पर भी काम कर रही हैं। कल हर एनजीओ में ED घुस जाएगी। नेशनल हेराल्ड को 5000 फ्रीडम फाइटर्स के सहयोग से मोतीलाल नेहरू ने शुरू किया था। जब यह अखबार संकट में आया तो कांग्रेस ने मदद की। शेयर ट्रांसफर हुए, कांग्रेस ने मदद की वह सब रिकॉर्ड में है। 2015 में ED ने केस बंद कर दिया था, वापस से केस को खोला गया है।

## 'अग्निपथ' से भर्ती किये जायेंगे अग्निवीर-राजनाथ

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** सरकार ने तीनों सेनाओं में जवानों की भर्ती प्रक्रिया में बड़ा बदलाव करते हुए एक नयी योजना अग्निपथ के जरिये केवल चार वर्ष के लिए अग्निवीरों की भर्ती करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति में इस निर्णय को मंजूरी दी गयी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बाद में एक संवाददाता सम्मेलन में तीनों सेनाओं के प्रमुखों की मौजूदगी में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब तीनों सेनाओं में अग्निपथ योजना के तहत ही जवानों यानी अग्निवीरों की भर्ती की जायेगी। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सेनाओं को चुस्त दुरूस्त, युवा तथा जोश और उत्साह से परिपूर्ण बनाना है। इससे देश की सुरक्षा व्यवस्था तो मजबूत होगी , साथ ही इसके जरिये युवाओं को देश सेवा करने का मौका मिलेगा और उनमें देशप्रेम की भावना भी पैदा होगी।

सिंह ने कहा कि इस योजना से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढेंगे तथा चार वर्ष के बाद जब ये युवा सेना से बाहर आयेंगे तो देश को विभिन्न कौशलों से लैस युवा जनशक्ति



भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना विदेशों की योजनाओं का अध्ययन कर युवाओं को ध्यान में रखकर बहुत सोच समझकर तैयार की गयी है और इसे किसी की नकल नहीं कहा जा सकता। इसे संदेह से भी नहीं देखा जाना चाहिए। यह कयास भी नहीं लगाये जाने के लिए सेनाओं में खर्च कम करने तथा बचत के लिए सरकार यह योजना लेकर आयी है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए सरकार कितना भी खर्च करने से पीछे नहीं हटेगी।

एक सवाल के जवाब में रक्षा मंत्री ने कहा कि नये प्रमुख रक्षा अध्यक्ष यानी चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ सीडीएस की नियुक्त जल्दी ही की जायेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं।

## केंद्र 18 माह में देगी 10 लाख नई नौकरियां

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** रोजगार के अवसर बढ़ाने को लेकर लगातार बढ़ रहे दवाब के बीच केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि उसके विभिन्न विभाग डेढ़ साल में दस लाख नयी भर्तियां करेंगे। सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए कहा कि इसका ब्योरा शीघ्र ही जारी किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आज सुबह हुई बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए ठाकुर ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने सभी विभागों को 18 माह में कुल मिलाकर 10 लाख नए रोजगार देने को कहा है। इसका ब्योरा जल्द घोषित होगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- साथ रहे महिला-पुरुष का रिश्ता शादी जैसा

## लिव इन रिलेशन में जन्मा बच्चा प्रॉपर्टी में हकदार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए बिना शादी के पैदा हुए बच्चों को भी पिता की प्रॉपर्टी में हकदार माना है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अगर महिला और पुरुष लंबे समय तक साथ रहे हैं तो उसे शादी जैसा ही माना जाएगा और इस रिश्ते से पैदा हुए बच्चों को भी पिता की प्रॉपर्टी में हक मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने केरल हाईकोर्ट ने उस फैसले को रद्द किया, जिसमें कोर्ट ने एक युवक को उसके पिता की संपत्ति में इसलिए हिस्सेदार नहीं माना था, क्योंकि उसके माता-पिता की शादी नहीं हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दोनों की शादी भले ही न हुई हो, लेकिन दोनों लंबे समय तक पति-पत्नी की तरह ही साथ रहे हैं। ऐसे में अगर DNA टेस्ट में यह साबित हो जाए कि बच्चा उन दोनों का ही है, तो बच्चे का पिता की संपत्ति पर पूरा हक है।

## जागरूक खबरें

### राष्ट्रपति निर्वाचन की अधिसूचना आज होगी जारी

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** भारत निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रपति निर्वाचन की घोषणा करते हुए राष्ट्रपति चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया है। कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति निर्वाचन की अधिसूचना 15 जून को जारी की जाएगी। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 29 जून, नामांकन संवीक्षा 30 जून को व नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 2 जुलाई अधिसूचित की गई है। मतदान प्रकिया, आवश्यकता होने पर, 18 जुलाई को सम्पादित किया जाएगा। इसी तरह, आवश्यकता होने पर, मतगणना 21 जुलाई को की जाएगी।

### नेताओं के दो सीट से चुनाव लड़ने पर लगे रोक- चुनाव आयोग

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** चुनाव आयोग में नए मुख्य आयुक्त राजीव कुमार की नियुक्ति के बाद जल्द ही चुनाव से जुड़े महत्त्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आयोग ने वोटर कार्ड को आधार से लिंक करने, ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल पर बैन लगाने के साथ ही 6 प्रस्ताव केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे है। चुनाव आयोग के प्रस्तावों को मंजूरी मिल जाती है तो एक उम्मीदवार एक ही सीट से चुनाव लड़ सकेगा।

### सोनिया को ईडी का दूसरा समन, 23 को बुलाया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को 23 जून को जांच में शामिल होने को कहा है। इससे पहले सोनिया गांधी को 6 जून को ईडी के सामने पेश होना था। वह कोरोना पॉजिटिव होने के कारण जांच में शामिल नहीं हो सकी थी और अगली पेशी के लिए 3 हते का समय मांगा था






ANCHOR | 21 जून से शुरू होगी, नेपाल में राम-सीता विवाह स्थल के दर्शन कराएगी ट्रेन

# भारत गौरव ट्रेन कराएगी रामायाण यात्रा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**लखनऊ।** राम के भक्तों को रेल मंत्रालय ने अनूठी सौगात दी है। रामायण यात्रा के लिए अब श्रद्धालु नेपाल स्थित राम–सीता विवाह स्थल और राम जानकी मंदिर सहित भारत और नेपाल के कई ऐतिहासिक स्थल देख सकेंगे। रेल मंत्रालय की 18 दिन में 8000 किमी का सफर कराने की योजना है। यह ट्रेन नेपाल में भगवान राम से जुड़े स्थलों धनुषा पहाड़, बावन बीघा क्षेत्र, मां जानकी जन्मस्थली मंदिर और श्री राम विवाह स्थल आदि के दर्शन कराएगी। नेपाल में भगवान राम से जुड़े स्थलों के लिए भारत गौरव पर्यटन ट्रेन को आने की अनुमति मिल गई है। नेपाल सरकार ने आईआरसीटीसी की 'भारत गौरव ' ट्रेन को अपने देश के रामायण से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों पर आने की अनुमति दे दी है। पहली भारत गौरव पर्यटक ट्रेन नई दिल्ली से 21 जून को श्री रामायण यात्रा सर्किट के लिए रवाना होगी। ट्रेन के डिबे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे।

यात्रा आठ राज्यों उप्रा, बिहार, मप्र, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से गुजरेगी। वहीं श्री रामायण यात्रा के तहत धार्मिक यात्रा दिल्ली से शुरू होगी और अयोध्या, बसर, सीतामढ़ी होते हुए पहली बार नेपाल के जनकपुर तक जाएगी, वहां से लौटकर ट्रेन वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, नासिक, हपी, रामेश्वरम, कांचीपुरम, भद्राचलम होते हुए वापस दिल्ली लौटेगी। ट्रेन में 14 डिबे हैं, जिसमें थर्ड एसी के11 कोच सहित एक पैंट्री कार व दो लगेजयान रहेंगे। इस ट्रेन की कुल क्षमता 600 यात्रियों की है, जिसमें प्रत्येक यात्रियों को सफर करने के लिए 65,000 रुपए का टिकट खरीदना होगा।

#### रामायाण यात्रा



- नेपाल सरकार ने 'भारत गौरव' ट्रेन को आने की दी अनुमति
- यह ट्रेन 8000 किलोमीटर की दूरी 18 दिन में तय करेगी
- 14 डिबों की ट्रेन मप्र समेत आठ राज्यों से गुजरेग

# कुवैत जाएगा जयपुर का गोबर, 192 मी. टन देसी गाय के गोबर की कंटेनर से आज रवानगी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** फसलों के लिए गाय का गोबर बहुत उपयोगी है। मुस्लिम बहुल देश कुवैत के कृषि वैज्ञानिकों ने रिसर्च में यह दावा किया है। इसके बाद भारत को पहली बार देशी गाय के गोबर का ऑर्डर मिला है। 15 जून को जयपुर से 192 मीट्रिक टन देशी गाय का गोबर कुवैत भेजा जाएगा। इसके लिए कस्टम विभाग की निगरानी में टोंक रोड स्थित श्री पिंजरापोल गोशाला स्थित सनराइज ऑर्गेनिक पार्क में कंटेनर में गोबर की पैकिंग की जा रही है। इसकी पहली खेप के रूप में 15 जून को कनकपुरा स्टेशन से कंटेनर मुंबई फिर जहाज से जाएगा। देसी गाय के गोबर की यह पहचान संभव हुई है भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ के देश में चलाए जा रहे जैविक खेती मिशन की बदौलत। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि फिलहाल भारत से 192 मीट्रिक टन देशी गाय का गोबर भेजा जाएगा।



### खजूर की फसल का उत्पादन बढ़ेगा

कुवैत के कृषि वैज्ञानिकों के रिसर्च में पता चला है कि देशी गाय के गोबर का पाउडर के रूप में खजूर की फसल में इस्तेमाल करने से फल के आकार और उत्पादन में बढ़ोतरी देखी गई है। इसी के बाद कुवैत की कंपनी लैमोर ने गाय का गोबर मंगा रही है।

### विदेशों में समझा गाय के गोबर का महत्व

श्रीपिंजरापोल गोशाला के महामंत्री शिवरतन चितलांगिया, डायरेक्टर प्रशांत चतुर्वेदी ने बताया भारत में मवेशियों की संख्या तीस करोड़ है। इनसे रोज 30 लाख टन गोबर मिलता है। इसमें से तीस फीसदी को उपला बनाकर जला दिया जाता है, जबकि ब्रिटेन में गोबर गैस से हर साल सोलह लाख यूनिट बिजली का उत्पादन होता है, तो चीन में डेढ़ करोड़ परिवारों को घरेलू ऊर्जा के लिए गोबर गैस की आपूर्ति की जाती है। वहीं देश में ऐसा नहीं हो पा रहा है।

### कस्टम विभाग की निगरानी में रहा पैकिंग

**कस्टम** विभाग की निगरानी में टोंक रोड स्थित श्रीपिंजरापोल गौशाला के सनराइज ऑर्गेनिक पार्क में कंटेनर में गोबर की पैकिंग का कार्य चल रहा है। इसकी पहली खेप के रूप में 15 जून को कनकपुरा रेलवे स्टेशन से कंटेनर रवाना होंगे। गाय के गोबर के ये कंटेनर भेजने का काम 20 जून तक चलेगा. यहां से यह कंटेनर ट्रेन के जरिए गुजरात के मुन्दरा बंदरगाह पर जाएंगे और वहां से जहाज से कुवैत के लिए रवाना होंगे। कई देशों ने देशी गाय के गोबर पर रिसर्च के बाद पाया है कि इससे न केवल फसल के उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। बल्कि इससे पैदा हुए उत्पादों के मानव जीवन में उपयोग करने से गंभीर बीमारियों से भी निजात मिलती है।

### देसी गाय के गोबर का निर्यात गाय का गोबर बेहद उपयोगी

कुवैत के कृषि वैज्ञानिकों ने गहन रिसर्च के बाद पाया है कि फसलों के लिए गाय का गोबर बेहद उपयोगी है। गाय के गोबर के इस्तेमाल से न केवल फसल उत्पादन में बढ़ोतरी हुई. बल्कि इन जैविक उत्पादों के उपयोग से स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण असर देखने को मिला है। उन्होंने पाया कि उनकी फसलों में पेस्टीसाइड का असर भारतीय देसी गाय के गोबर से ही दूर किया जा सकता है। रिसर्च में सामने आया कि देसी गाय के गोबर का पाउडर के रूप में खजूर की फसल में उपयोग करने से फल के आकार में वृद्धि के साथ साथ उत्पादन में भी आशानुरूप बढ़ोतरी देखी गई। भारत में मवेशियों की संख्या करीब 30 करोड़: सनराइज ऑर्गेनिक पार्क के डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि भारत में मवेशियों की संख्या करीब तीस करोड़ है। इनसे रोज करीब 30 लाख टन गोबर मिलता है. इसमें से तीस फीसदी को उपला बनाकर जला दिया जाता है। जबकि ब्रिटेन में गोबर गैस से हर साल सोलह लाख यूनिट बिजली का उत्पादन होता है, तो चीन में डेढ़ करोड़ परिवारों को घरेलू ऊर्जा के लिए गोबर गैस की आपूर्ति की जाती है। राष्ट्रीय कृषि आयोग की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि गोबर को चूल्हे में नहीं जलाया जाना चाहिए।

एफएसएसएआइ ने दिया सर्टिफिकेट

# मोतीडूंगरी गणेश मंदिर का प्रसाद हाइजीनिक

**जयपुर।** मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के प्रसाद को फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सर्टिफिकेट दिया हैं। एफएसएसएआइ ने मंदिर के प्रसाद को ब्लिसफुल हाइजीनिक ऑफरिंग टू गॉड श्रेणी का सर्टिफिकेट दिया हैं। मंदिर के प्रसाद बनाने और प्रसाद चढ़ाने की प्रक्रिया के आधार पर यह प्रमाण पत्र दिया गया है। प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय के लिए एफएसएसएआइ से तीसरी बार सराहना मिली है। मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के प्रसाद को विशिष्ट गुणवत्ता, स्वाद, शुद्धता, हाइजीन आदि मानकों पर खरा उतरने के बाद एफएसएसएआइ से यह सम्मान मिला है। अभी तक अंकलेश्वर, महाकालेश्वर समेत देश के चुनिंदा करीब 10 मंदिरों के प्रसाद को यह प्रमाण पत्र मिला है।

### विद्यालयों को मिला इट राइट स्कूल सर्टिफिकेट

**इससे** पहले फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता, पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान के 37 आवासीय विद्यालयों को इट राइट स्कूल सर्टिफिकेट दिया था। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान ने दावा किया है देश के सभी राज्यों में पहली बार राजस्थान के इतने विद्यालयों को यह सर्टिफिकेट मिला है।आवासीय विद्यालयों में रहने वाले विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता, हाइजीनिक और पौष्टिक खाना उपलब्ध करवाने के



लिए यह सर्टिफिकेट दिया था। वहीं इससे पहले एफएसएसएआइ के निर्धारित मानकों को पूरा करने पर जयपुर के मसाला चौक एवं मानसरोवर चौपाटी को क्लीन स्ट्रीट फूड हब का सर्टिफिकेट दिया। गत दिनों में एफएसएसएआइ से मिले प्रमाण पत्रों में प्रदेश के लिए यह तीसरी सफतला है। शुद्धता मानकों को पूरा करने के लिए यह दिया जाता है।

### पांच दिवसीय 'हैण्डलूम प्रदर्शनी-कम सेल' का शुभारंभ आज

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान स्टेट हैण्डलूम डवलपमेंट कॉर्पोरेशन (आरएचडीसी) की ओर से चौमूं हाउस स्थित कार्यालय में पांच दिवसीय हैण्डलूम प्रदर्शनी-कम सेल का 15 जून को दोपहर 12.30 बजे शुभारंभ होगा। इसमें प्रदेश के नेशनल अवार्डी, उत्कृष्ट बुनकरों तथा दस्तकारों के वस्त्र एवं परिधानों का शोकेस किया जाएगा। प्रदर्शनी में उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जाएगी। आरएचडीसी सीएमडी नेहा गिरि ने बताया कि पोस्ट कोविड महामारी की समस्याओं से जूझ रहे राज्य के हाथकरधा एवं हस्तशिल्प वस्त्र उद्योग को समुचित विपणन प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 15 से 19 जून तक हैण्डलूम प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। दैनिक प्रदर्शनी सुबह 11 से सायं 8 बजे तक चलेगी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में उत्पादों के शोकेस व बिक्री की व्यवस्था भी होगी। प्रदर्शनी में डिजाईनर कोटा डोरिया, जरी की साड़ियां, हैंड ब्लॉक प्रिंटेड साड़ियां, कॉटन ड्रेस मेटेरियल, बेड शीट्स, कलात्मक दोहर, दरियां, कुर्ते, प्लाजो व शर्ट आदि प्रदर्शित व बिक्री की जाएगी।

अडानी रिन्यूएबल एनर्जी जैसलमेर में लगाएगी 1000 मेगावाट सोलर प्लांट

# जयपुर में राजीव गांधी सेंटर बनेगा एडवांस्ड टेक्नोलॉजी फिनिशिंग स्कूल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य सरकार ने जयपुर में राजीव गांधी सेंटर ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी के रूप में फिनिशिंग स्कूल बनाने का फैसला किया है। इसमें वर्ल्ड क्लास कम्पनियां आईटी इन्नोवेशंस की ट्रेनिंग भी देंगी। साथ ही कैबिनेट ने अडानी रिन्यूएबल एनर्जी कम्पनी को जैसलमेर में 1000 मेगावाट सोलर पावर प्रोजेक्ट के लिए 2397 हेक्टेयर सरकारी जमीन कीमत लेकर अलॉट करने का भी बड़ा निर्णय लिया है। सरकार ने 'राजस्थान राज्य कर्मचारी GPF नियम, 2021' में संशोधन करने का फैसला भी लिया है। 1 जनवरी 2004 और उसके बाद नियुक्त राज्य कर्मचारियों पर नए प्रोविजन लागू होंगे। ऐसे कर्मचारी तय जीपीएफ कटौती करवाकर पहले से नियुक्त कर्मचारियों के समान ही जीपीएफ के दायरे में आ जाएंगे। गहलोत कैबिनेट ने नाथद्वारा में मेडि-टूरिज्म वेलनेस सेंटर बनाने, भरतपुर में भूतपूर्व CM पहाड़िया के नाम पर मेडिकल कॉलेज और स्कूल, राजस्थान इथेनॉल प्रोडक्शन प्रमोशन पॉलिसी में संशोधन करने और नेत्र सहायक कैडर में प्रमोशन के मौके बढ़ाकर 3 नई पोस्ट क्रिएट करने का भी फैसला लिया है।




### नाथद्वारा में मेडि-टूरिज्म वेलनेस सेंटर बनेगा

**प्रदेश** में मेडि-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए नाथद्वारा में वेलनेस सेंटर चलाया जाएगा। सामाजिक संस्था के जरिए सेंटर चलेगा। कैबिनेट ने 2022 की बजट घोषणा की पालना में यह फैसला लिया है। सेंटर में प्राकृतिक, योग, आयुर्वेद की क्वालिटी मेडिकल फैसिलिटी उपलब्ध कराने के लिए अनुभवी सामाजिक संस्था के माध्यम से जिला स्तर की सोसाइटी के अंडर में पायलट बेसिस पर सेंटर चलेगा। इसमें गायत्री परिवार ट्रस्ट, राजसमंद और उनकी ओर से गठित एस.पी.वी अर्बुदारण्य आरोग्य संस्थान नाथद्वारा को बिल्ली की भागल में आयुर्वेद विभाग को अलॉट लैंड पर सेंटर चलाने का फैसला लिया गया है। इसी तर्ज पर राज्य के दूसरे पर्यटन और धार्मिक तौर पर महत्वपूर्ण स्थलों के पास भी ऐसे सेंटर चलाने कके निर्देश आयुर्वेद विभाग को दिए गए हैं।

एनआरआई स्काय पार्क को रेरा में चुनौती

# सोसायटी राज आंगन ने प्रोजेक्ट को फैसेलिटी एरिया की जमीन पर बताया, बोर्ड अधिकारी बोले- लैंडयूज कॉमर्शियल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के सबसे महंगे प्रोजेक्ट एनआरआई स्काय पार्क स्कीम का विरोध शुरू हो गया है। ये विरोध इस जमीन से लगती एनआरआई कॉलोनी के ही लोगों ने किया है। लोगों ने इस प्रोजेक्ट को एनआरआई कॉलोनी की सुविधा क्षेत्र (फैसेलिटी एरिया) की जमीन पर बताते हुए इस रियल एस्टेट रेगुलेटरी ऑथोरिटी (रेरा) में इसको लेकर आपत्ति भी दर्ज करवाई है। वहीं, हाउसिंग बोर्ड प्रशासन ने इस जमीन का लैण्डयूज कॉमर्शियल बताया है। राजआंगन सोसायटी के अध्यक्ष शशि भार्गव और महासचिव संजय हरपावत ने बताया कि जिस जमीन पर ये प्रोजेक्ट बनाया जा रहा है वह सुविधा क्षेत्र की है। इस जमीन पर फैसेलिटी एरिया डवलप करके हाउसिंग बोर्ड को राजआंगन सोसायटी के सुपुर्द करना था, लेकिन सुविधाएं विकसित करने के बजाए यहां अब बोर्ड प्रशासन फ्लैट्स की स्कीम लाकर अपने वादे से मुकर रहा है। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले ही नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने हाउसिंग बोर्ड की इस स्कीम को लांच किया था। इस योजना में 3 अलग-अलग साइज में 168 मल्टीस्टोरी फ्लैट्स बनाए जाएंगे, जिनकी कीमत 1.23 करोड़ रुपए से 2.60 करोड़ रुपए रखी गई है। कुम्भा मार्ग सेक्टर 24 में बनाई जा रही ये स्कीम एनआरआई कॉलोनी लगती 16235 वर्गमीटर जमीन पर बनाया जाना प्रस्तावित है।

### रेरा में जताई आपत्ति

इधर सोसायटी ने रेरा ऑथोरिटी में भी इस प्रोजेक्ट को लेकर आपत्ति जताई है। साथ ही समाचार पत्रों में आम सूचना प्रकाशित करके उन लोगों को सचेत किया है, जो इस योजना में फ्लैट लेने के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

### भूमि का भू-उपयोग कॉमर्शियल

हाउसिंग बोर्ड के चीफ इंजीनीयर के.सी. मीणा के मुताबिक मास्टर प्लान में इस जमीन का लैण्डयूज कॉमर्शियल है। हमने पहले भी इस जमीन को 2 बार नीलाम करने की कोशिश की थी, लेकिन तब इसे किसी ने खरीदा नहीं था। इसलिए अब बोर्ड इस पर आवासीय लग्जरी फ्लैट्स बनाकर बेच रहा है।

# यतेंद्र चौहान अध्यक्ष निर्वाचित



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित जेपी कॉलोनी में संपन्न हुए चुनाव में यतेंद्र चौहान अध्यक्ष निर्वाचित हुए। लीलाधारी हनुमान जेपी कॉलोनी विकास समिति के चुनाव में यतेंद्र चौहान अध्यक्ष, विक्रम सिंह सचिव एवं सत्यनारायण पारीक कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद पर विजयी हुए यतेंद्र चौहान को 185 मत मिले जबकि प्रतिद्वंदी रामचंद्र कुमावत को 122 मत मिले। सचिव पद पर विजयी प्रत्याशी विक्रम सिंह को 181 मत मिले वहीं प्रतिद्वंदी गिरीश गुप्ता को 129 मत मिले। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद पर विजयी प्रत्याशी सत्यनारायण पारीक को 167 मत मिले जबकि प्रतिद्वंदी प्रवीण गौड़ को 143 मत मिले।

ग्रीष्मकालीन बाल अभिरूचि शिविर

# सुनीता मीना ने बढ़ाया बच्चों का हौंसला



**जयपुर @ जागरूक जनता।** पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन बाल अभिरूचि शिविर के 14वें दिन मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुनीता मीना ने शिविर का अवलोकन कर बच्चों का हौंसला बढ़ाया। उन्होनें निर्भया स्क्वाड प्रशिक्षणार्थी आत्मरक्षा की लाईव परफोरमेंस देखी। क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने मुख्य अतिथि एडिशनल डीसीपी का अभिनन्दन किया। शिविर का समापन समारोह 15 जून को प्रातः 10 बजे प्रेस क्लब सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव रघुवीर जांगिड़, उपाध्यक्ष गिरिराज गुर्जर, शिविर संयोजक अनिता शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य राहुल भारद्वाज, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत ने मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुनीता मीना को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

ANCHOR जयपुर एलिवेटेड रोड पर लोड टेस्ट शुरू

# 150 टन की कैपेसिटी वाले रोड पर 232 टन के 8 ट्रक खड़े किए

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर की सबसे बड़ी एलीवेटेड रोड पर लोड टेस्ट का काम शुरू हो गया। 22 गोदाम सर्किल के पास 8 मिट्टी से भरे डम्परों को खड़ा करके इस एलीवेटेड रोड की मजबूती की परख करना शुरू कर दिया। जिसमें अधिकतम 250 टन तक का लोड बढ़ाया जाएगा।

जयपुर जेडीए के एक्सईएन विवेक शर्मा ने बताया कि इस एलीवेटेड रोड को करीब 150 टन की कैपेसिटी के हिसाब से डिजाइन किया गया है और इस पर हमने अभी डेढ़ गुना यानी 232 टन का लोड टेस्ट करना शुरू कर दिया है। इसके लिए 28-28 टन वजन वाले 8 ट्रेलर 2 स्पान के बीच खड़े किए गए है। एमएनआईटी के इंजीनीयरों की टीम भी इस लोड टेस्ट की मॉनिटरिंग कर रही है।



### अजमेर रोड एलीवेटेड से इस महीने के अंत तक हो जाएगी कनेक्ट

अम्बेडकर सर्किल से शुरू होकर सोडाला तिराहे तक बन रही इस एलीवेटड रोड पर का एक हिस्सा अजमेर रोड एलीवेटेड रोड से कनेक्ट किया जाएगा। इसका काम अभी चल रहा है और जून अंत तक पूरा हो जाएगा। जुलाई में इस एलीवेटड रोड के दूसरे हिस्से पर लोड टेस्ट करवाया जाएगा। चम्बल पॉवर हाउस, राममंदिर सर्किल, रेलवे ट्रेक के ऊपर समेत कई जगह लोड टेस्ट करने के बाद इसे ट्रेफिक के लिए खोला जाएगा। इसके अलावा अभी रेलवे लाइन के पास एक आखिरी स्पान की कनेक्टिविटी का काम भी बचा है।

### 10 मिनट में पूरा होगा अम्बेडकर सर्किल से सोडाला सब्जी मंडी तक का सफर

इस एलिवेटेड रोड के बनने से जयपुर में 22 गोदाम, हवा सड़क, सोडला तिराहा पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलेगी। अभी अम्बेडकर सर्किल से 22 गोदाम सर्किल, हवासड़क होते हुए सोडाला सब्जी मंडी पहुंचने में करीब 20 से 25 मिनट का समय लगता है। इस एलिवेटड के बनने के बाद महज 10 मिनट में यह सफर पूरा हो जाएगा।


जेडीए का पहला ट्रायल रन जल्द

*8 जून के अंक में प्रकाशित*

### प्रोजेक्ट की डिटेल

**एलिवेटेड रोड की लम्बाई :** अम्बेडकर सर्किल से सोडाला तिराहे तक (2.8 किलोमीटर), हवासड़क चम्बल पावर हाउस से अम्बेडकर सर्किल से पहले (1.8 किलोमीटर)
**लागत :** 170 करोड़ रुपए
**पिल्लर बनाए :** 112
**काम शुरू हुआ :** अगस्त 2016
**काम पूरा होगा :** जून 2022



**शिक्षा विभाग बना रहा ट्रांसफर पॉलिसी की गाइडलाइन**

# फिर लगेंगे राजधानी में कैंप ग्रेड थर्ड के तबादलों पर संकट

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** टीचर्स ट्रांसफर के लिए हर बार की तरह इस बार भी जयपुर में कैंप लगेंगे। ट्रांसफर पॉलिसी नहीं बनने के कारण जनरल गाइडलाइन तय की जा रही है, जिसके आधार पर हजारों की संख्या में टीचर्स को इधर से उधर करने की कवायद होगी। ट्रांसफर का सबसे बड़ा आधार क्षेत्र के कांग्रेस या फिर सरकार समर्थक विधायक की डिजायर होगी। सब कुछ सही रहा तो बीस जून से पहले जयपुर में ये कैंप शुरू हो जाएगा। बार बार घोषणा के बाद भी शिक्षा विभाग ट्रांसफर पॉलिसी तैयार नहीं हो पाई है, ऐसे में मार्गदर्शन जारी किए जाएंगे। ट्रांसफर का आधार इन्हीं निर्देशों को बनाया जाएगा, हालांकि कोई तय नीति नहीं होने के कारण सरकार के निर्देश पर इनसे हटकर भी ट्रांसफर हो सकते हैं। ग्रेड थर्ड टीचर्स के ट्रांसफर को लेकर अब तक संशय बना हुआ है। दरअसल, ग्रेड थर्ड के ट्रांसफर शुरू करते ही प्रदेशभर के विधायकों की नाराजगी सरकार को मोल लेनी पड़ सकती है। वहीं हर बार की तरह इस बार भी लेक्चरर, प्रिंसिपल के ट्रांसफर पहली खेप में होंगे। किसी भी स्थिति में 25 जून से पहले कोई बड़ी लिस्ट जारी नहीं होगी। वहीं बड़ी सिफारिश वाले टीचर्स की इक्का दुक्का लिस्ट आ सकती है।

### ये हो सकते हैं सामान्य निर्देश

- कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित को शहरी क्षेत्र में ट्रांसफर दिया जाएगा।
- एक महिला या विधवा-परित्यक्ता को शहर में ट्रांसफर दिया जा सकता है।
- एक समय सीमा तय की जाएगी, उतने वर्ष की ग्रामीण सेवा होने पर ट्रांसफर किया जा सकता है।
- प्रतिबंधित जिलों से बाहर किसी का ट्रांसफर नहीं होगा।
- प्रतिबंधित जिलों से बाहर ट्रांसफर के लिए अलग से नियम हो सकते हैं।
- किसी भी महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बिना इंटरव्यू ट्रांसफर नहीं होंगे।
- सिर्फ रिक्त पदों पर ही ट्रांसफर हो सकते हैं। अन्यथा वाइस वरसा करते हुए एक-दूसरे की जगह भेजा जा सकता है।
- लंबे समय से शहर में जमे टीचर्स को गांव की नौकरी करनी पड़ सकती है।

### जयपुर में यहां लग सकते हैं कैंप

ट्रांसफर के लिए इस बार भी जयपुर में राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मंडल परिसर में ट्रांसफर कैंप लग सकते हैं। हालांकि ये जगह अब सभी टीचर्स की नजर में होने के कारण ट्रांसफर कैंप की जगह बदलने की कवायद भी उच्च स्तर पर चल रही है। बीस जून से पहले शिक्षा निदेशालय के सेक्शन से कार्मिकों को जयपुर के लिए रवाना किया जा सकता है। फिलहाल इस संबंध में कोई निर्देश कार्मिकों को नहीं दिए गए हैं।

### नए सेशन से पहले आदेश

विभाग का प्रयास है कि एक जुलाई से शुरू हो रहे स्कूल्स के नए सेशन से पहले ट्रांसफर ऑर्डर जारी हो जाएं ताकि स्कूल खुलने तक संबंधित टीचर्स नई जगह पहुंच जाएं। हालांकि ये भी तय है कि जुलाई में भी ट्रांसफर होते रहेंगे। ऐसे में सरकारी स्कूलों में पहला महीना तबादलों की भेंट चढ़ना तय है।

### डोटासरा की तरह पर्सनल टीम

शिक्षा मंत्री रहते हुए जिस तरह गोविन्द डोटासरा की पर्सनल टीम ने ट्रांसफर पर पूरी नजर रखी थी, उसी तरह डॉ. बी.डी. कल्ला की पर्सनल टीम भी ट्रांसफर प्रोसेस में शामिल रहेगी। ये टीम अभी ट्रांसफर के मार्गदर्शन तैयार करने में जुटी हुई है।

**4 सूत्री मांगों को लेकर कर रहे थे प्रदर्शन**

# जयपुर में पुलिस और बेरोजगारों में हुई झड़प

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को शहीद स्मारक से प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय जनसुनवाई में जा रहे बेरोजगारों पर पुलिस के बीच झड़प हो गई। जिसके बाद बेरोजगारों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इससे नाराज बेरोजगारों ने सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव ने बताया कि पिछले 24 घंटे से 4 सूत्री मांगों को लेकर हमारा धरना जारी था। हम शांतिप्रिय तरीके से कांग्रेस की जनसुनवाई में जाकर अपनी मांग रखना चाहते थे। लेकिन पुलिस ने लाठीचार्ज कर हमें खदेड़ दिया। जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा बेरोजगारों को चोट आई है। कुछ लोगों के मोबाइल फोन तक टूट गए। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस सरकार को हटाने तक प्रदेशभर के बेरोजगारों का विरोध जारी रहेगा। उपेन ने कहा कि 3 महीने से ज्यादा का वक्त बीत गया है लेकिन आज तक लखनऊ समझौते की सारी शर्तें पूरी नहीं हुई है। वहीं बजट घोषणा के बावजूद लंबित भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं की जा रही, ना ही पदों की संख्या को बढ़ाया जा रहा है। ऐसे में अब जब तक सरकार हमारी सभी मांगों को पूरी नहीं कर देती है। हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

### बेरोजगारों की प्रमुख मांग

- टेक्निकल हेल्पर भर्ती में पद बढाकर 6000 किये जाए।
- पंचायतीराज विभाग JEN भर्ती की विज्ञप्ति जल्द से जल्द जारी करें।
- जूनियर अकाउंटेंट भर्ती को CET से बाहर किया जाए।

**जयपुर-दिल्ली की लग्जरी बस किराए में 200 रुपए की बढ़ोत्तरी**

# वॉल्वो बसों में 1 जुलाई से 900 रुपए लगेंगे



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर से दिल्ली का लग्जरी सफर अब 30 फीसदी महंगा हो गया है। राजस्थान रोडवेज ने सुपर लग्जरी वॉल्वो बस के किराये में 200 रुपए बढ़ा दिए हैं। ये किराया जयपुर-दिल्ली के बीच चलने वाली ऐसी डबल डेकर ट्रेन से 400 रुपए ज्यादा है। रोडवेज का ये बढ़ा हुआ किराया 1 जुलाई से लागू होगा। दरअसल रोडवेज प्रशासन ने कोविड के समय यात्रीभार कम होता देख जयपुर-दिल्ली रूट पर वॉल्वो बस का किराया 200 रुपए कम कर दिया था। अब डीजल और अन्य खर्चे बढ़ने का हवाला देते हुए रोडवेज ने इस छूट को खत्म करते हुए वापस 900 रुपए लेने का निर्णय किया है। दरअसल, जयपुर से दिल्ली के लिए हर रोज 13 से ज्यादा बसों का संचालन होता है।

### 18 रुपए महंगा हो गया डीजल

रोडवेज अधिकारियों ने बताया कि पिछले 3-4 महीने से डीजल की कीमतों में इजाफा होने के बाद रोडवेज की संचालन कॉस्ट दिल्ली रूट पर ज्यादा आने लगी। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में डीजल करीब 18 रुपए महंगा हो गया है, जिसके कारण इस रूट पर चलने वाली वॉल्वो बसों में प्रति किलोमीटर कॉस्ट 6 रुपए तक बढ़ गई है। बस में यात्री फुल होने के बाद भी रोडवेज को बहुत ज्यादा घाटा हो रहा था, जिसे देखते हुए इस छूट को वापस लेने का फैसला किया है।

### 1 से शुरू होगी पानी की सुविधा

रोडवेज की तरफ से एक जुलाई से रोडवेज की वोल्वो बसों में पीने के पानी की बोतल देने की भी सुविधा शुरू करेगा। कोविड के बाद से रोडवेज ने बसों में पानी की सुविधा देने की प्रक्रिया को बंद कर दिया था।

### डबल डेकर से 80% ज्यादा किराया

जयपुर-दिल्ली के लिए अब अपडाउन के लिहाज से रेलवे डबल डेकर ट्रेन चला रहा है। इस एसी ट्रेन में चेयरकार का किराया 500 रुपए है। ऐसे में अब रोडवेज का किराया बढ़ने पर रेलवे को इसका फायदा होगा। क्योंकि रोडवेज का किराया बढ़न के बाद डबल डेकर से यात्रा करने वालों की संख्या बढ़ जाएगी।

**महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट में डिप्लोमा कोर्स जुलाई से होगा शुरू, 4 सब्जेक्ट होंगे शामिल**

# राजस्थान में महात्मा गांधी के विचारों की होगी पढ़ाई

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** महात्मा गांधी इंस्टीट्यट ऑफ गवर्नेंस एण्ड सोशल साईंसेज (एमजीआईजीएसएस) ने जुलाई से महात्मा गांधी के विभिन्न विचारधाराओं से जुड़े विषय पर एक डिप्लोमा कोर्स शुरू करने जा रहा है। वर्तमान युवा पीढ़ी को महात्मा गांधी के विचार और उनके मूल्यों से जोड़े रखने के उदेश्य से ये कोर्स शुरू किया जा रहा है। जयपुर में सेंट्रल पार्क स्थित लक्ष्मी विलास होटल की जमीन पर बनाए जा रहे इस इंस्टीट्यट का काम जेडीए करवा रहा है। संस्था के निदेशक बी.एम. शर्मा ने बताया कि जुलाई से पाठ्यक्रम की शुरूआत होगी। इसमें शुरू में महात्मा गांधी के विचार दर्शन, शांति एवं अहिंसा, विकेन्द्रीकरण, महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर डिप्लोमा कोर्सेज करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस इंस्टीट्यूट का उदेश्य गांधी, गवर्नेंस और सामाजिक कार्य जैसे विषयों पर एक उच्च स्तरीय, शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान और प्रसार कार्यक्रम का संपादन करना है। आपको बता दें कि इससे पहले एमजीआईजीएसएस और शांति एवं अहिंसा निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में राज्य में साल 2005 में बनी गांधी दर्शन समितियों के संभाग स्तर के संयोजकों और सहसंयोजकों को गांधी दर्शन में ओरियण्ट करने के लिए देश के जाने-माने गांधीवादी एवं गांधी शांति प्रतिष्ठान नई दिल्ली के अध्यक्ष कुमार प्रशांत के निर्देशन में एक प्रशिक्षण भी करवाया गया था।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम 16 जून को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम 16 जून (गुरुवार) को अपराह्न 3:00 बजे से सांय 6:00 बजे तक जिला परिषद के सभागार में आयोजित किया जाएगा। जिला कलक्टर राजन विशाल ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के सांसद, विधायक, जिला प्रमुख एवं महापौर भाग लेंगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करेंगे।


## जागरूक खबरें

### स्व.भावेश सोलंकी की याद में AIMRA का राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान 17 को



**जयपुर @ जागरूक जनता।** ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन (ऐमरा), राजस्थान हॉस्पिटल और स्वास्थ्य ब्लड बैंक के सहयोग से 17 जून को देश भर में एक विशाल राष्ट्रव्यापी रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है। शिविर सुबह 9 बजे से 5 बजे तक राजस्थान हॉस्पिटल जेएलएन मार्ग पर होगा। जयपुर ऐमरा के प्रदेशाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जयपुर ज़ोन के सुनील मोदी और करण ने कहा कि ऐमरा का यह रक्तदान अभियान संभवतः भारत में बड़े पैमाने पर रक्तदान करने वाले प्रमुख अभियानों में से एक है।

### राजस्थान विवि के चयनित 30 छात्र फ्रांस में कर सकेंगे पढ़ाई और रोजगार



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं फ्रांस के विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ हुए स्टूडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत अब तक विश्वविद्यालय के 30 छात्रों का चयन हो चुका है, ये चयनित छात्र फ्रांस और स्पेन के प्रतिष्ठित विवि में पढ़ाई के साथ रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर रहे हैं। राजस्थान विवि की यूरोपियन भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निधि रायसिंघानी ने बताया कि इन छात्रों का मेरिट के आधार पर इंटरनेशनल स्टूडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत एक गहन प्रक्रिया के जरिए चयन हुआ है। राजस्थान विश्वविद्यालय के साथ हुए इस समझौते के तहत छात्रों को इन प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में शुल्क, आवास और भोजन की सुविधा निशुल्क रूप से उपलब्ध करवायी जा रही है। राजस्थान विश्वविद्यालय के यह चयनित छात्रों को वर्तमान में फ्रांस के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों जीन मॉलिन, लिऑन एंड एक्स मार्सेली यूनिवर्सिटी जैसी यूनिवर्सिटीज में अध्ययन करने का अवसर मिल रहा है। जैसी युनिवर्सिटियों में अध्ययन का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। राजस्थान विश्वविद्यालय के यूरोपियन भाषा विभाग में वर्तमान में 400 से अधिक छात्र फ्रेंच, जर्मन और स्पेनिश जैसी विदेशी भाषाओं में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और पोस्ट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर रहे हैं। विभाग से अध्ययन कर चुके कई छात्र आज कई प्रतिष्ठित कम्पनियों के लिए चयनित हुए हैं।

**महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल**

# मानसरोवर स्कूल राज्य का पहला डिजिटल स्कूल

**एडमिशन प्रोसेस पूरी तरह से हुआ ऑनलाइन**

**घर बैठे मोबाइल या कम्प्यूटर से कर सकेगा पूरा प्रोसेस**

**स्कूल के लिए अलग से मोबाइल एप भी**

**एमएनआई स्थित विद्यार्थी दर्पण से किया स्कूलों का डिजिटलीकरण**



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मानसरोवर स्थित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रदेश का पहला डिजिटल स्कूल बन गया है। इस स्कूल में एडमिशन की प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया गया है। ऐसे में अब अभिभावकों को अपने बच्चों के एडमिशन के लिए स्कूल आने की जरूरत नहीं होगी वह अपने घर बैठे ही मोबाइल या कम्प्यूटर पर आवेदन प्रोसेस को पूरा कर सकेंगे। जानकारी के मुताबिक जयपुर के मानसरोवर में स्थापित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में इस शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए रिक्त मात्र 58 सीटें उपलब्ध थीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनु चौधरी ने बताया कि इन रिक्त सीटों के लिए प्रवेश के लिए बहुत अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। स्कूल में प्रवेश की संबंधित पूरी प्रकिया ऑनलाइन थी। उन्होंने बताया कि आवेदकों ने क्यू आर कोड और स्कूल वेबसाइट पर जाकर एडमिशन के लिए आवेदन किया और स्कूल से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त की।

### स्कूल के लिए अलग से मोबाइल एप भी

मानसरोवर के इस स्कूल के लिए मोबाइल एप भी बनी हुई है जिसको विद्यार्थी दर्पण की तरफ से उपलब्ध कराया गया है। इस मोबाइल एप को छात्र और अभिभावक पिछले सत्र से ही उपयोग में ले रहे हैं। इस मोबाइल एप के माध्यम से ही कोविड काल में ऑनलाइन क्लास, ऑनलाइन एग्जाम और अन्य जरूरी प्रकिया पूरी हुई है। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस मोबाइल एप में छात्र एवं उसकी कक्षा से जुड़ी हुए सभी जानकारी उपलब्ध कराई गई हैं। इस एप के माध्यम से छात्रों को स्कूल में होने वाले सभी कार्यर मों की अपडेट और जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है। एमएनआईटी स्थित विद्यार्थी दर्पण के माध्यम से सरकारी स्कूलों का डिजीटलीकरण संभव हो पाया है।

### लोगों में स्कूल में प्रवेश के लिए जबरदस्त रुझान





JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management

MSGJET
SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com


**सरकारी नौकरियों में आरक्षण**

# आंदोलनकारियों ने नेशनल हाईवे पर टेंट गाड़े

**इंटरनेट बंद : आरक्षण मांगने वालों पर भड़के मंत्री, बोले-अब तक हम चुप बैठे हैं**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर/ भरतपुर।** सरकारी नौकरियों में आरक्षण की मांग कर रहे माली सहित कई समाजों के लोगों ने नेशनल हाईवे-21 को तीसरे दिन भी बंद रखा। इससे जयपुर-आगरा सड़क पर लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, आंदोलनकारियों से वार्ता के लिए सरकार की ओर से अधिकृत पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह नाराज दिखे।

उनका कहना है कि कोई भी वार्ताकार उनसे बात करने नहीं पहुंचा, जबकि वे संभागीय आयुक्त के साथ उनका दिनभर इंतजार करते रहे। वहीं, प्रशासन ने कई क्षेत्रों जारी नेटबंदी को 24 घंटे के लिए बढ़ा दिया है। उधर, आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक मुरारी लाल कुशवाह का कहना है कि सरकार की तरफ से वार्ता का न्योता ही नहीं मिला, कमेटी के 10 लोगों के नाम की लिस्ट दे चुके हैं। वे बोले कि हमारे युवाओं को नौकरी से बर्खास्त करने की धमकियां दी जा रही हैं। सरकार बात करने के लिए तैयार न हुई तो पूरे राजस्थान में चक्का जाम का ऐलान कर देंगे।

दरअसल भरतपुर के अरौदा गांव से निकल रहे नेशनल हाईवे-21 पर माली, सैनी, कुशवाहा शाक्य, मौर्य समाज का जाम कर रखा है। बुधवार को हाईवे पर टेंट लगाकर सैकड़ों की संख्या लोग यहां बैठे रहे। नेशनल हाईवे 21 ब्लॉक करने को लेकर प्रशासन की तरफ से लखनपुर थाने में 60 आंदोलनकारियों व 15 सौ अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। स्थिति को देखते हुए संभागीय आयुक्त सांवर मल वर्मा ने भरतपुर की चार तहसीलों में इंटरनेट बंदी को अगले 24 घंटों के लिए बढ़ा दिया है।

### नेटबंदी आज सुबह तक के लिए बढ़ी

भरतपुर की नदबई ,वैर, भुसावर और उच्चैन तहसीलों में 13 जून को इंटरनेट सेवा बंद की थी, जिसे 14 जून से बढ़ाकर 15 जून कर दिया गया है। अब बुधवार सुबह 11 बजे तक इन चार तहसीलों में नेटबंदी रहेगी। समाज की तरफ से 31 मेंबर की कमेटी बनाई गई है, लेकिन वार्ता के लिए कोई नहीं पहुंचा है। सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने वार्ता के लिए न्योता भी भेजा है, लेकिन उसके बाद भी वार्ता के लिए कोई प्रतिनिधि नहीं पहुंचा।

### मंत्री बोले-ताली दो हाथों से बजती है

**वार्ता** के लिए अधिकृत मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि ताली दो हाथों से बजती है, लेकिन आज ताली एक हाथ से बजाने की कोशिश हो रही है। सरकार ने अपनी तरफ से पूरे प्रयास कर लिए, पहले समाज के लोगों का कहना था कि सिंह वार्ता के लिए ऑथराइज नहीं हैं, अब मेरी और संभागीय आयुक्त की ऑथराइजेशन भी आ गई है।

**सीखने की बात**

अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...

- अज्ञात

# बढ़ता गुस्सा

संसार में क्रोध भी शोध का विषय है। ताजा शोध में पता चला है कि दुनिया में लगभग 90 प्रतिशत आक्रामक घटनाओं के लिए क्रोध ही जिम्मेदार होता है। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन क्रोध को एक नकारात्मक भावना की स्थिति के रूप में परिभाषित करता है, जो आमतौर पर शत्रुतापूर्ण विचारों, शारीरिक उत्तेजना और दुर्भावनापूर्ण व्यवहार से जुड़ी होती है। शोधकर्ताओं ने यह भी बताया है कि क्रोध एक माध्यम है, कंबल की तरह है, जिसके नीचे कुछ न कुछ छिपा होता है। इसलिए शोधकर्ता क्रोध को कंबल-भावना भी कहते हैं। साइकोलॉजी टुडे में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, क्रोध के कंबल के नीचे देखना-समझना-सीखना हमारे जीवन में लोगों के साथ हमारे संबंधों को गहरा कर सकता है। हमें अधिक दयालु बना सकता है, हमारे शब्दों या वचन को ज्यादा प्रामाणिक बना सकता है। अक्सर जब हम किसी कारणवश निराश या हताश होते हैं, तो क्रोध का इस्तेमाल करते हैं। मतलब, अगर लोगों की निराशा या हताशा का समाधान किया जाए, तो क्रोध से बचा जा सकता है। क्रोध से बचकर हम आक्रामक या नुकसानदायक घटनाओं से बच सकते हैं। इससे हमारा तन, मन, धन और समय भी बच सकता है। आज क्रोध व्यापक है। वह हर तरफ वार करता है। जब ज्यादा क्रोध प्रकट होता है, तो हम शारीरिक लक्षणों का अनुभव करते हैं, जैसे मांसपेशियों में तनाव, पेट में जकड़न और अचानक तेज धड़कन इत्यादि। वास्तव में क्रोध ज्यादातर समय अच्छा नहीं होता है। शोधकर्ता इसे नकारात्मक भावना ही मानते हैं, जैसे ईर्ष्या, घृणा और उदासी है। हम अपने अनुभव से भी समझ सकते हैं कि क्रोध विस्फोटक, हिंसक और विनाशकारी हो सकता है। चीन की एक कहावत प्रसिद्ध है कि यदि आप क्रोध के समय एक पल के लिए भी धैर्य रखते हैं, तो आप सौ दिनों के दुख से बच जाते हैं। शोधकर्ता मानते हैं कि क्रोध एक आसान प्रक्रिया है, इसलिए अक्सर लोग अपनी बात मनवाने के लिए इसका सहारा लेते हैं। दुनिया में धैर्यपूर्वक व्यवहार करना शुरू से ही मुश्किल रहा है। मनोवैज्ञानिक 100 से अधिक वर्षों से अध्ययन कर रहे हैं कि क्रोध किस तरह शरीर में जहर की तरह काम करता है। वैसे क्रोध भी तर्कसंगत हो सकता है। एक विकासवादी दृष्टिकोण से देखें, तो क्रोध को एक न्यूरो-संज्ञानात्मक अनुकूलन के रूप में सबसे अच्छा समझा जाता है। मतलब, जब हम कोई मदद, बदलाव या कार्रवाई चाहते हैं, तो क्रोध का इस्तेमाल करते हैं। आज हर तरफ गुस्सा बढ़ रहा है। गैलप की वार्षिक ग्लोबल इमोशन रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में दुनिया पिछले 15 वर्षों में किसी भी समय की तुलना में अधिक दुखी, क्रोधित, चिंतित और तनावग्रस्त जगह हो गई है। स्टैनफोर्ड के मनोचिकित्सा और व्यवहार विज्ञान विभाग में प्रोफेसर एमेरिटस हैंस स्टेनर बताते हैं कि महामारी ने क्रोध को बढ़ाने में योगदान दिया है। हम क्रोध के जरिये अपनी तमाम समस्याओं का समाधान फटाफट खोज लेना चाहते हैं। दुकान में मौजूद उपभोक्ताओं के गुस्से की भी पड़ताल हुई है, जरूरी नहीं कि गुस्सा दुकान में मौजूद पुराने पनीर की वजह से हो, गुस्सा पार्किंग की जगह, ट्रैफिक, इंतजार की वजह से भी हो सकता है। दरअसल, हमें समग्रता में समझना होगा कि हमें क्रोध क्यों आ रहा है और शासन-प्रशासन को भी देखना होगा कि लोगों में बढ़ता क्रोध कैसे बिना क्रोध किए या बिना क्रोध बढ़ाए कम हो सकता है।

## सम्पादकीय

# राष्ट्रपति का चुनाव

भारतीय लोकतंत्र के लिए यह किसी उत्सव से कम नहीं कि देश में राष्ट्रपति का चुनाव होने जा रहा है। सन 1950 से अगर हम देखें, तो यह राष्ट्रपति पद के लिए 17वां चुनाव होगा। राष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने तारीखों का एलान कर दिया है। 18 जुलाई को मतदान होगा और 21 जुलाई को देश के नए राष्ट्रपति के नाम का एलान हो जाएगा। ध्यान रहे, मौजूदा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को संपन्न होने जा रहा है, उससे पहले ही देश को अपना नया प्रथम नागरिक चुन लेना है। जाहिर है, इस पद के लिए होने वाले मतदान में जनता की सीधी भागीदारी नहीं होती है, लेकिन राष्ट्रपति को लेकर लोगों में कौतूहल बहुत होता है। लोग योग्यतम और निर्विवाद व्यक्ति को इस पद पर देखना चाहते हैं, लेकिन वास्तव में राजनीतिक दल अपने हिसाब से उम्मीदवार चुनते हैं। हालांकि, एक आम आदमी भी कुछ जरूरी योग्यताओं के साथ राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ सकता है, लेकिन ऐसा कम ही होता है। भारतीय लोकतंत्र का ढांचा और राष्ट्रपति चुनाव के प्रारूप को ऐसा बनाया गया है कि जिसमें आम आदमी के लिए भी जगह बन सकती है। लेकिन मतदाता तो विधानसभाओं और संसद के ही सदस्य होंगे। लगे हाथ हम यह भी याद करते चलें कि दो बार ही देश में निर्विरोध राष्ट्रपति बने हैं। साल 1950 में राजेंद्र प्रसाद को अकेले ही आगे किया गया था और उसके बाद 1977 में नीलम संजीव रेड्डी बिना लड़े विजेता घोषित हुए थे। आदर्श स्थिति तो यही है कि विभिन्न दलों के बीच राष्ट्रपति पद को लेकर आम सहमति बने, लेकिन साल 1967 और 1969 में 15-15 उम्मीदवारों ने भाग्य आजमाया था। उसके बाद यह अच्छी बात है कि आठ चुनावों में दो-दो उम्मीदवार ही रहे हैं। देश में राष्ट्रपति को बहुत आदर भाव से देखा जाता है। अब यह राजनीतिक दलों पर निर्भर है कि वे ऐसे उम्मीदवार को ही आगे करें, ताकि देश का यह सर्वोच्च पद और गरिमामय हो जाए। बहरहाल, राष्ट्रपति चुनाव में ज्यादातर केंद्रीय सत्ताधारी दल या सत्ताधारी गठबंधन की ही तूती बोलती है। आज भाजपा मजबूत स्थिति में है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि उसे भी कुछ विपक्षी दलों की जरूरत पड़ेगी। भाजपा के पास कुल 48.9 फीसदी वोट है और विपक्ष के पास 51.1 फीसदी। मतलब, भाजपा को और 2.2 फीसदी वोट कम से कम जुटाने होंगे। पहला तरीका यही है कि सत्ताधारी दल किसी ऐसे उम्मीदवार को आगे करे, जिस पर विपक्षी दल भी राजी हो जाएं। दूसरा तरीका है, सत्तापक्ष बहुमत जुटाने के लिए विपक्षी दलों में सेंधमारी करे। तो भाजपा को कुछ ऐसे विपक्षियों की जरूरत पड़ेगी, जो पहले कभी साथ थे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को एकजुट रखने में आधी कामयाबी भी मिली होती, तो सत्ताधारी दल को राष्ट्रपति चुनाव में किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। साल 2017 के चुनाव में राजग के उम्मीदवार रामनाथ कोविंद को 65 फीसदी के करीब वोट मिले थे, लेकिन तब भाजपा राज्यों में कुछ ज्यादा मजबूत थी। अतः सबसे बेहतर उपाय यही है कि भाजपा लोकप्रिय या रणनीतिक रूप से सशक्त उम्मीदवार को आगे करे। वैसे हमेशा की तरह राजनीतिक दल विचारधारा, जाति, संप्रदाय इत्यादि का भी समीकरण देखेंगे, लेकिन आम लोगों को प्रेरक राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति का इंतजार रहेगा।

**किशोर उम्र के एक लड़के का ऐसा हिंसक और खतरनाक व्यवहार हमारे सभ्य कहे जाने वाले समाज के चेहरे को बेनकाब करता है और साफ संकेत करता है कि ऑनलाइन वीडियो गेम के बेरहम और क्रूर संसार ने हमारे बच्चों और किशोरों को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में ले लिया है।**

# वीडियो गेम का बेरहम और क्रूर संसार



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**वीडियो गेमिंग के मामले में हमारे देश का नंबर सातवां है, लेकिन ऐसा हमारे देश में ही हुआ कि सोलह साल के बेटे ने अपनी मां को सिर्फ इसलिए गोली मार दी, क्योंकि वह उसे ऑनलाइन वीडियो गेम पबजी खेलने के लिए रोकती थी।**



सोलह साल का बेटा ऑनलाइन गेम पबजी का आदी था। लेकिन उसकी मां उसे गेमिंग के लिए रोकती थी। इस बात से नाराज होकर बेटे ने अपनी मां को मार डाला। नाबालिग बेटे ने अपनी मां को गोली मारने के लिए अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक का इस्तेमाल किया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक बेटे द्वारा अपनी ही मां की गोली मारकर हत्या करने की इस घटना से पूरा देश स्तब्ध रह गया। पुलिस ने इस मामले में जो खुलासा किया है, उसमें बताया गया है कि नाबालिग बेटे द्वारा गोली मारने के बाद कई घंटे तक मां तड़पती रही थी। हैरानी की बात ये है कि इस दौरान आरोपी बेटा मां को तड़पते देखता रहा और बार-बार दरवाजा खोलकर यह चेक करता रहा कि मां की मौत हुई या नहीं! इसके अलावा यह भी चौंकाने वाली बात है कि आरोपी बेटे ने मां की हत्या के बाद अपने दोस्त के साथ पार्टी भी की और वह बिल्कुल सामान्य बना रहा। एक नाबालिग का ऐसा हिंसक और खतरनाक व्यवहार हमारे सभ्य कहे जाने वाले समाज के चेहरे को बेनकाब करता है और साफ संकेत करता है कि ऑनलाइन वीडियो गेम के बेरहम और क्रूर संसार ने हमारे बच्चों और किशोरों को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में ले लिया है।

चिकित्सक समुदाय इस बारे में लगातार हमें आगाह करता रहा है। शोध और अध्ययन भी यही बताते हैं कि वीडियो गेम इंसानी दिमाग की कार्यक्षमता और यहां तक कि उसकी बनावट को भी बदल सकते हैं। शायद यही कारण है कि भले घर का संस्कारी और पढ़ा-लिखा बच्चा भी अचानक किसी दिन बंदूक उठा लेता है और अपनी मां पर ही निशाना लगा देता है। ज्यादातर बच्चे शौकिया तौर पर वीडियो गेम की शुरुआत करते हैं और आहिस्ता-आहिस्ता उनका यह शौक लत में बदल जाता है, जिसे 'इंटरनेट गेमिंग डिसऑर्डर' भी कहा जाता है। कुछ साल पहले ऑस्ट्रेलियाई नेशनल यूनिवर्सिटी में काम करने वाली मनोवैज्ञानिक ओलिविया मेटकाफ अपने शोध में इस बात के ठोस सबूत जुटाए थे कि वीडियो गेम खेलना लत बन जाती है। अपने रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए उन्होंने जो वॉलंटियर इकट्ठा किए थे उनमें एक तबका लत पकड़ चुके लोगों का था, दूसरा नियमित रूप से खेलने वालों का जिन्हें कोई लत नहीं थी। तीसरा नियंत्रण वाला तबका ऐसे लोगों का था जो वीडियो गेम नहीं खेलते हैं। वीडियो गेम से जुड़े शब्दों पर उनकी प्रतिक्रिया जांची गई। अपने अध्ययन के नतीजों का खुलासा करते हुए ओलिविया मेटकाफ कहती हैं, 'हमने पाया कि बहुत ज्यादा वीडियो या ऑनलाइन गेम खेलने वाले शख्स का ध्यान देने वाला तंत्र खेल से जुड़ी जानकारी को प्राथमिकता देता है।' वो बताती हैं कि अगर वे खेल के बारे में नहीं भी सोचना चाहते हों तो वे अपने आप को रोकने में सक्षम नहीं होते। मनोविज्ञान में इस तरह की प्रवृति को ध्यान देने का पूर्वाग्रह कहा जाता है।

कुछ जानकारों का कहना है कि जो लोग हिंसा से भरपूर वीडियो गेम्स नहीं खेलते उनके लिए हिंसक तस्वीरों को देखना बहुत मुश्किल होता है, लेकिन ऐसे गेम्स खेलने वाले लोग निष्ठुर हो जाते हैं, उन्हें हिंसक चित्र देख कर कोई खास फर्क नहीं पड़ता। वहीं कुछ जानकारों का मानना है कि लोग तनाव से मुक्ति पाने के लिए वीडियो गेम का सहारा लेते हैं और अपराध करने की जगह अपना गुस्सा ऑनलाइन या वीडियो गेम पर उतार देते हैं। हमारे देश में पिछले साल राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से अभिभावकों ने शिकायत की थी कि ऑनलाइन गेमिंग साइट्स बच्चों में जुआ, सट्टेबाजी और शोषण की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रही हैं। पिछले साल जब कोरोना महामारी के दौरान बच्चों की पढ़ाई डिजिटल रूप से होने लगी थी और कई बार बच्चे मोबाइल लेकर पढ़ाई के नाम पर ऑनलाइन गेम भी खेलने लगे थे। एक अभिभावक ने अपनी शिकायत में कहा था कि उसके बेटे को गेमिंग साइट की ऐसी लत लगी कि उसने एक साल के भीतर ऐसी साइट पर 50 हजार रुपये तक जुए के तौर पर लगा दिए। आयोग ने गेमिंग साइट्स से बच्चों के भ्रमित होने से रोकने के लिए दिशा निर्देशों के बारे में पूछा था। साथ ही आयोग ने सवाल किया कि उनकी साइट्स पर बाल अधिकारों के हनन को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं। लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई है।

दरअसल वीडियो गेम लोगों में हिंसक प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहे हैं। गेम खेलने वाले बच्चों और किशोरों में हिंसा का असर बढ़ रहा है, जिसके चलते उनके मन में बहुत सारे विचार आते हैं और भावनात्मक रूप से भी वह काफी एग्रेसिव हो जा रहे हैं। इसका सीधा असर वीडियो गेम खेलने वाले व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। लखनऊ की खबर हमें और भी खतरनाक स्तर पर डराती है। लगभग दो साल पहले सरकार ने पबजी को बैन कर दिया था। सवाल यह है कि जब कोई गेम बैन हो जाता है तो फिर लोग उसे दोबारा कैसे इस्तेमाल कर लेते हैं। दरअसल वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) की मदद से लोग ऐसा कर लेते हैं। वीपीएन के जरिये होने वाली डाउनलोडिंग को पुलिस भी पकड़ नहीं पाती। यह आईपी एड्रेस को उस देश के आईपी एड्रेस से बदल देता है जिन देशों में पबजी बैन नहीं है। इससे गेम डाउनलोड हो जाता है। कुछ ऐसे एप्लीकेशन भी होते हैं जिनको लोग प्लेस्टोर से डाउनलोड करके दूसरे देश का आईपी एड्रेस सिलेक्ट करके गेम डाउनलोड करते हैं। इस नेटवर्क को सरकार भी जल्दी नहीं पकड़ पाती। दरअसल यही वह समय है जब परिजन वीडियो गेम से होने वाले नुकसान को गंभीरता से लें और कोशिश करें कि उनके बच्चे वीडियो गेम की लत के शिकार ना हो जाएं। जिस तेजी से यह समस्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए इस दिशा में जल्द से जल्द पहल करने की जरूरत है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## कविता

### नजरिया नजरों का कब बदलेगा

वह घर से जब निकलती है
कुछ दिलजलों की नियत मचलती है,.....
कोई कसे फब्तियां
कोई मारे सीटियां
देख पराई बहू बेटी
क्यों इनकी नियत फिसलती हैं
क्या ये नहीं किसी घर की इज्जत
किसी बाप भाई पति की अस्मत
क्यों खोट..........
इन के दिलों में पलती है
घर में तो पर्दे में हिफाजत
क्यों बाहर..........?
फितरत इनकी बदलती है
दुर्गा मान तुम पूजते इनको
फिर क्यों.... ........?
इनकी अस्मत लुटती है
पढ़ी लिखी सक्षम है नारी
फिर भी मिलता सम्मान कहां?
तन्हाई बियां बान वीरानें में
कब सुरक्षा उसको मिलती है?
नज़रिया, नजरों का कब बदलेगा..........?
कब तक समाज यूं ही चुप बैठेगा
लाना होगा सबको परिवर्तन
वरना.............
कोई दामिनी, कोई निर्भया
हर दिन हर पल.........
यूं ही लुटती रहेंगीं
नारी की बर्बादी के फसाने दुनिया...........
अखबारों में यूं ही पढ़ती रहेगी

**- अनामिका गुप्ता**

## ओपिनियन

# कैंसर का खात्मा!



डॉ. ब्रह्मानन्द शर्मा
आयुर्वेद चिकित्सक
@jagrukjanta.net

**कैंसर का पूरी तरह उन्मूलन और साइड इफेक्ट्स का अभाव यही दो बातें एक्सपर्ट्स के मन में संदेह भी पैदा कर रही हैं। उनका कहना है कि यह केस स्टडी इतनी छोटी है कि इसके निष्कर्षों को जस का तस स्वीकार करना मुश्किल है। इसे ज्यादा लोगों पर और बड़े दायरे में दोहराने की जरूरत है।**

अमहज एक दवा के सहारे छह महीने के अंदर कैंसर पूरी तरह ठीक कर देने की अमेरिका से आई खबर चमत्कार सरीखी ही है। हालांकि विशेषज्ञ अभी इस प्रयोग के साथ कई तरह के किंतु-परंतु जोड़ रहे हैं, लेकिन कोई भी इसे सीधे तौर पर खारिज नहीं कर रहा। इस प्रयोग की रिपोर्ट द न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में छपी है। जिन 18 लोगों पर ये प्रयोग किए गए, वे सब रेक्टल कैंसर से पीड़ित थे। इन सबको डोस्टारलिमैब नाम की दवा दी गई। इसकी खासियत यह बताई जाती है कि यह कैंसर सेल की पहचान उजागर कर देता है। इसके बाद शरीर का इम्यून सिस्टम इस तक पहुंचकर इसे नष्ट कर देता है। सभी अठारहों मरीजों को यह दवा छह महीने तक हर तीसरे हफ्ते दी जाती रही और नतीजा यह हुआ कि इनका कैंसर पूरी तरह गायब हो गया। शुरू में इन मरीजों को लगा था कि दवा से उन्हें काफी मदद मिलेगी, लेकिन आगे कीमोथेरेपी वगैरह से तो गुजरना ही पड़ेगा। मगर जांच के बाद बताया गया कि उनका कैंसर ठीक हो चुका है और आगे किसी इलाज की जरूरत नहीं है।

सिर्फ दवा के सहारे कैंसर का इस तरह से उन्मूलन हो जाना आश्चर्यजनक माना जा रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, अब तक के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। सबसे बड़ी बात यह कि इन मरीजों में दवा का कोई गंभीर साइड इफेक्ट भी नहीं दिखा। हर पांच में से एक पेशंट में कुछ प्रतिकूल असर दिखा, लेकिन उन पर आसानी से काबू कर लिया गया। तीन से पांच फीसदी मरीजों में ही मांसपेशियों की कमजोरी और चबाने, निगलने में कुछ तकलीफ जैसे लक्षण पाए गए। कैंसर के पारंपरिक इलाज के दौरान होने वाले साइड इफेक्ट्स के मुकाबले ये कुछ भी नहीं हैं।

कैंसर का पूरी तरह उन्मूलन और साइड इफेक्ट्स का अभाव यही दो बातें एक्सपर्ट्स के मन में संदेह भी पैदा कर रही हैं। उनका कहना है कि यह केस स्टडी इतनी छोटी है कि इसके निष्कर्षों को जस का तस स्वीकार करना मुश्किल है। इसे ज्यादा लोगों पर और बड़े दायरे में दोहराने की जरूरत है। इस प्रयोग के आरंभिक निष्कर्षों को कठिन कसौटियों से गुजार कर ही इन्हें ज्यादा उपयोगी बनाया जा सकता है। कैंसर दुनिया में हर साल करीब एक करोड़ लोगों की मौत का कारण बनता है। इसका इलाज न केवल महंगा बल्कि अत्यधिक तकलीफदेह भी है। खर्च के मामले में तो यह प्रयोग भी अपने मौजूदा रूप में शायद कोई राहत न दे सके (छह महीने के कोर्स में सिर्फ दवा की कीमत 75 लाख रुपये से ऊपर बैठ रही है), लेकिन समय के साथ दवा की कीमत कम होने की उम्मीद की जा सकती है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



अपने को उसका अधिकारी बनाना चाहिए।

**मंत्र जप संबंधी सामान्य जानकारी-** 1. गृहस्थों को चाहिए कि मंत्र के आदि मैं प्रणव (ओंम्कार) लगावें, उसके बिना जप निष्फल होता है। 2. वाग् बीज (ऐं), काम बीज (क्लीं) शक्ति बीज (ह्रीं) एवं श्री बीज (श्रीं) को प्रणव कहते हैं। इसलिए जिन मंत्रों के आदि में ये बीज हों, उनमें प्रणव लगाने की आवश्यकता नहीं है। 3. वैष्णव मंत्रों में पहले प्रणव (ओंम्कार), शिव मंत्रों में शक्ति बीज (ह्रीं) शक्ति मंत्रों में काम बीज (क्लीं) एवं गणेश के मंत्र में रमा बीज (श्रीं) लगाना चाहिए। सूर्य तथा अन्य देवताओं के मंत्र में शक्ति बीज (ह्रीं) लगाना चाहिए। 4. जिस मंत्र के अंत में नमः हो, उसे अंत में पुन) नम) शब्द नहीं जोड़े, ऐसे ही जिस मंत्र के अंत में स्वाहा हो, उसके अंत में दुबारा स्वाहा शब्द नहीं लगाया जाना चाहिए। 5. मानसिक जप में कोई नियम नहीं है। मानसिक जप सोते जागते, चलते-फिरते किसी भी अवस्था में, किसी देश या काल में करने में कोई दोष नहीं है। 6. जप के मध्य जन्मसूचक या मरणसूचक हो जाए तो एक सौ आठ बार या केवल सात बार (ओम् ओम् ओम्) तीन बार ओम् से सम्पुटित (यानि मंत्र के पहले तीन बार ओम् और मंत्र के अंत में तीन बार ओम्) मंत्र का जप कर ले, इससे सूतक दोष मिट जाता है। 7. पूजा के बिना जप नहीं करना चाहिए। जप के अनुष्ठान में एक बार देवता का पूजन अवश्य करना चाहिए। 8. मंत्र जाप के लिए आत्म शुद्धि, स्थान शुद्धि, मंत्र शुद्धि, द्रव्य शुद्धि, और देव शुद्धि ये पांच शुद्धि आवश्यक हैं। **क्रमशः**

# उत्तराखंड के दरकते पहाड़ लील रहे गांव



अमित बैजनाथ
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**देवभूमि उत्तराखंड के पहाड़ी गांव भारी संकट में हैं। इन्हें संकट से निकालने के लिए सरकार और प्रशासन के साथ आम आदमी को भी आगे आना होगा। समय रहते यह कदम नहीं उठाया गया तो दरकते पहाड़ गांवों का अस्तित्व समाप्त कर देंगे।**

हिमालयी क्षेत्रों में बाढ़ आना, बादल फटना और भूस्खलन होना आम बात है, लेकिन इनकी मारक क्षमता और ऐसी घटनाओं की संख्या अब लगातार बढ़ रही है। जहां एक ओर असुरक्षित और बेतरतीब निर्माण को लेकर कई विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं, तो कई जानकार मानते हैं कि जंगलों के कटने और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव का भी असर है। कई बार आपदाओं में छोटे बच्चे भी शिकार हो रहे हैं और अक्सर मीडिया में इसकी खबर तक नहीं होती।

उत्तराखंड में साल 2013 की केदारनाथ आपदा के बारे में अखबारों में खूब लिखा गया, मीडिया में खूब दिखाया गया, लेकिन रुद्रप्रयाग जिले के ही उखीमठ में इस घटना के एक साल पहले यानी 2012 में भूस्खलन से 28 लोग मरे थे। ये हादसा चुन्नी-मंगोली नाम के गांव में हुआ, जहां उस घटना के बाद लोग आज भी दहशत में हैं। इसी तरह साल 2010 में बागेश्वर के सुमगढ़ गांव में एक प्राइमरी स्कूल के 18 बच्चे बादल फटने के बाद हुए भूस्खलन में दबकर मर गए। मरने वाले सभी बच्चों की उम्र 10 साल से कम थी। सभी हिमालयी राज्य भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील जोन में हैं। पिछले साल फरवरी में चमोली में आई बाढ़ के बाद जिला प्रशासन ने आपदा प्रबंधन विभाग से रैणी क्षेत्र का भूगर्भीय और जियो-टेक्निकल सर्वे करने को कहा। इस सर्वे के लिए उत्तराखंड डिजास्टर रिकवरी इनीशिएटिव के तीन जानकार वेंकटेश्वरलु, जीवीआरजी आचार्युलू और मनीष सेमवाल शामिल थे। इन विशेषज्ञों ने सर्वे के बाद सरकार को जो रिपोर्ट दी है, उसमें साफ कहा है कि रैणी गांव अपने मौजूदा हाल में काफी असुरक्षित है। इसके स्लोप स्टैबिलाइजेशन (ढलानों को सुरक्षित बनाने) की जरूरत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऋषिगंगा और धौलीगंगा का संगम उस पहाड़ी की तलहटी पर है, जिस पर रैणी गांव बसा हुआ है।

रिपोर्ट में चेतावनी देते हुए कहा गया है कि नदी के बहाव के कारण कमजोर पहाड़ का टो-इरोजन (नदी के पानी से आधार का क्षरण) हो रहा है। इससे आने वाले दिनों में फिर आपदा आ सकती है, इसीलिए या तो यहां के ढलानों को ठीक किया जाए या फिर इस गांव को खाली कराया जाए। जानकारों ने नदी के बहाव को माइक्रोपाइलिंग टेक्नोलॉजी (छोटे-छोटे पत्थर लगाकर प्रवाह को काबू करना) से नियंत्रित करने और इस जगह कुछ मीटर की दूरी पर दो-तीन चेक डैम बनाने की सलाह दी है। रिपोर्ट कहती है कि सरकार रैणी गांव के लोगों को कहीं दूसरी जगह बसाए। विशेषज्ञों ने इसके लिए आस-पास कुछ जगहों की पहचान भी की है, जहां पर विस्थापितों का पुनर्वास किया जा सकता है। हालांकि यह काम इतना आसान नहीं है, जितना कहा जा रहा है।

उत्तराखंड में समस्या ये है कि असुरक्षित इलाकों से हटाकर लोगों के पुनर्वास के लिए बहुत जमीन नहीं है। यह भी एक सच है कि किसी गांव के लोग विस्थापित को अपने यहां बसाना नहीं चाहते, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे पहले से उपलब्ध सीमित संसाधनों पर दबाव बढ़ेगा। अधिकारियों का कहना है कि रैणी गांव के पास अपनी कोई सुरक्षित जमीन नहीं है, इसीलिए वहां गांव वालों को नहीं बसाया जा सकता। पड़ोस के जिस गांव में लोगों को बसाने की कोशिश की जा रही है, वहां के लोग अभी अपने गांव में किसी के पुनर्वास के लिए तैयार नहीं हैं। इस तरह की अड़चन पुनर्वास में आती ही है। पहले भी इस समस्या का सामना किया जा चुका है।

हालांकि अधिकारियों का कहना है कि इससे पहले चमोली जिले में 13 गांवों का विस्थापन कराया गया है, लेकिन यह बहुत आसान नहीं है। इस बारे में दूसरे अधिकारी कहते हैं कि ग्रामीण जमीन खरीदें और सरकार उनका पैसा दे दे, यह एक विकल्प जरूर है। हालांकि सवाल है कि अगर सुरक्षित जमीन उपलब्ध नहीं होगी तो ग्रामीण जमीन खरीदेंगे कहां। इसका एक पहलू ये भी है कि पलायन के कारण बहुत से गांव खाली हो चुके हैं, जिन्हें अब भुतहा गांव कहा जाता है। कुछ सामाजिक कार्यकर्ता इन गांवों में लोगों को बसाने की बात करते हैं, लेकिन इसमें कई व्यावहारिक और कानूनी अड़चनें हैं। इस बारे में सामाजिक कार्यकर्ता कहते हैं कि जमीन और विस्थापन की समस्या विकास योजनाओं और वन संरक्षण की नीति से जुड़ी हुई है। वन भले ही 47 फीसदी पर हों, लेकिन 72 फीसदी जमीन वन विभाग के पास है। भूस्खलन और आपदाओं के कारण लगातार जमीन का क्षरण हो रहा है और सरकार के पास आज उपलब्ध जमीन का कोई प्रामाणिक रिकॉर्ड भी नहीं है। प्रदेश में 1958-64 के बीच आखिरी बार जमीन की पैमाइश हुई थी। उसके बाद से पहाड़ में कोई पैमाइश नहीं हुई है। ऐसे में न्यायपूर्ण पुनर्वास कैसे कराया जा सकता है। कुल मिलाकर देवभूमि उत्तराखंड के पहाड़ी गांव भारी संकट में हैं। इन्हें संकट से निकालने के लिए सरकार और प्रशासन के साथ आम आदमी को भी आगे आना होगा। समय रहते यह कदम नहीं उठाया गया तो दरकते पहाड़ गांवों का अस्तित्व समाप्त कर देंगे।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## जागरूक Selfie विद डॉटर



डिशू - वैदेही डॉटर पंकज मिश्रा, बोरसद, गुजरात

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 15/06/2022**

**सूर्योदय** : 05:24 **सूर्यास्त** : 19:22 **चन्द्रोदय** : 20:47 **चन्द्रास्त** : 05:45 **शक सम्वत** : 1944 सुभाकृतु **अमान्ता महीना** : ज्येष्ठ **पूर्णिमांत** : आषाढ़ा **सूर्य राशि** : वृषभ **चन्द्र राशि** : धनु **पक्ष** : कृष्ण **तिथि** : प्रतिपदा, 13:32 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1944 शुभकृत **चन्द्रमास** : ज्येष्ठ - पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत** : 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत** : 2078 प्रमादी **द्रिक ऋतु** - ग्रीष्म ऋतु।

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : मूल, 15:27 तक
**योग** : शुक्ला, 25:07 तक
**प्रथम करण** : कौवाला, 13:32 तक
**द्वितिय करण** : तैतिल, 23:38 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:02 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:22 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | 11:53 ए एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:41 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:06 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:20 पी एम से |
| अमृत काल | 12:07 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:01 ए एम, जून 14 |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | 05:23 ए एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : पूर्व में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : उत्तर
होमाहुति : चन्द्र

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 05:23 - 07:08 | उद्वेग : 07:22 - 08:37 |
| अमृत | : 07:08 - 08:53 | शुभ : 08:37 - 09:52 |
| काल काल वेला | : 08:53 - 10:38 | अमृत : 09:52 - 11:07 |
| शुभ | : 10:38 - 12:22 | चर : 11:07 - 12:22 |
| रोग वार वेला | : 12:22 - 02:07 | रोग : 12:22 - 01:38 |
| उद्वेग | : 02:07 - 03:52 | काल : 01:38 - 02:53 |
| चर | : 03:52 - 05:37 | लाभ : 02:53 - 04:08 |
| लाभ | : 05:37 - 07:22 | उद्वेग : 04:08 - 05:23 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज प्रतिपदा

### आज कौन सा कार्य करें

प्रतिपदा को विवाह, यात्रा, व्रतबंध, प्राण प्रतिष्ठा, चूड़ा कर्म, वास्तु कर्म, गृह प्रवेश आदि मंगल कार्य बिलकुल भी नहीं करने चाहिए।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

आषाढ़, कृष्ण, प्रतिपदा, 2079 बुधवार, 15 जून - 21 जून, 2022

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
**अगर** आप कहीं निवेश करेंगे तो लाभदायक रहेगा। सामाजिक कार्य करेंगे। पत्नी से आश्वासन मिलेगा। आपकी मिलनसारिता एवं धैर्य आपको परिवार एवं समाज में आदर-सम्मान दिलाएँगे।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)
**रुके** कार्य पूर्ण होंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रमाद न करें। प्रसन्नता व आशाजनक वातावरण के कारण प्रयास सार्थक होंगे।

**वृषभ** (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)
**दुष्ट** जन हानि पहुंचा सकते हैं। पुराना रोग उभर सकता है, धैर्य रखें। निजीजनों में असंतोष का वातावरण रहेगा। भूमि-आवास की समस्याओं में वृद्धि होगी। आर्थिक चिंता रहेगी। व्यापार-व्यवसाय सामान्य चलेगा।

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, नू, या, यी, यू)
**आगंतुकों** पर व्यय होगा। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। थकान रहेगी। आजीविका में परिवर्तन अथवा नवीन अवसर प्राप्त हो सकेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**मिथुन** (क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह)
**उत्तेजना** पर नियंत्रण रखें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएँगे। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएँ रखें। मित्रों में वर्चस्व बढ़ेगा।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे)
**नवीन** वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। भाग्योन्नति होगी। प्रमाद न करें। पराक्रम क्षमता के कारण आपको यश की प्राप्ति होगी। मानसिक संतोष, प्रसन्नता रहने से कार्यक्षमता बढ़ेगी।

**कर्क** (हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)
**आनंदोत्सव** में भाग लेने का मौका मिलेगा। संपत्ति के सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रमाद न करें। ईश्वर पर आस्था बढ़ेगी। साहस, पराक्रम में वृद्धि होगी। व्यापार में नए प्रस्तावों से लाभ की संभावना है।

**मकर** (भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी,)
**कर्ज** लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी संयम रखते हुए कार्य करें। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति के योग हैं। व्यापार, नौकरी में रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
आजीविका में नए प्रस्ताव मिलेंगे। महिला मित्र से मधुर मुलाकात होगी। कार्यो में मनचाही सफलता मिलने से प्रसन्न रहेंगे। संताने जिद कर बजट से अधिक खर्च करवाएंगी।

**कुंभ** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)
डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। प्रसन्नता बनी रहेगी। अधिकारी सहयोग करेंगे। व्यापार के विस्तार हेतु प्रयास अधिक करना होंगे। शुभ कार्यों पर व्यय होगा। दूसरों के काम में हस्तक्षेप नहीं करें।

**कन्या** (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
नकारात्मकता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। झंजटों में न पड़ें। धैर्य रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम के कार्यों से दूर रहे।

**मीन** (दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि)
यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे।तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

**बिगड़ता गणितः कॉमर्स के मात्र 5% कोटे के लिए भी 10 से ज्यादा जिलों में नहीं मिलीं छात्राएं**

# 9958 छात्राओं को मिलेगी स्कूटी

### विषय वार छात्राएं नहीं मिलने से 1500 से ज्यादा स्कूटी नहीं बंट सकेगी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश की 9958 छात्राओं को जल्द राज्य सरकार की ओर से कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना और देवनारायण योजना में स्कूटी मिलेगी। इनकी फाइनल लिस्ट जारी हो चुकी है, लेकिन इसमें भी कॉमर्स के बिगड़ते गणित की बानगी देखने को मिली है। दरअसल, कालीबाई योजना में कॉमर्स के लिए तय मात्र 5 प्रतिशत कोटे में भी कई जिलों में कॉमर्स पढ़ने वाली लड़कियां नहीं मिली हैं। विषय वार छात्राएं नहीं मिलने से करीब 1500 से ज्यादा स्कूटी नहीं बंट सकेंगी। जबकि सरकार ने स्कूटी बांटने में कला का 55त्न, साइंस का 40त्न और कॉमर्स का 5त्न हिस्सा तय कर रखा है। स्कूटी बांटने वाले विभागों में उच्च शिक्षा विभाग, अल्पसंख्यक मामलात, समाज कल्याण, माध्यमिक शिक्षा व अन्य शामिल हैं। गौरतलब है कि कालीबाई योजना में राजस्थान बोर्ड की 65 प्रतिशत से अधिक और सीबीएसई की 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली छात्राएं आवेदन कर सकती हैं। खास बात ये है कि पहली बार डूंगरपुर की 1, जयपुर की 2 और कोटा की 2 छात्राओं को दिव्यांग ट्राइसाइकिल भी दी जाएगी। विभाग जुलाई-अगस्त में स्कूटी वितरित करेगा।




### इन जिलों में नहीं मिली कॉमर्स की छात्राएं, तय अंक भी नहीं आए

उच्च शिक्षा कैटेगरी में बात करें तो बूंदी, चित्तौडगढ़, डूंगरपुर, झालावाड़ में कॉमर्स विषय की व तय अंकों की छात्राएं नहीं मिलीं। इसके अलावा एससी कैटेगरी में बांसवाडा, बारां, भीलवाडा, बूंदी, चूरू, धौलपुर, दौसा, डूंगरपुर, जैसलमेर, जालौर, करौली, झालावाड़, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सिरोही, टोंक जिले शामिल हैं। इसी तरह एसटी कैटेगरी में नॉन टीएसपी में 17 जिले, टीएसपी में 5 जिले, ईबीसी कैटेगरी में 18 जिलों में, अल्पसंख्यक की बात करें तो 16 जिलों में योजना के लिए कॉमर्स की छात्राएं नहीं मिली।

### ज्यादातर आर्ट्स के कॉलेज

प्रदेश में पिछले 5 साल में खुले 167 सरकारी कॉलेजों में से 150 में सिर्फ बीए कोर्स चल रहा है। इसके अलावा राज्य सरकार ने इस बजट में भी जिन 87 नए कॉलेजों की घोषणा की है उनमें भी सिर्फ आर्ट्स ही पढाई जाएगी। कॉमर्स या साइंस नहीं। प्रदेश के कॉलेजों में विषयवार नामांकन की बात करें तो पिछले सेशन में कला में जहां 889328 और साइंस में 298407 छात्र- छात्राओं का नामांकन हुआ, वहीं कॉमर्स में मात्र 85632 का ही नामांकन हुआ। इसमें 48098 छात्र व 37534 छात्राएं शामिल हैं। वहीं राजस्थान बोर्ड 12वीं के रिजल्ट्स की बात करें तो आर्ट्स में 6.16 लाख, साइंस में 2.22 लाख और कॉमर्स में मात्र 26,346 छात्र-छात्राएं पास हुए हैं।

---

**ओसवाल सोप की पैकिंग प्रिंट व डिजाइन की नक़ल करने से जुड़ा प्रकरण**

# नकली ओसवाल सोप बिक्री मामले में अभियुक्त रिमाण्ड पर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ओसवाल सोप ग्रुप (सुरेंद्र इंडस्ट्रीज ) की ओर से अधिकृत अधिकारी राजेश स्वामी के द्वारा थाना रेनवाल में दिनांक 09.06.2022 को आस्था ट्रेडर्स ग्राम मंडा भीम सिंह रेनवाल के विरुद्ध कॉपीराइट व ट्रेडमार्क का मुकदमा दर्ज करवाया गया था। इस पर उक्त प्रकरण में पुलिस उप अधीक्षक लक्ष्मी सुथार सांभर जिला जयपुर के निदेर्शानुसार टीम गठित की जाकर थाना रेनवाल द्वारा आस्था ट्रेडर्स पर दबिश दी गई तो उस पर नकली ओसवाल साबुन के करीब 263 पैकेट पाए गए। इस पर पुलिस थाना द्वारा आस्था ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर मनोज कुमावत को गिरफ्तार किया गया। जिसे रेनू कुमार मीणा की कोर्ट जयपुर में पेश किया गया। ओसवाल सोप ग्रुप (सुरेंद्र इंडस्ट्रीज )की ओर से अधिवक्ता रमेश कुमार शर्मा व बाबूलाल जाट ने अभियुक्त को पुलिस रिमांड पर भेजने का निवेदन किया तथा न्यायालय को अवगत कराया की अभियुक्त जहाँ से मॉल खरीदता हैं उसका नाम, पता व अभियुक्त से बरामदगी शेष हैं। इस पर न्यायालय द्वारा अधिवक्ता रमेश कुमार के तर्कों से सहमत होते हुए अभियुक्त को दो दिन के पुलिस रिमांड पर वापस भेज दिया गया।



### घुमंतू जाति के महापड़ाव में शामिल होंगे 40 हजार

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर स्थित घुमंतू जाति की बस्ती में लगाई गई आग के बाद प्रशासन द्वारा अपनाई जा रही निष्क्रियता से नाराज राजस्थान भर के घुमंतु अर्ध घुमंतु तथा विमुक्त जाति के संगठनों के संयुक्त आह्वान पर 20 जून को जयपुर के मानसरोवर में लगभग चालीस हजार घुमंतु अर्ध घुमंतु तथा विमुक्त जाति के पदाधिकारी एवं नागरिक महापड़ाव करेंगे। घुमंतु ,अर्ध घुमंतु तथा विमुक्त जाति परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रतन नाथ कालबेलिया ने बताया कि महापड़ाव के समर्थन में श्रीगंगानगर, अजमेर, जोधपुर, भरतपुर, नागौर आदि जिलों से भी समाज के लोग भारी संख्या में जयपुर के महापड़ाव में शामिल होंगे।

---

# जागरूक खबरें

### बाबा श्याम दरबार में हुआ सम्मान



**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्याम कि हवेली, मंगलम सिटी इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर पर बाबा श्याम के दरबार में सभी का सुन्दर दुपट्टा एवं श्याम बाबा का मनमोहक चित्र भेट कर स्वागत किया संत बाबा गिरधारी महाराज, श्री नरसिंघपुरी, का आशीर्वाद प्राप्त कर,श्याम बाबा कि आरती में गोपाल शर्मा, नगेन्द्र वशिष्ठ अम्बिका प्रशाद पाठक, गौड़ भुवनेश,एवं सत्यप्रकाश के साथ सभी मेहमान व उपस्तिथि भक्तो ने भाग लिया। आरती के पश्चात् सभी ने प्रशादी ग्रहण कर रात्री में मधुर भजनो का आनन्द लिया।

### भगवा रक्षा दल में नए पदाधिकारियों का मनोनयन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा के निर्देश अनुसार विनोद त्यागी राष्ट्रीय महासचिव ने ब्रज किशोर त्यागी दिल्ली को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, हितेश गुप्ता जयपुर को प्रदेश सचिव राजस्थान एवं सर्वेश त्यागी दिल्ली को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। आप सनातन धर्म और संस्कृति को सर्वोपरि मानकर भगवा रक्षा दल के विस्तार एवं संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लेकर अगली सूचना तक अपने पद पर कार्य का निर्वहन करते रहेंगे।

### रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेन्द्र सम्मानित




**जयपुर @ जागरूक जनता।** रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत को गोवा में आयोजित zamit के सुपर लीडर्स प्रोग्राम में भारतीय अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा द्वारा 9वे इंटरनेशनल स्कूल अवार्ड से सम्मानित किया गया। रावत को ये अवार्ड उनके शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अभूतपूर्व योगदान हेतु दिया गया। रावत एक शिक्षा विद होने के साथ साथ मोटिवेशनल स्पीकर एवं समाज सेवी भी हैं। उनके द्वारा अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी की स्थापना की गई जिसमे वो सेक्रेटरी के रूप में विविध कल्याणकारी कार्य कर रहे हैं। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत ने यूथ आइकॉन बन चुके रावत को हार्दिक बधाई दी। बृज भूमि फाउंडेशन के स्टेट प्रेसिडेंट रावत इससे पूर्व भी भारत गौरव, संस्कार गौरव, बेस्ट एजुकेटर सहित अनेकों अवार्डो से सम्मानित हो चुके हैं।

---

# पीस पैलेस में तीन दिवसीय समर कैंप संपन्न

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 6 के सामने ब्रम्हाकुमारी पीस पैलेस में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया कैंप में 6 से 16 वर्ष तक के लगभग 100 बच्चों ने शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक मजबूती के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया इसके अलावा डांस, ड्राइंग व खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेताओं का सम्मान भी किया गया। संस्था की मुख्य संचालिका हेमा बहन, मीना बहन एवं कविता बहन के सानिध्य में कैंप का सफल आयोजन एवं समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि सुवालाल शर्मा प्रधानाध्यापक मुरलीपुरा स्कीम, नीरज शर्मा डायरेक्टर जयपुर कैंब्रिज स्कूल, ओम कंवर राठौड़ प्रधानाध्यापिका मुरलीपुरा स्कीम उपस्थित रहे।



**आर्ट ऑफ लिविंग जयपुर**

# स्वयंसेवकों द्वारा प्राणायाम ध्यान शिविर आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस नज़दीक आ रहा है, आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवक अपने अभूतपूर्व प्रयासों से योग को जयपुरवासियों तक पहुंचाने के लिए योग प्राणायाम और ध्यान शिवर का आयोजन कर रहें हैं। इसी कड़ी में सशक्त योगाभ्यास के लिए आदर्श विद्या मंदिर, अम्बाबाड़ी सर्किल, जयपुर पर 10 से 12 जून तक प्रातः 6 से 8 बजे प्राणायाम ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियो लिए उपयोगी बनाने का प्रयास है, बच्चो के लिए खेल खेल मे मनोरंजक तरीके से शरीरिक एव मानसिक विकास को प्रमुखता देते हुए बड़ों को योग, ध्यान, ज्ञान और अन्य गतिविधियों के द्वारा किया गया अनुभव जयपुरवासियों को रास आ रहा है। 10 साल की उम्र से बड़ा कोई भी नागरिक शिविर में हिस्सा ले सकता है। शिविर में 580 जयपुरवासी हिस्सा ले रहे हैं। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि उद्योगपति एवं समाजसेवी राजेश काबरा द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम प्रशिक्षक आर्ट ऑफ लिविंग के अंतराष्ट्रीय शिक्षक महेश शर्मा ने बताया कि नियमित रूप से योग करने से तंदरुस्त दिमाग, चुस्त शरीर, तनाव मुक्त जीवन और उल्लासपूर्ण मानस जैसे कई फायदे हैं। विद्याधर क्षेत्र के आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवक संजय त्रिवेदी, त्रिपुरारी शर्मा, अशोक बजाज, नीरज जुनेजा, गुणवंत गुप्ता, विक्की पारीक, निशी गुप्ता, विवेक गुप्ता, उमा मोहता, रत्ना शर्मा, श्रुति जोशी, राजेंद्र सिरोहिया, कमल गोयल, मुकेश शर्मा, शैलेश पाठक, दिनेश, मेवाराम, कुलदीप, राजा, विकास, आदि ने अथक प्रयास कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# नागरिक समूह ने मनाया कृतिका का जन्मदिन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नागरिक समूह मुरलीपुरा की ओर से मुरलीपुरा की आंगनबाड़ी संख्या-3 में कुमारी कृतिका का चौथा जन्मदिन भारतीय संस्कृति के अनुसार मनाकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। पांच दीपक प्रज्जवलित कर बच्ची ने पंच तत्वों का पूजन किया। उपस्थित लोगों ने पुष्प वर्षा कर बालिका के उज्जवल भविष्य की कामना की। साइकिल, ड्रेस, बैग, पानी की बोतल, होला होप रिंग, बालिका का स्केच चित्र फ्रेम, मोती माला, दीप स्टेण्ड सहित कई उपहार भेंट किए। बच्चों को टॉफी और पेस्टी वितरित की गई। कार्यक्रम संयोजक नगेन्द्र वशिष्ठ ने बताया कि बेटियां बेटों से कम नहीं है। उनके साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए। समाज को यही संदेश देने के लिए मुरलीपुरा के प्रबुद्धवर्ग ने आंगनबाड़ी की बच्चियों का जन्मदिन मनाने की मुहीम शुरू की है। इस अवसर पर कर्यक्रम के सहयोगी डा.सुनील गुप्ता, डा. मुकुल शर्मा, ओम प्रकाश सोनी, हरिशंकर गौड़, लोकचंद हरिरामानी, सुनील पारीक, गोपाल शर्मा, भावानी सिंह राठौड़, बीना पारीक, खंडेलवाल, भूमिका कृपलानी, रामावतार सोनी, कोमल, मीना एवं धन्यवान्ति भी उपस्थित रहे।

---

ANCHOR **पहली बार रोबोट करेगा ट्रैफिक कंट्रोल**

# जयपुर में जेडीए सर्किल पर होगा तैनात, रूल तोड़ने पर भेजेगा चालान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में ट्रैफिक पुलिस को अब जल्द ही रोबोट का भी साथ मिलेगा। यह रोबोट चौराहों पर पुलिसकर्मियों की तरह ट्रैफिक रूल फॉलो कराएगा। साथ ही रूल तोड़ने वालों पर कैमरों से नजर रखेगा। इससे बचकर निकलना मुश्किल होगा। प्रदेश में सबसे पहले यह रोबोट जयपुर के जेडीए सर्किल पर तैनात किया जाएगा। जेडीए और ट्रैफिक डिपार्टमेंट से इसकी मंजूरी मिल चुकी है।

### 14 फीट लंबा होगा रोबोट

कंपनी की ओर से दिए गए डेमो के मुताबिक यह रोबोट करीब 14 फीट हाइट का होगा। जिसे 6 फीट की ऊंचे सर्किल पर लगाया जाएगा। रोबोट का एक हाथ करीब 4.1 फीट लंबा होगा जबकि 2 फीट का हाथ और 2 फीट का ही सिर होगा। इसमें तीन अलग-अलग तरह के डिस्प्ले दिए जाएंगे। सबसे ऊपर के डिस्प्ले में में ट्रैफिक सिग्नल, दूसरे पर टाइमर और तीसरे पर गुजरने वाले व्हीकल्स की स्पीड शो होगी।



### हाईटेक कैमरों को होगी व्हीकल्स पर नजर

एडिशनल पुलिस कमिश्नर हैदर अली जैदी ने बताया कि अब प्रमुख चौराहों और सड़कों पर हाईटेक कैमरे लगाने की कवायद जारी है। इन कैमरों के जरिए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शहर में जल्द ही रोबोट भी ट्रैफिक व्यवस्था संभालता हुआ नजर आएगा। जयपुर ट्रैफिक पुलिस को कई एजेंसियां संसाधन मुहैया करा रही हैं। जयपुर शहर में कई स्थानों पर हाई क्वालिटी के कैमरे लगाए गए हैं।

### एक रोबोट से होंगे कई काम

जैदी के अनुसार जेडीए की ओर से जल्द एक रोबोट जयपुर ट्रैफिक पुलिस को मुहैया करवाया जाएगा। इस ट्रैफिक रोबोट सिस्टम की कीमत करीब 20 से 30 लाख रुपए के बीच होगी। रोबोट एलईडी डिस्प्ले, लाइट, सेंसर, टाइमर और कैमरों जैसे उपकरणों से लैस होगा। रोबोट के दोनों हाथ ट्रैफिक के हिसाब से खुद एडजस्ट होंगे। जो ग्रीन सिग्नल से गुजरने वाले वाहनों को ट्रेस करेंगे। वहीं Wifi से कनेक्ट करने के बाद रोबोट के कैमरों का व्यू लैपटॉप, टेबलेट और आरएलवीडी सिस्टम से देखा जा सकेगा। इसमें लगे एलईडी डिस्प्ले पर ट्रैफिक के ग्रीन-रेड-येलो सिग्नल दिखेंगे। साथ ही कई महत्वपूर्ण संदेश की जानकारी मिलेगी।

### देश में दूसरा शहर बनेगा जयपुर

देश में सबसे पहले ट्रैफिक रोबोट का इस्तेमाल मध्यप्रदेश के इंदौर में शुरू हुआ था। जयपुर देश में दूसरा शहर और दूसरी स्मार्ट सिटी होगा, जहां ट्रैफिक कंट्रोल के लिए रोबोट लगेगा।

## जागरूक खबरें

### पृथा शिक्षा पद्म सम्मान से सम्मानित



**लखनऊ @ जागरूक जनता।** आल इंडिया प्रिंसिपल एसोसिएशन द्वारा लखनऊ के सिटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में पूरे देश भर में से चुने गए प्रधानाध्यापक और शिक्षाविदो को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी असीमित सेवाओं के लिए। इसमें बहल के विवेकानंद बाल मन्दिर हाई स्कूल की प्रधानाध्यापिका पृथा रॉय जायसवाल को भी पुरस्कार से नवाजा गया। मौके पर डॉ मुकेश अग्गरवाल, जॉइंट डायरेक्टर एजुकेशन, अगर उत्तर प्रदेश, मोनिका कपूर, जॉइंट डायरेक्टर सी बी स इ, आल इंडिया पेन्सिपल एसोसिएशन के प्रेजिडेंट नवदीप भारद्वाज , स्टेट प्रेजिडेंट शेखर अवस्थी ने भी मौजद रहकर देश भर से आये शिक्षाविदों का प्रोत्साहन किया। बंगाल की बेटी ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश की जमीन पर बंगाल का नाम रोशन किया। इनकी उपलब्धि पर विवेकानंद हाई स्कूल के संस्थापक एव संचालक अभय सिंह और पूरे स्टाफ ने बधाई दी।

### सिम्मी खान जिला प्रभारी नियुक्त

**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** श्री नारी सेवा संस्थान की अध्यक्षा समाज सेविका भाजपा नेत्री सिम्मी खान को भारतीय अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एम सादिक खान की अनुशंसा पर मोदी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा आयोजित किए जा रहे सेवा सुशासन गरीब कल्याण कार्यक्रम का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया। प्रदेश महामंत्री अमित खान मेवाती ने बताया कि भाजपा नेता श्रीचंद कृपलानी, सांसद सीपी जोशी, जिलाध्यक्ष गोतम दक के निर्देशानुसार खान को चित्तौड जिले का दायित्व सौंपा गया। रविवार को जयपुर में आयोजित अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजमल जैदी, मोहम्मद हुसैन खान, भाजपा राजस्थान के उपाध्यक्ष अजय पालसिंह, अजमेर दरगाह कमेटी अध्यक्ष अमीन खान पठान व भाजपा नेता अरूण चतुर्वेदी की उपस्थिति में खान को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। सिम्मी खान के जिला प्रभारी बनने पर भाजपा नेता अशोक नवलखा, नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, उप जिला प्रमुख भुपेन्द्रसिंह बडौली, प्रधान बगदीराम धाकड, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, नगर उपाध्यक्ष गोपाल पंचोली, विमल कोठारी, गजेन्द्र नवलखा, नगर प्रवक्ता कमलेश बनवार, युवा मोर्चा अध्यक्ष अर्जुनसिंह राठौड, अल्पसंख्यक अध्यक्ष सलीम खान सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया।

### डॉ. अभिलाष मोदी के इंटरनेशनल जर्नल में 3 शोध-पत्र प्रकाशित



**भीलवाड़ा @ जागरूक जनता।** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ इंग्लिश एंड स्टडीज-आईजोस ने भीलवाड़ा निवासी डॉ. मोदी के अंग्रेजी भाषा के 3 शोध पत्रों को प्रकाशित किया हैं। अंग्रेजी भाषा व साहित्य के शोध पत्रों के प्रकाशन के लिए इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ इंग्लिश एंड स्टडीज दुनिया के मुख्य पत्रिकाओ में से एक हैं। डॉ. मोदी के शोध-पत्र का पहला विषय टेंसेज का संज्ञानात्मक दृष्टिकोण, दूसरा विषय पेसिव वोइस को सीखने की सरल बारीकियां व तीसरा विषय भाव, विचार व भाषा का सम्बन्ध थे। डॉ. मोदी ने बताया की इससे पहले भी अंग्रेजी भाषा को आसान बनाने के लिए वह एक रेप सोंग कंपोज़ कर चुके हैं जिसे भारत सरकार के एम.एस.डी.इ. मंत्रालय द्वारा सम्मनित भी किया जा चूका हैं व साथ ही वह एक गेम लेक्सो भी बना चुके हैं जिसे इंडिया बुक ऑफ़ रिकार्ड्स में शामिल किया जा चूका हैं। मोदी ने यह भी बताया की उनका उद्देश्य अंग्रजी भाषा को सरल बनाना हैं ताकि आगे आने वाले विद्यार्थी इस भाषा को आसानी से सीख सकें।

### नारायण सेवा ने खेजड़ा स्कूल में दी पानी की टंकी

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** पंचायत समिति गिर्वा की पंचायत देवली के खेजड़ा गांव में नारायण सेवा संस्थान ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय को पानी की टंकी भेंट की। इस अवसर पर मौजुद ग्रामीणों ने संस्थान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे अध्ययनरत बच्चों को पेयजल के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। निर्जला एकादशी के क्रम में संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि निदेशक वंदना अग्रवाल एवं दिव्यांग भाई बंधुओं की टीम ने माली कॉलोनी चौराहे पर शरबत व आम का वितरण किया। जबकि बड़ी गांव के जरूरतमंदों व ग्रामीणों को वस्त्र बिस्कीट, परिण्डे एवं भोजन बांटा गया। इस दौरान संस्थान के दिलीप सिंह, फतेहलाल, मुन्ना आदि उपस्थित रहे।

### प्राची को मिला उत्कृष्ट ज्योतिष सम्मान




**जयपुर @ जागरूक जनता।** पांड्याजन सेवा ट्रस्ट यूएसए की ओर से ज्योतिष सम्मेलन और पुरस्कार समारोह का आयोजन पिंक सिटी क्लब में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृत राम चंद बोहरा रहे। अयोजक विधान पांड्या ने ज्योतिष के महत्व को बताते हुए कहा की दुनिया में ज्योतिष का महत्व कभी काम नहीं होगा। कार्यक्रम के दौरान ज्योतिष में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जयपुर की टैरो रीडर प्राची शर्मा भी उत्कृष्ट कार्य के लिए मोमेंटो और सर्टिफिकेट से सम्मानित की गई।

### हिमालय परिवार ने किया राष्ट्रीय महामंत्री दिलबाग सिंह का स्वागत



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** हिमालय परिवार के राष्ट्रीय महामंत्री दिलबाग सिंह जसरोटिया केलेह लद्दाख में आयोजित सिन्धु दर्शन उत्सव 2022 की तैयारियों के सम्बन्ध में चित्तौड़ प्रवास पर आने पर दिलबाग सिंह जसरोटिया का जिला अध्यक्ष नन्दकिशोर पारीक, प्रचास प्रसार मंत्री जोगेन्द्र सिंह होडा, कोषाध्यक्ष निर्भय शंकर जोशी एवं राजेश खण्डेलवाल ने परिवार सहित आशुतोष नगर स्थित अपने आवास पर माला, उपरणा, पगडी एवं शॉल ओढाकर स्वागत अभिनन्दन किया। राष्ट्रीय महामंत्री दिलबाग सिंह ने बताया कि 26 वर्षों से आयोजित इस सिन्धु उत्सव यात्रा में पहली पॉच दिवसीय हवाई यात्रा दिल्ली लेह, दिल्ली एवं अन्य 12 दिवसीय चार यात्राएं चण्डीगढ़, लेह, जम्मू मार्ग से आयोजित होती है जिसमें डल झील, अटल सुरंग, पेंगोग लेक, कारिगल वार मेमोरियल आदि अनेक सुरम्य दर्शनीय स्थानों का भ्रमण शामिल है। इस यात्रा में पूरे देश से करीब 1600 यात्री सम्मिलित होंगे।

## 2 वर्ष बाद 1100 टन आम हवाई मार्ग से जाएंगे अमेरिका

# अमेरिका खाएगा भारत का हापुस

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**रावतभाटा।** भारतीय आमों की मांग दुनियाभर में है। खासकर अमेरिका में तो इसे लेकर खासी बेसब्री है। पिछले दो साल से कोरोना के चलते भारत से आम का आयात प्रतिबंधित कर दिया गया था। हाल ही में अमेरिका ने फिर से आयात को मंजूरी दे दी है। राजस्थान के रावतभाटा में बन रहे विकिरण सोर्स की मदद से फूड इरैडिएशन प्रक्रिया से गुजरने के बाद इन आमों को अमेरिका भेजा जा रहा है।. कोटा के करीब रावतभाटा में बोर्ड ऑफ रेडिएशन एंड आइसोटोप टेक्नोलॉजी (ब्रिट) की कोबाल्ट फैसिलिटी में कोबाल्ट 60 विकिरण सोर्स बनता है। यह सोर्स फूड इरैडिएशन के लिए फूड प्रोसेसिंग प्लांट को उपलब्ध कराया जाता है। वहां पर खाने की चीजें बैक्टीरिया, वायरस और इंसेक्ट्स रहित होते हैं। रावतभाटा से विकिरण सोर्स फूड प्रोसेसिंग देश के चार प्रमुख केंद्र को उपलब्ध करा दिए गए हैं। इनमें महाराष्ट्र के नासिक जिले के लासलगांव, वापी, गुजरात के अहमदाबाद, कर्नाटक के बेंगलुरू में स्थित केंद्र शामिल हैं। 2019 में (कोरोना से पहले) अमेरिका को 1095 टन आम निर्यात किया गया था। इन्हें हवाई मार्ग से भेजा जाता है। इस बार



1100 टन यानी करीब 39 करोड़ रुपए का आम भेजा जाएगा। इससे किसानों को अच्छे दाम मिलेंगे। अमेरिका में भारतीय आमों को सबसे ज्यादा दाम मिलते हैं। बाजारों में आम की आवक मार्च में शुरू होती है। अगस्त में खत्म होती है। देश में आम की 100 से ज्यादा किस्में हैं। इनमें से 20 किस्मों को राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड ने व्यावसायिक माना है।

### आयोनाइजिंग रेडिएशन डालने पर सुरक्षित हो जाती हैं खाने की चीजें

**खाने** की चीजों पर आयोनाइजिंग रेडिएशन डालने से उसमें उपस्थित माइक्रोऑर्गेनिज्म, बैक्टीरिया, वायरस आदि नष्ट हो जाते हैं। इस प्रक्रिया को खाने की चीजों का विकिरणन कहा जाता है। अमेरिका अपने यहां किसी भी तरह से असुरक्षित खाने की चीजों को आयात नहीं करता। इसलिए इस प्रक्रिया से गुजारकर चीजों को भेजा जाता है।

प्रमुख व्यावसायिक किस्मों में अल्फांसो (हापुस) और केसर शामिल हैं। अमेरिका आम के बदले में भारत को अल्फाल्फा घास और चेरी देगा। इससे हमें अमेरिका की चेरी बाजार में आसानी से मिल सकेगी। ब्रिट के उप महाप्रबंधक सईद अनवर तारिक बताते हैं, बाहर भेजे जाने वाले आमों को फूड इरैडिएशन प्रक्रिया से गुजारा जाता है। इसके लिए रेडिएशन सोर्स उपलबध करवा दिए गए हैं। ब्रिट के पूर्व सीईओ डॉ. ए.के. कोहली ने बताया कि खाद्य पदार्थों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए फूड इरैडिएशन का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है और यह गर्व की बात है कि भारत इस प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भर है।

## पहली बार स्नातक-12वीं स्तर की भर्तियों में समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) लागू करने की तैयारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में पहली बार स्नातक व 12वीं स्तर की कई भर्तियों में समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) का पैटर्न लागू किया गया है। इसके जरिए स्नातक स्तर के 3 हजार और 12वीं स्तर के 17 हजार पदों पर नई भर्तियां प्रस्तावित हैं। कर्मचारी चयन बोर्ड ने सभी विभागों से भर्तियों की डिटेल मांगी है। सीईटी के जरिए होने वाली कई भर्तियों की अभ्यर्थनाएं बोर्ड को मिल चुकी हैं जबकि कुछ पदों की अभ्यर्थनाओं का इंतजार है। इनमें बड़ी भर्तियां एलडीसी और कांस्टेबल की हैं। समान पात्रता परीक्षा के बाद 15 गुणा अभ्यर्थियों को दूसरे चरण की परीक्षा के लिए पात्र घोषित किया जाएगा। दूसरे चरण की परीक्षा की मेरिट के जरिए भर्ती होगी। सीईटी के परिणाम की वैधता अवधि एक साल रहेगी। बोर्ड अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा के अनुसार सीईटी की प्रक्रिया 15 अगस्त के बाद शुरू होगी।

### 12वीं लेवल की ये भर्तियां अब सीईटी के जरिए होंगी

**इस** लेवल की भर्तियों में छात्रावास अधीक्षक के 48 पदों पर भर्ती की अभ्यर्थना पहुंच चुकी है। जबकि एलडीसी की 3 सेवाओं सचिवालय सेवा के लिपिक ग्रेड द्वितीय, अधीनस्थ कार्यालय लिपिकवर्गीय सेवा के कनिष्ठ सहायक, आरपीएससी लिपिकवर्गीय सेवा के लिपिक ग्रेड द्वितीय के करीब 13 हजार पदों पर भर्तियां होंगी। कांस्टेबल के करीब 4 हजार पदों पर भी सीईटी के जरिए भर्ती की तैयारी है। जबकि आबकारी अधीनस्थ सेवा के जमादार ग्रेड द्वितीय के पद की अभ्यर्थना अभी नहीं पहुंची है।

### कब होगी सीईटी

**स्नातक स्तर :** इस साल दिसंबर में, सी. सेकंडरी स्तर- अगले साल फरवरी में

### स्नातक स्तर की 2 भर्तियों का इंतजार

**एकीकृत** बाल विकास अधीनस्थ सेवा में पर्यवेक्षक और अभियांत्रिकी अधीनस्थ सिंचाई सेवा में जिलेदार पद की अभ्यर्थना बोर्ड के पास नहीं पहुंची है।

## श्री सत्यकामा गोसेवाश्रम गोशाला दाता में चारा गोदाम का हुआ लोकार्पण

# सबको लेना है संकल्प कि गो सेवा ही सबसे बड़ी सेवा-दत्तशरणानंद

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सरनाऊ।** पंचायत समिति के निकटवर्ती दाता गांव की श्री सत्यकामा गोसेवाश्रम गोशाला में भामाशाह गोप्रेमी लिखमाराम चौधरी परिवार दाता की ओर से 8 लाख की लागत से निर्मित चारागृह उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा के संस्थापक स्वामी दत्तशरणानंद महाराज के पावन सानिध्य एवं गोभक्तों के कर कमलों द्वारा चारागृह उद्घाटन किया गया।



गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा के संस्थापक स्वामी दत्तशरणानंद महाराज ने दाता वासियों को गोपालन करने का आहन करते हुए गो सरंक्षण के लिए पॉलीथिन का बहिष्कार करने की बात कहीं। उन्होंने बताया कि गोसेवा से आत्मा का कल्याण तो होता ही है, परमात्मा भी खुश होते है। गोमाता के रणो के लिए हमारे पूर्वजों व शूरवीरों ने उनकी रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया वो सब अब लोकदेवताओं के रूप में पूजे जाते है। उन्होंने कहा कि इस सभा से हम सबको संकल्प लेना है कि गो सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे अमलूराम मांजू सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि गोसेवा के लिए भामाशाहों को आगे आना होगा, तभी गो कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि चौधरी परिवार की ओर से करीबन 8 लाख की लागत से गायों के लिए चारा गोदाम का निर्माण करवाना अपने आप में बहुत बड़ा काम है, ऐसे भामाशाह परिवार को बहुत-बहुत साधुवाद।

चितलवाना प्रधान प्रतिनिधि हिंदू सिंह दुठवा ने कहा कि वर्तमान समय में गोमाता की दुर्दशा को देखकर मन में चिंता होती है, इसलिए गोमाता को फिर से अपनाकर देश को आगे बढ़ाना है। सीए सत्येंद्र बिश्नोई ने कहा कि गाय को बचाना हमारा धर्म है, इसलिए गोमाता की सेवा के लिए सभी को आगे आना होगा। श्री सत्यकामा गोसेवाश्रम गोशाला संचालक व गोभक्त पाबू राम भादू ने कहा कि गायों की सेवा के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कुछ न कुछ करना होगा, तभी गोकल्याण संभव होगा।

गोशाला पूर्व अध्यक्ष केहराराम चौधरी ने कहा कि लगातार सभी के प्रयासों से गोशाला में भामाशाह आगे आ रहे हैं, तो इससे दूसरों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर अमराराम माली,मोती राम चौधरी,भामाशाह लिखमाराम चौधरी, इसरा राम मांजू, तेजाराम मांजू,भैराराम पुरोहित, भागीरथ डारा, रामकिशन सारण, हरचंद चौधरी, जोधा राम चौधरी, दिनेश चौधरी समेत सैकड़ों गौभक्त उपस्थित रहे।

### विजय पारीक बनी प्रदेश संयोजक



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सावरकर दर्शन प्रतिष्ठान ट्रस्ट में जयपुर की विजय पारीक को राजस्थान प्रदेश संयोजक बनाया गया। सावरकर दर्शन प्रतिष्ठान ट्रस्ट के दिल्ली स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय सचिव रविन्द्र साठे की उपस्थिति में विजय पारीक ने पदभार ग्रहण किया। विजय ने पदभार मिलने के बाद राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कर्तव्य के साथ जिम्मेदारी का निर्वहन करने की बात कही।

# कटारा को मिला विप्र गौरव सम्मान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भरतपुर।** कुम्हेर विप्र चेतना मंच के बैनर तले कटरा मोहल्ला स्थित मनकामेश्वर मंदिर में विप्र गौरव सम्मान समारोह का आयोजन पूर्व उपखंड अधिकारी भागवत स्वरूप की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम को माल्यार्पण कर एवम द्वीप प्रज्वलन कर किया गया इस अवसर पर विप्र मंच द्वारा समाज सेवी अध्यक्ष विकल्प इंडिया सोसाइटी संजय कटारा को साफा पहनाकर माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मोहन लाल समाधिया लक्ष्मीकांत शर्मा, राजकुमार शर्मा(संयोजक विप्र चेतना मंच एवम निदेशक नारद एजुकेशन एकेडमी कुम्हेर) प्रकाश



कटारा लक्ष्मीकांत पचौरी सुशील शर्मा, सर्वेश शर्मा, प्रशांत उपाध्याय, रोशन लाल तहसीलदार, धीरज गमेती, मुकेश, डिंपल शर्मा, प्रमोद सारस्वत, राजेश शुक्ला, मुकेश शर्मा, ईश्वर शर्मा, अशोक शर्मा, अमित शर्मा, दनेंद्रा शर्मा, नरेश शर्मा आदि विप्रगण उपस्थित रहे। सह संयोजक (विप्र चेतना मंच) संजय कटारा ने सभी विप्र बंधुओ का आभार व्यक्त किया एवम धन्यवाद अर्पित करते हुए शास्त्री सदन पर भोजन हेतु आमंत्रित किया।

### जिले में शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत की गई कार्यवाही

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो, इसके लिए राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में "शुद्ध के लिए युद्ध अभियान" के अन्तर्गत सोमवार को चित्तौड़गढ़ में जांच एवं निरीक्षण दल की कार्यवाही। अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर व खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार सिहाग की टीम ने खाद्य पदार्थो के प्रभावी नमूनीकरण एवं निरीक्षण हेतु चलाये जा रहे "शुद्ध के लिए युद्ध अभियान" के अन्तर्गत रविवार को मंगलवाड़ चौराहा व सोमवार को चित्तौड़गढ़ के शम्भूपुरा व सावा ग्राम में विभिन्न फर्मो का निरीक्षण कर नमूनीकरण आदि की कार्यवाही की गयी। इसके अन्तर्गत रविवार को मैसर्स श्री पेलेस होटल मंगलवाड़ चौराहा से रिफाइण्ड सोयाबीन तेल व मैसर्स सविता कोल्ड ड्रिंक्स ग्राम शम्भूपुरा से मेंगो ड्रिंक (स्लाइस ब्राण्ड), द्वितीय सैम्पल वृतिका इंटरप्राइजेज शम्भूपुरा से मूंगदाल, तृतीय व चतुर्थ सैम्पल सावा सुपर बाजार से पिस्ता (विनोद ब्राण्ड) व चावल का सैम्पल संग्रहण किया जाकर जॉच हेतु सभी नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार लेकर राज्य केन्द्रिय जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भिजवा दिये गये है। जांच रिपोर्ट आने के बाद जांच रिपोर्ट अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

# देश का पहला ड्रोन गुणवत्ता प्रमाणपत्र जारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** ड्रोन बनाने वाली टेकवर्ल्ड एविगेशन प्राइवेट लिमिटेड को देश का पहला प्रथम ड्रोन गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। इसके बाद इसी माह देश को प्रमाणन प्राप्त करीब साढ़े तीन सौ ड्रोन हासिल होने का रास्ता साफ हो गया है।

केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यहां मंत्रालय में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में यह प्रमाणपत्र प्रदान किया। सिंधिया ने कहा कि ड्रोन को गुणवत्ता का यह प्रमाणपत्र आवेदन के 34 दिनों के भीतर प्रदान किया गया है जबकि ड्रोन नीति में इसके लिए 75 दिन की समय सीमा तय की गयी है। उन्होंने कहा कि ऐसे 14 और ड्रोन निर्माताओं के आवेदन विचाराधीन हैं। आशा है कि उन्हें भी समयसीमा के पहले प्रमाणन मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि नागर विमानन मंत्रालय ने बीते आठ महीनों में बहुत तेजी से काम करके तमाम क्षेत्रों में नीति निर्माण से लेकर क्रियान्वयन का काम किया है। भारतीय गुणवत्ता परिषद के निदेशक डॉ. मनीष पाण्डे ने कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की और कानपुर के विशेषज्ञों को शामिल करके गुणवत्ता के मानदंड एवं नियमावली तैयार की गयी है।

ANCHOR | पुर्नरुद्धार

# पुराने वैभव में लौटेगी 403 वर्ष पुरानी तापी-बावड़ी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net


**जोधपुर @ मेहराम गहलोत।** स्थानीय सांसद और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के भागीरथ प्रयासों से 403 वर्ष पुरानी तापी-बावड़ी का पुनरुद्धार प्रारंभ हो गया।


तापी बावड़ी का निर्माण 2 नवबंर 1618 को जोधपुर रियासत के दीवान वीर गिरधरजी व्यास के छोटे भाई नाथोजी व्यास ने अपने पिता तापोजी की स्मृति में कराया था। जब बावड़ी का निर्माण हुआ, तब यह छह खंड (करीब 250 फीट) लंबी और छह खंड गहरी थी। इसकी बाहर से चौड़ाई 40 फीट है।

इतिहासकार मुहता नैणसी के अनुसार यह साठ पुरुष गहरी (करीब 360 फीट) है। तापी बावड़ी के निर्माण में चार वर्ष का समय और 71 हजार एक रुपया खर्च आया था। जब तापी बावड़ी का निर्माण हुआ था, तब इसे देखने के लिए लोगों में बड़ा उत्साह था। एक कहावत तब से प्रचलित है, तापी बावडी अर निमलो कुओ, नीं देख्यौ सो जीवतो ई मुओ। उन दिनों जोधपुर में आने वालों के लिए मुफ्त में ठहरने के स्थान के रूप में तापी बावड़ी एक उपयुक्त स्थान था।

### पहला जीर्णोद्धार

तापी बावड़ी का पहला जीर्णोद्धार वर्ष 1925-1926 में हुआ था। बावड़ी के पड़ोसी हरनाथ पुरोहित जी, मगनराज व्यास जी व समाजसेवी





रामप्रताप बोड़ा जी उस सफाई और जीर्णोद्धार कार्यक्रम से जुड़े प्रमुख लोगों में थे। रामप्रताप बोड़ा जी का निधन तो जीर्णोद्धार के बीच बावड़ी में ऊपर से पत्थर गिरने के कारण 5 सितंबर 1926 को हो गया था। उस जीर्णोद्धार से पूर्व बावड़ी चारों तरफ से खुली थी। तब बावड़ी का मुख्य द्वार और चारदीवारी बनवाई गई थी, जो आज 96 साल बाद भी मौजूद है।

### अब पुनरुद्धार

स्थानीय सांसद और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत वर्ष 2019 में कार्तिक पूर्णिमा पर तापी बावड़ी पर दीपदान कार्यक्रम में आए थे। उन्होंने इसके पुनरुद्धार का आश्वासन दिया था। अब 403 वर्ष पुरानी तापी बावड़ी का विधिवत मंत्रोचारण, यज्ञ, वास्तु और जल पूजन के साथ प्रारंभ हो गया। शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर अमृत सरोवर तापी बावड़ी एक नया रूप लेने जा रही है।

### भव्य और कलात्मक

तापी बावड़ी भव्य और कलात्मक बनी है। इसमें कई बरामदे और दरवाजे हैं। लगभग पांच मंजिल बनी बावड़ी के सुंदर खंभों पर भव्य दरवाजे टीके हैं। बावड़ी में अनेक कलात्मक पोलें बनी हैं। इन पोलों की छतों के अंदर के भाग में बहुत ही कलात्मक कार्य हुआ है।

### तैराकी सीखने का स्थान

तापी बावड़ी का पानी स्वच्छ और हल्का था। क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों और सोजतिया दरवाजे तक की आबादी के लिए यह पानी पीने के लिए वितरण किया जाता था। हालांकि, वर्तमान में बावड़ी का पानी पीने योग्य नहीं है। अब आसपास के मोहल्ले के बच्चे यहां तैरना सीखते हैं।

**नए** निर्माण से पहले पुरानी धरोहरों को सहेजना सीखें, हम अपने भविष्य को इतिहास के रास्ते ही पाते हैं।' जोधपुर के भीतरी भाग में स्थित तापी बावड़ी के जीर्णोद्धार से जुड़ा मेरा यही संदेश है। आजादी के अमृत काल में मैंने इस 403 साल पुरानी धरोहर को उसकी पुरानी आभा में लौटाने का संकल्प लिया है। संयोग है कि इसे अमृत सरोवर भी कहा जाता है।

**- गजेंद्र सिंह शेखावत,** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, भारत सरकार

## जागरूक खबरें

### जयकारों के साथ निंबावास मंदिर में रामदेवजी व रुपनाथ जी महाराज विराजित



**भीनमाल @ जागरूक जनता।** निकटवर्ती निंबावास गांव में दो दिवसीय कार्यक्रम में अंतिम दिन में रामदेवजी व रुपनाथ महाराज की मूर्तियों की प्रतिष्ठा शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमाओं की स्थापना हुई। प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा व पूर्णाहुति धूमधाम से संपन्न हुई। महोत्सव के तहत शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए। संत सानिध्य में व पंडितो के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमाएं स्थापित हुई। इस दौरान पांडाल भक्ति गीतों और जयकारों से गूंज उठा। महोत्सव के तहत सवेरे से ही प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर मंदिर पांडाल में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो चुकी थी। इस दौरान लाभार्थियों ने देव पूजन, मूर्ति स्थापना, दंड, ध्वजा स्थापित किया।हवन के साथ पूर्णाहुति की गई। हेलिकम से पुष्प वर्षा की गई। मंदिर को रंगबिरंगी रोशनियों से सजाया गया। पूरे प्रतिष्ठा महोत्सव में मंच संचालन मीठालाल जांगिड़ भीनमाल ने किया। प्रतिष्ठा महंत प्रकाशनाथ वनधर, महंत अमृतनाथ निंबावास के सानिध्य में संपन हुई। पुनासा महंत बाबूगिरी, पादरा महंत पारसराम महाराज जेतेश्वर धाम सिणधरी, महंत शिवगिरी महाराज भाडू, महंत, महंत हीराराम महाराज नेनोल, चंपेनाथ महाराज गुंदाऊ, आनंदनाथ महाराज जालोर, मुकेश भारती गजीपुरा, सोमगिरि पुनासा, सहित कई साधुसंत व कई लोग उपस्थित थे। पूर्व संध्या पर भजन संध्या देर रात्रि तक चली गणपति वंदना, गुरु वंदना, मैं तो मनावा भोलेनाथ, नगरे शिवजी रो मंदिर जोर को ले हाथो तलवार भवानी चामुंडा, भेरू जी, पाबूजी राठौड़ , गोगाजी, बालाजी सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी।

### सम्पर्क समाधान शिविर व जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को

**जालोर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समस्याओं के त्वरित, गुणात्मक एवं सकारात्मक निराकरण के लिए व्यापक कार्यक्रम एकीकृत परिवाद निवारण प्रणाली "संपर्क समाधान" के तहत 16 जून, गुरूवार को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से जिला कलक्टर निशांत जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सम्पर्क समाधान शिविर, राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक, जिला लोक शिकायत, जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की मासिक बैठक आयोजित कर आमजन की समस्याओं का समाधान कर उन्हें राहत प्रदान की जायेगी।

### दाता के सरकारी स्कूल के छात्र छात्राओं ने परिणाम से चौंकाया

**सांचोर @ जागरूक जनता।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कक्षा दस के परिणाम में सांचोर उपखण्ड क्षेत्र कई गांवों के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट परिणाम देकर सभी को चौंका दिया है अब तक शिक्षा के क्षेत्र में पिछडे हुए सांचोर उपखण्ड ने इस बार परिणाम में सारे रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। सरनाऊ पंचायत समिति के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दाता का होनहार विद्यार्थी विकास देवासी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 86.19 प्रतिशत अंक हांसिल कर सरकारी विद्यालय का नाम रोशन किया। विकास देवासी एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाला छात्र है। विद्यालय के कुल 16 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन से उतीर्ण हुए। बालिका वर्ग में टॉपर वर्षा ने 85 प्रतिशत अंक हासिल किये। संस्था प्रधान रघुनाथ बिश्नोई ने बताया कि गांवों की स्कूलों में पर्याप्त विषयाध्यापकों व भौतिक सुविधाओ की कमी के बावजूद विधार्थियों द्वारा बोर्ड में उच्च अंक हांसिल करना ग्रामीण प्रतिभाओ द्वारा यह संकेत देना है कि शहरी शिक्षा के साथ गांवो में भी प्रतिभा रहती हैं जो अपनी मेहनत के बल पर अपना हुनर दिखा रहे है । 5 से 6 घण्टे घर पर लगातार पढ़ाई करने वाले विकास देवासी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ गुरूजनों को दिया। भविष्य में प्रशासनिक सेवा में जाने का अपना लक्ष्य बताया। प्रधानाचार्य ने छात्रों सहित स्टाफ साथियों ने बधाई संदेश प्रेषित किया। विद्यालय के विद्यार्थियों सहित अभिभावको में खुशी का माहौल नजर आया ।

### भारती ज्ञान मंदिर विद्यालय के छात्रों ने मारी बाजी





**भीनमाल @ जागरूक जनता।** स्थानीय भारती ज्ञान मंदिर उच्च माध्यमिक विधालय में आयुषकुमार पुत्र लक्ष्मणकुमार बालोत ने अध्ययन कर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। आयुष्मान भविष्य में एमबीबीएस डॉक्टर बनना चाहता है। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इसी प्रकार विकासकुमार पुत्र वीरचंद फुलवारिया भारती ज्ञान मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययन कर 90.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। भविष्य में विकासकुमार प्रशासनिक सेवा में जाना चाहता है । भारती ज्ञान मंदिर विद्यालय के इन दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता के साथ गुरु जनों को दिया है । इनके सफलता हासिल करने पर परिवार जनों एवं मित्र गण ने बधाई देते हुए शुभकामनाएँ व्यक्त की है ।

### शिल्पा जैन बनी मानव अधिकार सुरक्षा संगठन उदयपुर संभाग की अध्यक्ष

**निंबाहेड़ा @ जागरूक जनता।** मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक योगी द्वारा चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष शिल्पा जैन को उनके 2 साल के कार्यकाल में निस्वार्थ महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए कार्यों को देखते हुए उन्हें उदयपुर संभाग अध्यक्ष पद पर पदोन्नत किया गया। मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की पूरी टीम द्वारा शिल्पा जैन को इस पदोन्नति के लिए बधाई दी गई। शिल्पा जैन ने सभी पदाधिकारियों को एवं उनकी पूरी टीम को धन्यवाद देकर आश्वस्त किया कि वे जल्दी ही संभाग के सभी जिलों पर अपनी टीम बनाकर महिलाओं एवं बच्चों के उत्थान के लिए कार्य करेगी।

**कोटा-दरा मार्ग: ढाई माह में 170 मीटर बनी**

# देश की पहली 8 लेन टनल, रोज 12 मी. बढ़ रही है...

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटा।** भारत माला परियोजना के तहत कोटा-दरा मार्ग पर बन रही देश की सबसे चौड़ी और पहली आठ लेन टनल का काम अब गति पकड़ चुका है। न्यू ऑस्ट्रेलियन टनल मैथड (एनएटीएम) से बन रही टनल की ढाई माह पहले मार्च में वन विभाग से क्लीयरेंस आने के बाद जीरो पाइंट उम्मेदपुरा से शुरुआत की गई। हर दिन टनल 12 मीटर आगे बढ़ रही है। स्पेन, जर्मनी सहित यूरोपियन देशों से मंगवाई गई ड्रिलिंग बूमर व शॉटक्रेट जैसी भारी-भरकम मशीनों से काम किया जा रहा है। पहाड़ को 3.89 मीटर अंडरग्राउंड और 18.15 मीटर चौड़ाई में काटते हुए 170 मीटर तक टनल बना दी गई।

### दोनों टनल इंटर कनेक्ट होगी

**आने-जाने** वाली दोनों टनल बीच बीच में आपस मे इंटरकनेक्ट होगी। ताकि कभी भी किसी कारण से जाम लगता है या कोई दुर्घटना होती है तो वाहनों को दूसरी साइड से बायपास किया जा सके।



### दोनों तरफ से हो रही खुदाई, बीच में मिलेगी

प्रोजेक्ट मैनेजर राजीव पठानिया के अनुसार इस टनल के लिए खुदाई का काम एक साथ दोनों तरफ से एक साथ किया जा रहा है। एक तरफ उम्मेदपुरा से खुदाई करते हुए आगे बढ़ रहे हैं और दूसरी तरफ नयागांव से खुदाई करते हुए आएंगे और इसका मिलान बीच में होगा।

### ये आ रहे हैं चैलेंज

- 10 से 20 मीटर पर मिट्टी और रॉक चेंज हो जाती है। बार-बार उसकी जांच कर आगे की खुदाई हो रही।
- यह क्षेत्र मुकंदरा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में आता है, इसलिए सूर्यास्त के बाद काम नहीं कर सकते।

### पूरी तरह इको फ्रेंडली होगी टनल

**पहले** टनल करीब 3.6 किमी लंबी बनाई जा रही थी। इसके एंट्री और एग्जिट पर ऊंची बाउंड्री वॉल के साथ डेडिकेटेड रास्ता बनाया जा रहा था, लेकिन बाद में इसे भी एनिमल ओवरपास की तरह टनल में बदल दिया गया है। इससे दोनों तरफ टनल की लंबाई 500-500 मीटर बढ़ने से टनल 4.9 किमी हो गई है। ये 500-500 मीटर का एरिया रैम्प की तरह होगा। मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के 500 मीटर पहले से शुरू होगी और रिजर्व खत्म होने के 500 मीटर बाद तक रहेगी। टनल में सबसे बेस्ट फैसिलिटी उपलब्ध होंगी। इसमें सेंसर होंगे, जो प्रदूषण बढ़ने पर एक्टिव हो जाएंगे।

### ऑस्ट्रियन टनलिंग मैथड से निर्माण

**टनल** डिजाइन एक्सपर्ट आईसीटी अथॉरिटी के इंजीनियर रमेश नीलवानी के अनुसार, निर्माण ऑस्ट्रियन टनलिंग मैथड से किया जा रहा है। इस तकनीक का इस्तेमाल उन इलाकों में किया जाता है, जहां पर टनल बोरिंग मशीन से बनाना संभव होता है। इस तकनीक से शॉटक्रेट, स्टील, लेटिस गर्डर, तार की जाली की अंदरूनी लाइनिंग बनाई जाती है।

# राजस्थान सीमा पर होगी एंटी ड्रोन डॉग स्क्वॉड की तैनाती

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** पंजाब के बाद राजस्थान से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन से ड्रग्स अटैक की घटनाएं बढ़ गई हैं। राजस्थान सीमा में दो स्थानों पर ड्रोन से फेंकी गई 10 किलो हेरोइन व नौ लोगों को बीएसएफ व पुलिस ने पकड़ा है। बीएसएफ अल्ट्रा साउंड सुनने में सक्षम जर्मन शेफर्ड एंटी ड्रोन डॉग स्क्वॉड की तैनाती गंगानगर क्षेत्र में करने जा रही हैं। पंजाब के बाद अब राजस्थान व जम्मू से लगती सीमा पर इसकी तैनाती हो रही है। ग्वालियर के टेकनपुर स्थित बीएसएफ के नेशनल ट्रेनिंग सेंटर फॉर डॉग्स में एंटी ड्रोन डॉग स्क्वॉड तैयार हो गई है। सबसे पहले पंजाब के अटारी बॉर्डर पर तैनाती कर दी गई है। राजस्थान बॉर्डर पर श्रीगंगानगर सेक्टर में तैनाती होगी।

### यूएस व इजरायल की तरह भारत में पहली बार तैनाती

डॉग से संवेदनशील सैन्य या ड्रोन डिटेक्शन की तकनीक दुनिया के किसी देश के पास नहीं हैं। सैन्य जानकारों का कहना है कि अमेरिका व इजराइल ने कुछ साल पहले ही ड्रोन व अन्य आवाज वाले डिवाइज डिटेक्ट करने के लिए डॉग को ट्रेनिंग दी हैं। खास तौर पर दो साल पहले अरब में एक तेल रिफाइनरी पर ड्रोन से हमले के बाद दोनों ही देशों ने इस तकनीक पर काम किया। अमेरिका में तो महत्वपूर्ण स्थानों पर आवाज से ड्रोन डिटेक्ट करने डॉग तैनात किए हैं।




### एक साल ट्रायल में लगा, फिर मिली सफलता

2021 में बीएसएफ ने डाग्स में अल्ट्रा साउंड सुनने की क्षमता होने के कारण उन्हें ट्रेनिंग देने का निर्णय लिया। टेकनपुर स्थित नेशनल ट्रेनिंग सेंटर फॉर डॉग्स में पिछले साल की शुरुआत में ही ट्रेनिंग का काम शुरू हो गया। सेंटर के ही डॉ. संदीप गुप्ता का कहना है कि जर्मन शेफर्ड के कान खड़े होने और इसके सुनने की क्षमता अच्छी होने के कारण इसका चयन किया गया। एक साल के ट्रायल के बाद हमें सफलता मिल गई। पहला डॉग फूटी पंजाब भेजा गया।

### भूकंप तरंगें भी सुन सकते हैं जर्मन शेफर्ड

- जर्मन शेफर्ड में भूकंप की अल्ट्रा साउंड तरंगें सुनने की क्षमता होती है।
- कम व ज्यादा फ्रीक्वेंसी होने पर भी वे इंसानों से बेहतर सुनने की क्षमता रखते हैं।
- इसके कान 180 डिग्री तक मूव करते हैं।
- आवाज की दिशा तुरंत पहचान लेते हैं।
- आंखों की पोजिशन फ्रंट व साइड में 270 से 300 डिग्री तरह देखने में सक्षम।
- ड्रोन दिखने के बाद उसकी दिशा में पीछा
- शॉट डाउन होने पर जर्मन शेफर्ड ड्रोन को ढूंढकर बताता भी है।



## मौसम ने बदले कई मिजाज, आसमां से गिरी हल्की बूंदे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के ऊपर सोमवार को सुबह से दोपहर बाद तक मौसम को कई रूप बदलते देखा, सूर्योदय से पहले ठंडी बयार चल रही थी। अम्बर में छितरे हुए सफेद बादल छाए हुए थे, ज्योहिं सूर्य की लालिमा आकाश में फैली तो उसके बाद नजारा बदलने लग गया। आधे उदयपुरवाटी के ऊपर पूरब से दक्षिण दिशा की ओर आकाश में कारे-कारे बादल आच्छादित हो गये, हवा ठहर गई और उमस बढ गई । काले बादलों ने फैल कर थोड़ी देर में सूरज को ढांफ लिया और उसके बाद ठंडी हवा फिर चल पड़ी । करीब 8 बजे पांच-सात मिनट तक हल्की बूंदे गिरने लगी और थोड़ी देर बाद पूरे आसमां में बादल छा गए और लोगों को धूप से राहत मिली । यह धूप-छांव का खेल दोपहर बाद तक जारी रहा।

# 'वर्तमान में बालश्रम है बहुत बड़ी 'बिमारी', बालश्रम रोक का कराया संकल्प, रैली निकाल दिया संदेश

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुरवाटी।** यहां चुंगी नाका 3 के पास राजीव गांधी युवा विकास संस्थान कोट की ओर से विश्व बालश्रम निषेध दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा वर्तमान काल में बालश्रम बहुत बड़ी 'बिमारी' है और सभ्य समाज के लिए सामाजिक अभिशाप है। इसे पूर्णतः समाप्त करने के लिए समाज को एकजुट हो कर बच्चों के सामाजिक संरक्षण व सुरक्षा का बीड़ा उठाना ही सबसे बड़ा गुरुमंत्र है। इसके लिए अपने-पराए बच्चे की बीच की खाई को पाटना होगा। समाज व सरकार के समन्वित प्रयासों से दीन-हीनता में जी रहे, शिक्षा से वंचित, भिक्षावृत्ति के आदी, यातना भुगत रहे बच्चों के सम्पूर्ण हित को समझ कर, उन्हें समाजिक विकास की मुख्य धारा से जोड़ कर ही बालश्रम का उन्मूलन किया जा सकता है और सभी बालकों का विकास होगा तो देश के विकास के पंख और बड़े हो जाएंगे । बालश्रम की रोकथाम के लिए और पीड़ित बालक-बालिका को न्याय दिलाने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर कॉल करनी चाहिए। इसके बाद मौजूद युवाओं को बालश्रम रोकथाम का संकल्प दिला कर, रैली निकाल कर बालश्रम मत कराओ, उन्हें पढा कर आगे बढाओ, के नारे के साथ व हाथ में पकड़ी तख्तियों से बालश्रम विरोध का संदेश दिया । कार्यक्रम में सचिन कुमावत, आकाश सैनी, शुभम् शर्मा, आयुष मीणा, नदीम मंसूरी, विकास राजोरिया, भरत कुमावत, सूरज सैनी, रतनलाल, श्रवण सैनी, शीशराम सैनी, सुशील चेजारा आदि ने भाग लिया।

**जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित**

# सांप्रदायिक सौहार्द के साथ कानून व शांति व्यवस्था के प्रबंध हो सुनिश्चित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जालोर।** जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला कलेक्टर निशान्त जैन ने जिले में सांप्रदायिक सौहार्द व भाईचारा बनाये रखने के लिए जिला स्तरीय शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक में समिति के सदस्यों से जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन व पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

जिले में साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक समरसता बनाये रखने के उद्देश्य से जिला कलक्टर निशान्त जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई जिसमें उन्होंने कहा कि जालोर शांति व सद्भावना का शहर है और अब तक बनी हुई यह मिसाल इसी तरह कायम रहनी चाहिए। उन्होंने समिति में इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि यहां किसी भी जाति-धर्म या संप्रदाय के त्यौहार व धार्मिक परम्पराओं के उत्सव में सभी एक-दूसरे को पूरा सहयोग देते हैं। उन्होंने कहा कि अमन चैन, सुख शांति, प्रेम एवं भाईचारा बना रहे इसके लिए प्रशासन अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेगा, इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है।

जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने कहा कि त्यौहारों के दौरान आपसी प्रेम व भाईचारा बनाये रखने के लिए शांति समिति के सदस्य तथा समाज के प्रबुद्धजन त्यौहारों में आपसी सहभागिता निभाते हुए आपसी समरसता का सदेंश दें तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। बैठक में जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों ने जिले में आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाये रखने का आश्वासन देते हुए जिले में नशे व सामाजिक कुरीतियों पर लगाम लगाने सहित अन्य मुद्दो पर अपने सुझाव दिये।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया, समिति के सदस्य महेन्द्र मुणोत, सूरजराम विश्नोई, ममता जैन, वीरमाराम दहिया व नारायण सिंह रठौड़ सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## सरकारी कॉलेज में प्रवेशोत्सव से पहले दुरुस्त हो व्यवस्थाएं

**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** पिछले सत्र में कस्बे में सरकारी महाविद्यालय खुला तो विद्यार्थियों को काफी खुशी हुई। विद्यार्थियों ने दो कमरे से शुरू होने वाले इस राजकीय महाविद्यालय ने प्रवेश ले कर कठिन परिस्थितियों में जैसे-तैसे सत्र पूरा कर लिया। प्रवेश लिए विद्यार्थी साल भर कक्षा-कक्ष, बैठने के लिए कुर्सी-मेज, पेयजल, व्याख्याता आदि की कमी से जूझते हुए अध्ययन की इति श्री की। सीनियर सैकेण्डरी का रिजल्ट आ चुका है और आने वाले कुछ दिनों बाद ही सरकारी कॉलेज में नव प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने वाली है। इन हालात से अवगत कराते हुए उदपुरवाटी इकाई के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री योगराज जांगिड़ ने राज्य सरकार से इन हालातों को सुधारने की मांग की है। जांगिड़ ने बताया कि इन कमियों का कलेक्टर व एसडीएम को कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है किंतु उदयपुरवाटी की सरकारी कॉलेज की कमियों को दूर करने का इन्होंने प्रयास नहीं किया ।

ANCHOR | प्रस्ताव

# टूरिस्ट स्पॉट के रूप में डेवलप होगा करौली का पांचना बांध

**पर्यटन विभाग को भिजवाए डेढ़ करोड़ रुपए के प्रस्ताव, बोटिंग भी होगी शुरू**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**करौली।** मण्डरायल रोड स्थित प्राचीन रणगमा तालाब को पर्यटन के रूप में विकसित कर उसमें बोटिंग का प्लान तो अब तक सफल नहीं हो पाया है, लेकिन अब जिले के सबसे बड़े पांचना बांध को पर्यटन के रूप में पहचान दिलाने की कवायद शुरू हुई है। सब कुछ ठीकठाक रहा तो जल्द ही पांचना बांध पर्यटन क्षेत्र की दृष्टि से विकसित होगा, जिससे करौली सहित दूसरी जगहों से आने वाले लोग पांचना बांध की जल तरंगों के बीच पर्यटन का लुत्फ उठा सकेंगे। जिला प्रशासन के निर्देशन में जल संसाधन विभाग और पर्यटन अधिकारी इसके प्लान में जुटे हैं। सूत्रों के अनुसार स्थानीय जल संसाधन विभाग की ओर से पांचना बांध पर पर्यटन कार्यों के विकास के लिए करीब डेढ़ करोड़ रुपए के प्रस्ताव पर्यटन विभाग को भिजवा दिए गए हैं।

जल संसाधन विभाग की ओर से पांचना बांध पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार किए हैं। स्थानीय जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता रामलखन मीना के अनुसार बांध पर रेस्ट हाउस के पास मुख्यतः घाट का निर्माण, सड़क पुल के नजदीक अंजनी माता के मंदिर के पास पुराने घाट का जीर्णोद्धार, विश्राम गृह एवं शौचालय निर्माण, अंजनी माता के मंदिर के पास, पुराने घाट के सामने वाले किनारे पर पार्क का निर्माण कराया जाएगा, जिसमें छतरी, झोपड़ी, खेल का मैदान एवं बोटिंग के लिए जेटी का निर्माण आदि कार्य शामिल हैं। बांध पर विकास कार्यों को लेकर कलेक्टर अंकित कुमार सिंह गहरी रुचि दिखा रहे हैं। इसे लेकर उन्होंने पिछले दिनों पर्यटन केन्द्र सवाई माधोपुर के सहायक निदेशक और उप वन संरक्षक करौली के साथ बांध क्षेत्र का दौरा भी किया।

### स्वीकृति मिलते ही जल्द शुरू होंगे काम

कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा कि पांचना बांध पर पर्यटन विकास कार्य कराए जाएंगे, जिसके लिए प्रस्ताव भिजवा दिए गए हैं। शहर वासियों को घूमने-फिरने और बच्चों और पार्क की सुविधा मिल सकेगी। साथ ही प्रस्ताव में बोटिंग, रोशनी के लिए हाई मास्ट लाइट आदि कार्य भी शामिल है। हमारी कोशिश है कि स्वीकृति मिलते ही यह सभी कार्य जल्द कराए जाएं।

### डेढ़ करोड़ के प्रस्ताव तैयार कर भेजे

जल संसाधन विभाग के एक्सईएन सुशील कुमार गुप्ता ने कहा कि पांचना बांध पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। करीब डेढ़ करोड़ रुपए के प्रस्ताव तैयार कर पर्यटन विभाग को भिजवा दिए गए हैं, जहां से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



480 पद सृजन को मंजूरी

## प्रदेश के सभी जिलों में जल्द स्थापित होंगे साइबर पुलिस स्टेशन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** साइबर अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं आमजन को साइबर खतरों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में साइबर पुलिस स्टेशन की स्थापना शीघ्र की जाएगी, इस दिशा में राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गृह विभाग ने इन थानों के लिए आवश्यक मानवीय संसाधन एवं उपकरणों के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। जयपुर में पहले से ही साइबर थाना कार्यरत है। शेष 32 राजस्व जिलों के लिए राज्य सरकार ने प्रति थाना 15 नए पदों के अनुसार कुल 480 नए पदों के सृजन की मंजूरी प्रदान की है। प्रत्येक थाने में उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, कानिस्टेबल चालक, सूचना सहायक एवं प्रोग्रामर/डाटा एनालिस्ट का एक-एक पद, पुलिस उप निरीक्षक के 3 पद, हैड कांस्टेबल के 2 पद व कानिस्टेबल के 5 पद स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही इन नए थानों के लिए आवश्यक विभिन्न संसाधनों एवं उपकरणों के लिए करीब 2 करोड़ 47 लाख रूपए की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की है।

## HP का रसोई गैस कनेक्शन लेना हुआ महंगा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में नए रसोई गैस कनेक्शन की हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. ने कीमतें बढ़ा दी है। ये कीमतें करीब 26 फीसदी बढ़ाई है। नई कीमतों में सिक्योरिटी राशि के साथ ही रेगुलेटर की कीमतों में भी इजाफा किया है। नई रेटों के तहत अब आज की तारीख में 14.2KG के सिलेण्डर वाला कनेक्शन 3707 रुपए में पड़ेगा। इससे पहले कनेक्शन 2950 रुपए में पड़ता था। कंपनी की ओर से जारी आदेशों के मुताबिक 14.2KG सिलेण्डर वाले कनेक्शन के लिए सिक्योरिटी राशि को 1450 से बढ़ाकर 2200 रुपए और रेगुलेटर की कीमत को 150 से बढ़ाकर 250 रुपए कर दिया। इसके अलावा 190 रुपए का पाइप और 60 रुपए की डायरी भी शामिल है।



## राज्यपाल कलराज मिश्र ने घाट के बालाजी से मांगा ये आर्शीवाद

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को घाट के बालाजी और गलता पीठ मंदिर में दर्शन किए। राज्यपाल ने राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र एवं परिवारजनों के साथ यहां पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली के लिए प्रार्थना की। राज्यपाल ने घाट के बालाजी में हनुमान चालीसा का पाठ कर विधिवत मंत्रोच्चार के बीच भगवान की स्तुति की। मिश्र ने गलता तीर्थ के महंत स्वामी अवधेशाचार्य से धर्म-अध्यात्म पर संवाद किया।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम

## सरस्वती शिक्षा सदन की सात छात्राओं ने गार्गी पुरस्कार में बाजी मारी




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** दसवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में विद्याधर नगर स्थित सरस्वती शिक्षा सदन माध्यमिक स्कूल की 7 छात्राओं ने इस बार गर्गा पुरस्कार में बाजी मारी है।

विद्यालय के निदेशक संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि अंग्रेजी माध्यम की छात्रा रिया मीरचंदानी ने सर्वाधिक 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए एवं सभी विषयों में डिक्टेशन प्राप्त की। इसी प्रकार लड़कों में तरुण मूलवानी ने 90.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के 18 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में बोर्ड परीक्षा पास की है। इनमें मुस्कान मनिहार 89.83, सना बानो ने 89.17, सुहाना मनिहार ने 84.67, तनु अग्रवाल ने 82.17, निशिता जैन ने 81.33, कनन वासनानी ने 80.33, शहनूर बानो ने 76.67, टीना सोनी ने 74.67, लकी गुप्ता ने 73.33, पीयूष केमानी ने 70.00, सानिया रहमान ने 79.50, टीना शर्मा ने 67.83, उर्वशी ने 68.50, सबा जैनब ने 65, उपेन्द्र सिंह ने 61.50 और विकास चांदवानी ने 60.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## 48,390 करोड़ में बिके IPL मीडिया राइट्स: चारों पैकेज नीलाम

**मुंबई @ जागरूक जनता।** इंडियन प्रीमियर लीग के अगले पांच सीजन (2023 से 2027) के मीडिया राइट्स की नीलामी से BCCI को 48,390.52 करोड़ रुपए मिले हैं। डिज्नी स्टार ने भारतीय महाद्वीप के TV राइट्स को 23,575 करोड़ रुपए में खरीदा। वायकॉम 18 ने भारतीय महाद्वीप के डिजिटल राइट्स को 20,500 करोड़ रुपए में और चुनिंदा 98 मैचों के नॉन एक्सक्लूसिव डिजिटल राइट्स को 3,258 करोड़ रुपए में खरीद लिया है। भारतीय उपमहाद्वीप के बाहर के TV और डिजिटल राइट्स खरीदने में में अलग-अलग कंपनियों ने सफलता हासिल की। स्टार TV पर प्रसारण के लिए एक मैच के बदले 57.5 करोड़ रुपए देगी। वायकॉम 18 डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारण के लिए प्रति मैच 50 करोड़ रुपए देगी। हर सीजन में नॉन एक्सक्लूसिव डिजिटल राइट्स के लिए वायकॉम प्रति मैच 33.24 करोड़ रुपए देगी। पिछली बार स्टार ने TV और डिजिटल राइट्स दोनों 16,348 करोड़ रुपए में खरीदे थे। इस बार राशि में करीब तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है।

विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
22 K 916 हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 Silver Utensiles
Certified राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com



/jagrukjantanews /jagruk_janta /jagrukjanta
Jagruk Janta
जागरूक जनता
Digital Edition
Reliable Weekly News Paper
jagrukjanta.net
जयपुर, बुधवार, 15 जून, 2022

भारत के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

# हिंदी में भी जारी होंगी UN की सूचनाएं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत के हिंदी भाषा के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ये घोषणा शुक्रवार को की गई। इसके अलावा बांग्ला और उर्दू भाषा भी शामिल की गई हैं। अब हृ के सभी कामकाज और जरूरी संदेश इन भाषाओं में भी पेश किए जाएंगे। भारत ने इस फैसले कि सहारना की है। इसके अलावा अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी और स्पेनिश संयुक्त राष्ट्र की 6 आधिकारिक भाषाएं हैं, जिसमें अंग्रेजी और फ्रेंच मुख्य हैं।

### हिंदी सहित बांग्ला और उर्दू भाषा को किया शामिल

UNGA में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत TS तिरुमूर्ति ने बताया कि इस साल पहली बार प्रस्ताव में हिंदी भाषा को भी शामिल किया गया है, जिसमें बांग्ला और उर्दू का भी जिक्र है। हम इन बदलाव का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा- भारत 2018 से संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक संचार विभाग (DGC) के साथ साझेदारी कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के समाचार और मल्टीमीडिया कंटेंट को हिंदी भाषा में प्रसारित करने और मुख्य बनाने के लिए फंड भी दे रहा है।

### 2018 में शुरु की थी हिंदी @ UN' परियोजना

हिंदी को बढ़ावा देने के कई प्रयास किए हैं। इसके लिए 2018 में हिंदी @ UN परियोजना शुरू की गई थी, जिसका लक्ष्य हिंदी भाषा में संयुक्त राष्ट्र की सार्वजनिक पहुंच को बढ़ाना और दुनिया भर में हिंदी बोलने वाले लोगों को ज्यादा से ज्यादा कंटेट देना था।

### संयुक्त राष्ट्र में बहुभाषावाद को सही मायने में अपनाया जाए- तिरुमूर्ति

तिरुमूर्ति ने 1 फरवरी, 1946 को पहले सत्र में अपनाए गए UNSC के प्रस्ताव 13 (1) का भी जिक्र किया। इसमें कहा गया था कि संयुक्त राष्ट्र अपने उद्देश्यों को तब तक हासिल नहीं कर सकता जब तक कि दुनिया के लोगों को इसके लक्ष्य के बारे में पूरी जानकारी न हो। उन्होंने आगे कहा कि यह जरूरी है कि संयुक्त राष्ट्र में बहुभाषावाद को सही मायने में अपनाया जाए और भारत इसे हासिल करने में संयुक्त राष्ट्र का समर्थन करेगा।

सर्विस चार्ज पर केंद्र की सख्ती

# रेस्टोरेंट्स और होटल मालिकों को न वसूलने को कहा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बीते दिनों हुई नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के साथ हुई बैठक में सर्विस चार्ज न वसूलने को कहा है। दरअसल, देशभर के रेस्टोरेंट में ग्राहकों से खाने-पीने के बिल में सर्विस चार्ज जोड़कर मांगा जाता है। सरकार ने इस सर्विस चार्ज को गलत मानते हुए इसे न वसूलने का निर्देश दिया है। सरकार जल्द ही इस पर नियम ला सकती है।

### सबसे पहले समझें, सर्विस चार्ज क्या होता है?

जब आप किसी प्रोडक्ट या सर्विस को खरीदते हैं तो उसके लिए कुछ पैसे देने पड़ते हैं। इसे ही सर्विस चार्ज कहते हैं। यानी होटल या रेस्टोरेंट में खाना परोसने और दूसरी सेवाओं के लिए ग्राहक से सर्विस चार्ज लिया जाता है। ग्राहक भी होटल या रेस्टोरेंट से बिना सवाल-जवाब किए सर्विस चार्ज के साथ पेमेंट कर देते हैं। हालांकि ये चार्ज ट्रांजैक्शन के समय ही लिया जाता है, न की सर्विस लेते वक्त।

### बिल का कुछ प्रतिशत वसूला जाता है सर्विस चार्ज

सर्विस चार्ज आपके होटल या रेस्टोरेंट के बिल में सबसे नीचे लिखा होता है। ये आमतौर पर आपके बिल का कुछ प्रतिशत हो सकता है। ज्यादातर ये 5% रहता है। यानी, आपका बिल अगर 1,000 रुपए का हुआ है तो ये 5% सर्विस चार्ज 1,050 रुपए हो जाएगा।

# अफ्रीका से लगातार 7 हार के बाद जीता भारत

तीसरे टी-20 में 48 रन से हराया, हर्षल पटेल ने झटके 4 विकेट; चहल भी चमके

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**विशाखापट्टनम।** टीम इंडिया साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरा टी-20 मुकाबला 48 रन से जीत गई है। क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट को मिलाकर ये भारत की साउथ अफ्रीका के खिलाफ लगातार 7वीं हार के बाद जीत है। विशाखापट्टनम में खेले गए तीसरे टी-20 मैच में भारत ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 5 विकेट पर 179 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ ने सबसे ज्यादा 57 रनों की पारी खेली। जवाब में पूरी साउथ अफ्रीका टीम 19.1 ओवर में 131 रन पर पवेलियन लौट गई। हर्षल पटेल ने मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट अपने नाम किए। वहीं, चहल के खाते में तीन विकेट आए।

### फ्लॉप रहे अफ्रीकी बल्लेबाज

साउथ अफ्रीका के कप्तान और सलामी बल्लेबाज बावुमा का बल्ला तीसरे टी-20 में ज्यादा नहीं चला और वो सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए। उनका विकेट अक्षर पटेल ने लिया। वहीं, उनके जोड़ीदार इ्वेन प्रिटोरियस 20 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए। उनको हर्षल पटेल ने चलता किया। दोनों सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद आए रेसी वेन डर डुसेन भी कुछ खास कमाल नहीं कर पाए और सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए। उनको युजवेंद्र चहल ने आउट किया। इसके बाद खतरनाक लग रहे इ्वेन प्रिटोरियस को भी चहल ने चलता किया। वो 16 गेंद में 20 रन बनाकर खेल रहे थे। 9वें ओवर में चहल ने गेंद ऑफ स्टंप के बाहर रखी और गेंद ने प्रिटोरियस के बल्ले का किनारा लिया और पंत ने एक शानदार कैच लपक लिया।

### कप्तान पंत का खराब फॉर्म जारी

टीम इंडिया के कप्तान ऋषभ पंत का फ्लॉप शो तीसरे टी-20 में भी जारी रहा। उनके बल्ले से 8 गेंद में सिर्फ 6 रन निकले। पिछले मैच में भी पंत का बल्ला कुछ खास कमाल नहीं कर पाया था और वो सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हो गए थे। वहीं, पहले मैच में पंत के बल्ले से 29 रन निकले थे। आखिरी ओवरों में हार्दिक पंड्या का बल्ला भी खूब बोला उन्होंने 21 गेंद में 31 रन की पारी खेली।

### फिर बोला ईशान का बल्ला

इस सीरीज में टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज ईशान किशन कमाल के फॉर्म में हैं। तीसरे टी-20 में किशन ने एक बार फिर धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंद में 54 रन बना दिए। उनके बल्ले से 5 चौके और 2 छक्के निकले। इस दौरान इस खिलाड़ी का स्ट्राइक रेट 154.28 का रहा।

### नोर्त्या के एक ओवर में 5 चौके

ऋतुराज गायकवाड़ ने मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए एनरिक नोर्त्या को एक ओवर में लगातार पांच चौके जड़ दिए। 5वें ओवर में गायकवाड़ का बल्ला जमकर बोला। नोर्त्या को समझ ही नहीं आ रहा था कि वो कहां गेंद डाले। ओवर की आखिरी गेंद को छोड़ दें तो सभी पांच गेंदें बांउड्री के बाहर गई। मैच में गायकवाड़ ने 35 गेंद में 57 गेंद रन बनाकर आउट हुए। ये इंटरनेशनल रि केट में गायकवाड़ का पहला अर्धशतक है। उन्हें केशव महाराज ने अपना शिकार बनाया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन

**भारत-** ईशान किशन, वेंकटेश अय्यर, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, दिनेश कार्तिक, हर्षल पटेल, भुवनेश्वर कुमार, रवि बिश्नोई, उमरान मलिक और युजवेंद्र चहल।
**साउथ अफ्रीका-** रेजा हेन्ड्रिक्स, रेसी वेन डर डुसेन, टेंबा बावुमा (कप्तान), हेनरिक क्लासेन, इ्वेन प्रिटोरियस, डेविड मिलर, वेन पर्नेल, तबरेज शम्सी, कगिसो रबाडा, एनरिक नोर्त्या, केशव महाराज।

# राहुल की आज फिर ईडी के सामने पेशी

लगातार सवालों के चलते लंच के लिए भी देर से गए

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी से लगातार दूसरे दिन पूछताछ की गई। समाचार लिखे जाने तक राहुल से पूछताछ जारी थी। इडी अफसर ने पहले राउंड में राहुल से 4 घंटे से भी ज्यादा समय तक पूछताछ की। लंच ब्रेक में राहुल तुगलक रोड स्थित अपने बंगले पहुंचे। लंच के बाद फिर एजेंसी के दफ्तर पहुंचे जहां उनसे दूसरे राउंड की पूछताछ चल रही है। उन्हें बुधवार को फिर पूछताछ के लिए एजेंसी के दफ्तर आने को कहा गया है। सोमवार को पूछताछ के बाद लंच ब्रेक में राहुल अपनी मां सोनिया गांधी से मिलने सर गंगाराम हॉस्पिटल पहुंचे थे। कल उनसे करीब 9 घंटे तक पूछताछ की गई थी। इससे पहले दूसरे दिन राहुल गांधी कार से जांच एजेंसी के ऑफिस पहुंचे। उनके साथ प्रियंका गांधी भी थीं। राहुल को छोड़ने के बाद प्रियंका वहां से चली गईं। दोनों दिन कांग्रेस कार्यालय के बाहर हुए हंगामे के कारण वहां धारा 144 लागू कर दी है। राहुल के साथ पैदल मार्च करके जा रहे कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को घसीटकर पुलिस ने वैन में बैठा लिया। मार्च में शामिल अन्य नेताओं को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। सुरजेवाला ने आरोप लगाया है कि प्रदर्शन के दौरान उन्हें चोट आई है। पी चिदंबरम को भी पसली में चोट आई है।

### सीएम बघेल की पुलिस से झड़प

कांग्रेस कार्यालय के पास लगे बैरिकेड पर रोके जाने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दिल्ली पुलिस से झड़प हो गई। उन्होंने पुलिस से कहा- आप एक मुख्यमंत्री को नहीं रोक सकते हैं। लेकिन, पुलिस ने उन्हें नहीं जाने दिया। इससे पहले राहुल अपने घर से प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। जहां कांग्रेस के तमाम नेताओं ने ओपन एरिया में बातचीत की। यहां से रणनीति तैयार होने के बाद राहुल श्ष्ठ दफ्तर के लिए रवाना हुए।

### दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष का हंगामा

बैरिकेड पर रोके जाने के बाद दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी ने हंगामा किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की और जोर-जोर से चिल्लाने लगे कि गोली मारो मुझे। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर वैन में बैठाया तो पुलिस और प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

### ये नेता हिरासत में

रणदीप सिंह सुरजेवाला, हरीश रावत, केसी वेणुगोपाल, अधीर रंजन चौधरी, गौरव गोगोई, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, रंजीत रंजन, इमरान प्रतापगढ़ी समेत कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने अकबर रोड से हिरासत में ले लिया है। इन्हें बद्रपुर थाने ले जाया गया है। सोमवार को करीब एक हजार कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया था, जिन्हें देर रात छोड़ दिया गया था।

मुख्यमंत्री निशुल्क आईपीडी-ओपीडी योजना की नई गाइडलाइन

# अब 1 लाख से अधिक की दवा मेडिकल कॉलेज कमेटी की मंजूरी पर ही लिखी जाएगी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 1 अप्रैल से पूरे प्रदेश में सभी अस्पतालों में आईपीडी एवं ओपीडी मरीजों के लिए निःशुल्क उपचार व निःशुल्क एमआरआई, एक्स-रे तथा सीटी स्केन की सुविधा भी शुरू की थी। मुख्यमंत्री निशुल्क आईपीडी-ओपीडी योजना की नई गाइडलाइन जारी की गई। इसके तहत सभी मरीजों के लिए जन आधार कार्ड अनिवार्य किया गया। इसमें दो नए प्रावधान जोड़े गए। नई गाइड लाइन के तहत यदि किसी मरीज का ओपीडी के माध्यम से भर्ती पर 10 हजार रुपए प्रति माह की दवा की जरूरत है तो संबंधित विभाग के अध्यक्ष (एचओडी) द्वारा उसकी दवा की प्रस्तावना की जाएगी। एचओडी की अनुशंसा पर वह दवा मिलेगी। यदि किसी मरीज की दवा का मूल्य 1 लाख रुपए से अधिक प्रति माह है तो उसके लिए स्वीकृति का प्रकरण एसएमएस मेडिकल कालेज स्तर पर गठित कमेटी के पास अनुशंसा के लिए भेजा जाएगा।

विश्व रक्तदान दिवस

# रक्तदाता जो समर्पित है मानव सेवा के लिए

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर / जोधपुर।** रक्तदान सिर्फ खून प्राप्त करने वालों के लिए तो फायदेमंद है ही साथ ही यह रक्तदाता के लिए भी फायदेमंद होता है। रक्तदान कैंसर पीड़ित मरीजों, रक्तस्त्राव विकार, एनीमिया और दूसरी खून की कमी से जुड़ी बीमारियों के इलाज में मदद करता है। शहर में कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्हें दूसरों की जान बचाने का जुनून है। ये लोग अपने बहुमूल्य रक्त से लोगों की जान बचाते आ रहे हैं। वे निरंतर हर तीन महीने में रक्तदान करते हैं। एक तरह से ये अब जीवनदाता बन चुके हैं। इनमें ऐसी धुन सवार रहती है कि यदि उन्हें पता चलता है कि कहीं पर किसी मरीज को रक्त की जरूरत है, वैसे ही ये तत्काल मरीज के पास भगवान का दूसरा रूप बनकर पहुंच जाते हैं और समय पर रक्तदान कर जीवन बचाने का काम करते हैं।

### 10 वर्षों से रक्तदान

पिछले 10 साल से रक्तदान के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहा है। अब तक 25 शिविरो मे 3000 से अधिक रक्तदाताओ से रक्तदान करवाकर जन सेवा में समर्पित है। जरूरतमंद लोगो की जान बचाकर उनकी दुवाओ से बहुत हि मन खुश होता हैं। लगातार युवाओं का रक्तदान के प्रति जागरूकता देख कर हमेशा खुशी होती हैं लोगो की सेवा करने की प्रेरणा युवा पीढ़ी और बुजुर्गो से मिलती रहती हैं। संस्था द्वारा वर्ष 2012 से हर जरूरत मंद इंसान को समय पर रक्त उपलब्ध करवाया गया है। हमारे द्वारा आगे भी रक्तदान के प्रति हमेशा संस्थान तत्पर रहेगी। मैंने स्वंय ने 19 बार रक्तदान किया है।
**दिनेश सिंह कच्छावाह,** अध्यक्ष, हैप्पी सेवा संस्थान

### जागरूकता अभियान की जरूरत

सरकार को रक्तदान के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान शुरू करना चाहिए। हर ग्राम पंचायत व वार्ड स्तर पर ब्लड बैंक केंद्र खोलने चाहिए। सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में भी ब्लड बैंक केंद्र खोलना चाहिए, जिससे लोगों को समय पर ब्लड उपलब्ध हो सके। एक व्यक्ति रक्तदान कर एक नहीं बल्कि चार लोगों की जान बचा सकता है। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमी नहीं आती है और हर तीसरे महीने में कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है अधिक से अधिक लोग जरूरतमंदों की मदद के लिए रक्तदान कर सकें, इस उद्देश्य से ही हम पीपाड़ शहर में रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं अब तक हमारी संस्थान ने 8 से ज्यादा शिविरों का आयोजन कर 1500 युनिट रक्त संग्रह कर अपने लक्ष्य को निरंतर टीम के साथ मिल लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।
**जीतू सैनी,** समाज सेवी, अध्यक्ष, श्री कृष्णा युथ यूनियन पीपाड़ शहर

### महिलाएं भी करें रक्तदान

रक्तदान के लिए जन जागरूकता अभियान शुरू किया जाना चाहिए। विशेष रूप से महिलाओं में एक भ्रम है कि मासिक धर्म के कारण उनके शरीर में तो वैसे ही खून की कमी हो जाती है। मासिक धर्म से रक्तदान का कोई संबंध नहीं है। महिलाएं बेझिझक रक्तदान कर सकती हैं। पुरुष हो या महिला, सभी को रक्तदान करना चाहिए। मैंने स्वयं ने अब तक 8 बार रक्तदान किया है हमारे छोटे से दान से किसी की जान बच सकती है। रक्तदान विषय को पाठ्यक्र म में भी शामिल किया जाना चाहिए। रक्तदान करने वालों को हर जगह मान-सम्मान मिलना चाहिए, ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हों। उन्हें विशेष सुविधाएं भी मिलनी चाहिए। इसलिए घर-घर रक्तदान की अलख जगानी होगी।
- **सुमित्रा गहलोत,** पूर्व छात्रासंघ अध्यक्ष, राजकीय कन्या महाविद्यालय

### रक्तदान का बनाया रिकार्ड

यशोदा चौधरी ने उनका कहना है कि शादी की वर्षगांठ, जन्म दिवस, परिजनों की पुण्यतिथि पर फिजूलखर्ची ना करके मानवता के जीवन में यह महत्वपूर्ण कार्य करने का बीड़ा उठाया है अपने पिता स्वर्गीय लक्ष्मण राम चौधरी की पुण्यतिथि पर दो बार और इस वर्ष 2022 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रथम बार सिर्फ महिलाओं का रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें सिर्फ महिलाओं द्वारा 214 यूनिट रक्तदान कर एक अनूठी मिसाल पेश की है जिसमें एक और उदाहरण पेश किया है जिसमें सभी रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र और सड़क सुरक्षा के तहत हेलमेट प्रदान किए गए।
**यशोदा चौधरी,** समाजसेवी, शिक्षाविद

### रक्तदाता को भी उपहार दिया जाए

जोधपुर जिले की रक्तदान में अग्रणी बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान ने अब तक 600 रक्तदान शिविरों का आयोजन कर 33000 यूनिट रक्तदान करवाकर मिसाल कायम की है वर्तमान में संस्था के अंदर 65000 से अधिक सदस्य सेवा कर रहे हैं संस्थान राज्य स्तरीय पुरस्कार सहित कई प्रकार के पुरस्कारों से जिला स्तर, संभाग पर सम्मानित हो चुकी हैं हमारी अपील है की रक्तदान करने वाले को उपहार स्वरूप कुछ दिया जाना चाहिए जैसे- हेलमेट, डायरी, पर्स, टी शर्ट आदि। रक्तदाता को या किसी परिवार जन को रक्त की आवश्यकता होने पर ब्लड बैंक से तुरंत रक्त की व्यवस्था की जाए। रक्तदाताओं को भी रक्तदान दिवस पर रोडवेज बसों मे मुफ्त यात्रा की सुविधा देनी चाहिए। रक्तदाताओं को सम्मानित करना चाहिए।
- **करण सिंह राठौड़** राष्ट्रीय अध्यक्ष, बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान जोधपुर

### बढ़ रहा है कारवां

जीवन में एक बार किसी अपने को रक्त की कमी से जूझते देखा और बस तभी से तय कर लिया कि अब किसी बीमार, दुर्घटनाग्रस्त को खून की कमी के कारण परेशान नहीं होना पड़ेगा अपनी जान नहीं गंवानी पड़ेगी। ऐसा ही सोचना है शहर के रजत गौड़ का। लाल बून्द ज़िन्दगी रक्षक सेवा संस्थान में लगाकार सेवा में कार्यरत जो 8 साल में 28000 से अधिक यूनिट रक्तदान, 4500 यूनिट प्लेटलेट्स डोनेट करवाकर सेवा का यह कारवा अभी निरंतर जारी है। रक्तदान के लिए लिए धन या ताकत नहीं बल्कि बड़ा दिल और समर्पण होना चाहिए। यह कहना है रजत गौड़ का। ग्रुप के सदस्य रक्तदान कर लोगों की जान बचा रहे हैं। संस्थान काउसंलिंग के जरिए मरीज के परिजनों को रक्तदान के लिए जागरूक भी करता है।
**रजत गौड़,** अध्यक्ष, लाल बून्द ज़िन्दगी रक्षक सेवा संस्थान, जोधपुर

### रक्तदान से नहीं आती कमजोरी

लोगों की इस धारणा पर विराम लगे कि रक्तदान से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान महादान है, रक्तदान से कोई बड़ा पुण्य नहीं जैसी बातों से लोगों को प्रेरित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। रक्तदान का महत्त्व बताया जाए। रक्तदान से न कमजोरी आती और न कोई दूसरा खतरा, मैंने स्वयं ने 8 बार रक्तदान किया है इस बात का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए।
- **राजेंद्र परिहार,** ग्रामीण रक्तदाता,बासनी खारिया

इन्हीं में एक हैं 25 वर्षीय माही टाक जिन्होंने 16 साल की उम्र से रक्तदान करना शुरू किया। वे अब तक 16 बार रक्तदान कर चुके हैं। वहीं 25 साल के सुरेश मारोटीया जो अब तक 12 बार रक्तदान कर चुके हैं। इनकी खास बात यह है कि यह खुद तो रक्तदान करते है और साथ अन्यो से भी करवाते है इनके अलावा भी शहर में दिनेश टाक, राजेश मारोटीया, जितेंद्र सिंह कच्छावाह नानण, भवानीसिंह कच्छावाह, प्रधानाचार्य किशन टाक, कवि श्रवण दान शून्य, सीताराम टाक भाणु,श्याम टाक हैप्पी इंग्लिश एकेडमी, करण गहलोत, आदित्य कच्छावाह, एडवोकेट रामनिवास गहलोत, महेंद्र पटेल,अरविंद टाक, रविंद्र सिसौदिया, सचिन मूथा, महेंद्र भाटी, पुखराज देवड़ा पीपाड़ रोड़

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.com
विश्वसनीय समाचार पत्र

जी हाँ,यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।

जो दिखेगा वही बिकेगा

आज ही बुक करें विज्ञापन



आपके व्यापार की तरक्की जागरूक जनता के साथ

विज्ञापन क्लासीफाइड डिस्प्ले प्रॉपर्टी वैवाहिक

विज्ञापन बुक करें: 9928022718 9829329070

## जागरूक खबरें

### इंटर जिंक बैडमिंटन और टी टी टूर्नामेंट सीजन 3 का आगाज



**चितौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** जिंक में इंटर जिंक बैडमिंटन और टीटी टूर्नामेंट सीजन 3 का आगाज हुआ इस टूर्नामेंट में हिन्दुस्तान जिंक क सभी इकाईयों के 100 से अधिक खिलाडी प्रतिभगाी होगें। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुक्ष्य अतिथि हिंदुस्तान जिंक के सीईओ आईबीयू स्मेल्टर्स सी चंद्रु, अध्यक्ष यूनियन के महामंत्री घनश्यामसिंह राणावत ने बैडमिंटन पर शार्ट खेल कर की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चन्देरिया लेड जिंक स्मेल्टर के लोकेशन हेड दीपक सोपोरी थे,टूर्नामेन्ट के संयोजक लोकेशन एचआर हेड डॉ अनागत आशीष ने स्वागत उदबोधन में टूर्नामेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सी चंद्रु ने कहा की सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेले। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से कहा की टूर्नामेंट में अधिक से अधिक खिलाड़ी भाग ले और टूर्नामेंट सफल हो यह हम सब की जिम्मेदारी है। टूर्नामेंट हेतु उच्च स्तर की व्यवस्था की गई है। चंदेरिया के लोकेशन हेड दीपक सोपोरी और यूनियन के महामंत्री घनश्यामसिंह राणावत ने संबोधन में कहा की ऐसे आयोजन से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ती है साथ ही टीम भावना बढ़ती है। उदघाटन समारोह का संचालन आयोजन समिति के जीएनएस चैहान ने किया। उदघाटन समारोह मे सुब्रतो मंडल, चंडीप्रसाद, आदित्य सिंह, जगदीश प्रजापति, एसएस सोनी, विमलपंड्या, इंद्रजीत सिंह, संजय असनानी, नवीन इटोदिया, बीएल पुरोहित, पी एल जाट,नरेंद्र गहलोत, पीएस राठौड़, दिलीपसिंह सिसोदिया, विजय राव, सुरजीत सिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। आयोजन में बैडमिंटन सिंगल डबल्स, टीटी सिंगल डबल्स के मैच नॉक आउट बेसिस पर हो रहे हैं। टूर्नामेंट के निर्णायक मनन शर्मा,लोकेश तिवारी, योगेन्द्र सिंह राणावत, जितेंद्र गोड एवं विजय राव है। इकाईयों के प्रतिभागी खिलाड़ियों हेतु आयोजन समिति द्वारा उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गई है।

### तंबाकू मुक्त राजस्थान को लेकर वर्ष भर चलेगा अभियान

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश में तंबाकू मुक्त राजस्थान को लेकर 100 दिवसीय चलायें गए अभियान के बाद आज यहां स्वास्थ्य विभाग,द यूनियन एवं एसआरकेपीएस के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेश के प्रत्येक जिले से स्वास्थ्य विभाग के तंबाकू नियंत्रण कार्यर् म के तहत कार्य करने वाले कार्यर् म अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मिशन निदेश डॉ.जितेन्द्र सोनी ने प्रत्येक जिले से आएें प्रतिभागियों से उनके द्वारा तंबाकू नियंत्रण के तहत किऐ गएें कार्यो का रिव्यू किया।विस्तृत समाचार के लिए है।

### छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**चित्तौडगढ़ @ जागरूक जनता।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में संचालित समस्त 18 छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन करना होगा। विभाग के सहायक निदेशक ज्योति प्रकाश अरोड़ा ने बताया की छात्रावास प्रवेश हेतु छात्रावास में ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी, पेपरलेस ऑनलाईन प्रर्ि या के तहत् विद्यार्थी अब अपने गांव ढाणी के नजदीक साइबर कैफे, ई-मित्र निजी इन्टरनेट कनेक्शन धारक से विभागीय छात्रावासों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र sso.rajasthan.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र किये जा सकता है। विद्यार्थी को पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र जन-आधार कार्ड के माध्यम से लिये जावेगें। जनाधार पोर्टल पर उपलब्ध आवेदन की सूचना को प्रमाणिक माना जाएगा। आवेदन पत्र हेतु वांछित दस्तावेज यथा आधार विवरण,बैंक विवरण,जाति प्रमाण पत्र,मूल निवास प्रमाण पत्र,आय का स्वघोषणा पत्र/आय विवरण,विशेष श्रेणी अन्तर्गत पिता/माता-पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र,विशेष योग्यजन का विवरण, बीपीएल/स्टेट बीपीएल/अन्त्योदय आदि का विवरण जनाधार/राज ई-वॉल्ट/डीजी लॉकर अथवा दस्तावेज जारीकर्ता एजेन्सी द्वारा आधारित वेब सर्विस से प्राप्त कर स्वत: सत्यापित होंगें। सहायक निदेशक ने बताया कि छात्रावास प्रवेश हेतु पोर्टल दिनांक 8 जून, 2022 से खुल चुका है। उन्होंने बताया कि राजकीय देवनारायण बालक छात्रावास चित्तौड़गढ़, राजकीय बालक छात्रावास डाईट चित्तौड़गढ़, राजकीय बालक छात्रावास बस्सी, राजकीय बालक छात्रावास राशमी, राजकीय बालक छात्रावास गंगरार, राजकीय बालक छात्रावास साड़ास, राजकीय बालक छात्रावास,बेगू, राजकीय कन्या छात्रावास,बेगू, राजकीय बालक छात्रावास बोराव, राजकीय बालक छात्रावास रावतभाटा, राजकीय बालक छात्रावास निम्बाहेड़ा, राजकीय बालक छात्रावास,डूगंला, राजकीय बालक छात्रावास, बानसी, राजकीय बालक छात्रावास,बड़ीसादड़ी, राजकीय बालक छात्रावास कपासन, राजकीय महाविद्यालय स्तरीय कन्या छात्रावास चित्तौड़गढ़ (कालेज लेवल), अनुदानित छात्रावास, बड़ीसादड़ी एवं राजकीय देवनारायण बालिका छात्रावास बेगूं में आवेदन कर सकते है।


### श्री महावीर जैन महिला मंडल की कार्यकारिणी गठित





**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** श्री महावीर जैन महिला मण्डल के आगामी 2 वर्ष के लिए 2022-24 की नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा श्री महावीर जैन महिला मण्डल अध्यक्षा ज्योति चण्डालिया ने की, जिसमें महासचिव पद पर कल्पना मेहता, उपाध्यक्ष पद पर शिल्पा पोखरना, ज्योति सुराणा, मंजु सेठी, रजनी रांका, जयमाला ढड्ढा, अंजु कोठारी सहसचिव रेणु अलावत, अनु सुराणा, नीलम चौधरी, रचना शिशोदिया, तेजा नाहर, रेणु भड़क्तिया, शारदा बोकड़िया संगठन मंत्री पद पर रेखा गिलुण्डिया, प्रियंका गादिया, हर्षिता नाहर, मधु सेठिया, डॉ. प्रियंका ढीलीवाल, प्रिया दोशी, प्रियंका श्रीश्रीमाल सांस्कृतिक मंत्री लीना कुदाल, रितु काला, सोनाली शिशोदिया, रेखा ढीलीवाल, प्रतिभा नाहटा नगीना मेहता प्रचार प्रसार मंत्री के लिए प्रवीणा सुराणा, कलिका जैन, यामिनी बोहरा, पायल खिमेसरा, मोनिका कांठेड़, अनिता भड़कत्या, सरोज नाहर प्रभा जैन को मनोनित किया है। इसके अतिरिक्त सभी पूर्व अध्यक्ष सरस्वती जैन, सुशीला सुराणा, सीमा शिशोदिया, मधु मड्डा, उमा सुराणा, मनोरमा अजमेरा, लक्ष्मी पोखरना, स्नेहा ढीलीवाल, नम्रता गदिया, दिलखुश खेरोदिया परामर्श मण्डल के सदस्य होंगे। विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीति ढीलीवाल, कमलेश महात्मा, रेखा बोरदिया, रेखा पोखरना, मधु पाटनी, प्रमिला बड़ाला, अंगूरबाला भड़कत्या को बनाया गया है ।

### देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने किए श्री सांवलिया सेठ के दर्शन



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष जोगिंदर सिंह सोमवार को श्री सांवलिया मंदिर पहुच कर सांवलिया सेठ के दर्शन कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल की ओर से अध्यक्ष भेरूलाल गुर्जर एवं सदस्य भैरू लाल सोनी ने प्रसाद व उपरणा ओढ़ाकर अवाना को सांवलिया सेठ की प्रतिमा भेंट की। अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना ने मंदिर में चल रहे कार्यों तथा अन्य गतिविधियों की ली जानकारी।

---

खरीफ वर्ष 2022 की आदान व्यवस्था एवं बजट घोषणाओं को लेकर समीक्षा बैठक

# नि :शुल्क बीज मिनिकिट्स का हो तुरन्त वितरण- कृषि मंत्री

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने राज्य के सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में मानसून आगमन का समय समीप है। इसको देखते हुए किसानों के लिए खाद एवं बीज की तुरन्त व्यवस्था कर उनका वितरण करना सुनिश्चित करें। कटारिया मंगलवार को कृषि आयुक्तालय में खरीफ वर्ष 2022 की आदान व्यवस्था एवं वर्ष 2022-23 की बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में राज्य के सभी जिलों से कृषि अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से भाग लिया।

वीडियो कॉन्फ्रेन्स में कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्पष्ट कर दिया है कि काश्तकारों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं में किसी प्रकार की कोताही या अनियमितता बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने कहा कि खरीफ की बुआई शीघ्र होने वाली है, कई जिलों में अच्छी बारिश भी हो गई है। सभी किसान मानसून आते ही एक साथ काम पर लग जायेंगे। ?से में उन्हें मिलने वाले बीज एवं खाद की व्यवस्था जल्द से जल्द कर ली जाये। कटारिया ने कहा कि किसान कल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा प्रचार होना चाहिए और छोटे किसानों को इन योजनाओं का लाभ अवश्य मिलना चाहिए।

कृषि मंत्री ने किसानों को मिलने वाले नि:शुल्क बीज मिनिकिट्स के तुरन्त वितरण के निर्देश देते हुए कहा कि समय पर किसानों को बीज उपलब्ध होंगे तभी उनको सही मायने में फायदा मिल सकेगा। उन्होंने खेतों की तारबंदी का टारगेट समय पर पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को अनुदान पर मिलने वाले कृषि उपकरणों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। खेतों में लगे पाईप लाईनों की क्वालिटी बेहतर होना जरूरी है तथा इनकी नियमित जांच की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कि उर्वरकों का आपूर्ति वितरण सुचारू एवं पारदर्शी तरीके से किया जाये। कृषि मंत्री ने निर्देश दिये कि राज्य में खुल रहे 29 राजकीय कृषि महाविद्यालयों के लिए जिला कलक्टरों एवं स्थानीय विधायकों से समन्वय कर भूमि आवंटन की कार्यवाही शीघ्र करें। उन्होंने कहा कि राज्य के किसान जल संरक्षण पर काफी जागरूक हो गये हैं और फार्म पौण्ड में विशेष रूचि ले रहे हैं। राज्य में खुले कस्टम हायरिंग केन्द्रों से ट्रेक्टर किराये पर लेकर किसान आधी कीमत पर अपने खेतों में जुताई कर रहे हैं। समीक्षा बैठक में कृषि विभाग के प्रमुख शासन सचिव, श्री दिनेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि नि:शुल्क बीज मिनिकिट्स का वितरण आगामी 7 दिवस में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा किऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि किसान अपनी समस्या? ''किसान पोर्टल'' पर भी दर्ज करा सकें। उन्होंने कहा कि यूरिया को लेकर समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाना चाहिए ताकि इसकी कालाबाजारी न हो सके। कृषि आयुक्त कानाराम ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया कि इस खरीफ वर्ष में 164 लाख हैक्टेयर बुआई का लक्ष्य रखा है। जिसके लिए 9 लाख क्विंटल बीज की मांग के विरूद्ध 9.62 लाख बीज उपलब्ध है। राज्य में 3.92 लाख मेट्रिक टन यूरिया, 1.61 लाख मेट्रिक टन डी.ए.पी. एवं 1.65 लाख मेट्रिक टन एस.एस.पी. का स्टॉक उपलब्ध है तथा उर्वरकों की आपूर्ति निरंतर जारी है। कृषि आयुक्त ने बजट वर्ष 2022-23 की घोषणा की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में 15 हजार फार्म पौण्ड तथा 5 हजार डिग्गी निर्माण का लक्ष्य निर्धारित है। 7 हजार किमी पाईप लाईन, 6 हजार किमी तारबंदी, 30 हजार कृषकों को अनुदान पर कृषि यंत्र का लक्ष्य निर्धारित है। इसके साथ ही 8 लाख संकर मक्का मिनिकट, 10 लाख बाजरा, 2.74 लाख मूंग, 26 हजार 315 मोठ, 31 हजार 275 उड़द एवं 1 लाख ढेंचा बीज के मिनिकिट्स का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। बैठक में उद्यान विभाग के आयुक्त चेतन देवड़ा, कृषि विभाग के उप शासन सचिव, अनिल कुमार पालीवाल, विशिष्ट सचिव (कृषि) विभु कौशिक, राजस्थान राज्य बीज निगम के प्रबन्ध निदेशक जसवंत सिंह, राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान के निदेशक के.वी. शर्मा, समेति निदेशक मधुसुदन शर्मा सहित कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद रजि बांसवाड़ा जिला कार्यकारिणी घोषित

**बांसवाड़ा @ जागरूक जनता।** अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद रजि की बांसवाड़ा जिला कार्यकारिणी की प्रथम सूची राष्टझ्रीय अध्यक्ष केशव शर्मा की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष सूर्यकान्त त्रिवेदी ने घोषित की। जिसमे ललित द्विवेदी को जिला उपाध्यक्ष, मलय व्यास को युवा जिला अध्यक्ष, भारती त्रिवेदी को महिला जिला अध्यक्ष, दीपिका त्रिवेदी को उपाध्यक्ष, ज्योति बाला व्यास को जिला संगठन मंत्री, लोकेश जोशी जिला संगठन मंत्री, राजेंद्र जोशी सांस्कृतिक मंत्री, धर्मेन्द्र जोशी जिला मीडिया प्रभारी, प्रतीक्षा त्रिवेदी जिला मीडिया प्रभारी महिला प्रकोष्ठ,रमिला त्रिवेदी महिला जिला सदस्य मनोनीत किया और संगठन के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

---

आगरा रोड पर प्रस्तावित ग्रीनसिटी-हेरिटेज सिटी क्षेत्र में नियमन पर रहेगी रोक

# परकोटे की तर्ज पर हेरिटेज सिटी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आगरा रोड पर प्रस्तावित ग्रीन सिटी योजना क्षेत्र में नियमन पर रोक रहेगी। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने जेडीए को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्होंने योजना के तकनीकी मापदंडों को मंजूरी दे दी। बैठक में मंत्री धारीवाल ने जेडीए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीन सिटी के सुनियोजित विकास की दिशा में काम जल्द शुरू किया जाए। ग्रीन सिटी की प्रमुख सड़कों के विस्तृत रोड सेक्शन तैयार कर इनका निर्माण जेडीए की ओर से किया जाए। उन्होंने क्षेत्र के खातेदारों से प्लान लागू करने के लिए सुझाव प्राप्त करने और खातेदारों को योजना के क्रियान्वयन के लिए जॉइंट वेंचर के लिए बातचीत करने के निर्देश दिए।

#### न्यूनतम 18 मीटर होगी सड़क की चौड़ाई

हैरिटेज सिटी में मुख्य सड़क की न्यूनतम चौड़ाई 18 मीटर होगी, जबकि आन्तरिक सड़क की न्यूनतम चौड़ाई 12 मीटर रहेगी। यहां परकोटे की तर्ज पर सड़कों के सहारे-सहारे बरामदे व दुकानें भी बनेंगी। आगरा रोड पर ही प्रस्तावित हेरिटेज सिटी के तकनीकी मापदंडों पर भी धारीवाल ने अधिकारियों के साथ मंथन किया। परकोटे की तर्ज पर ही यहां भी विकास होगा। भवन निर्माण के लिए राजस्थानी वास्तुकला के 8-10 डिजाइन तैयार होंगे। भूखण्डों का न्यूनतम क्षेत्रफल 300 वर्गमीटर होगा। सिटी क्षेत्र में 300 वर्गमीटर, 400 वर्गमीटर तथा 500 वर्गमीटर के भूखण्ड ही अनुमोदित किए जाएंगे।

पाराशर एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे श्योपुर

## 2023 तक 5 लाख ब्राह्मण बंधुओं से संवाद होगा पूर्ण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**श्योपुर (मध्य प्रदेश)।** विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर एक दिवसीय प्रवास पर श्योपुर पहुंचे। श्योपुर पहुंचने पर ब्राह्मण समाज से जुड़े अविनाश तिवारी एवं समाज के युवाओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर ने श्योपुर के अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश शुक्ला से मुलाकात कर उन्हें भगवान परशुराम जी की प्रतिमा भेंट की । विप्र संवाद के द्वारा देशभर में ब्राह्मण समाज के जागरूक पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओ को भगवान श्री परशुराम जी का छाया चित्र भेट किए जा रहे है। विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक पाराशर ने बताया कि वर्ष 2023 तक 5 लाख ब्राह्मण बंधुओं से संवाद पूर्ण किया जाएगा।

---

# घबराई अमूल और पारले जैसी कंपनियां, फ्रूटी, एप्पी संशय में?

**सिंगल यूज प्लास्टिक बैन**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** भारत में एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं होगा। इस बैन के तहत फ्रूटी और एप्पी जैसे प्रोडक्ट में प्लास्टिक स्ट्रॉ का यूज नहीं हो सकेगा। इससे पेय पदार्थ कंपनियों पर संकट मंडरा रहा है। यही वजह है कि भारत में कोका कोला, पेप्सिको, पारले, अमूल और डाबर जैसी वेबरेज कंपनियां सरकार पर अपना फैसला बदलने के लिए दबाव डाल रही हैं।

#### सिंगल यूज प्लास्टिक क्या है?

सिंगल यूज प्लास्टिक, नाम से ही साफ है कि ऐसे प्रोडक्ट जिनका एक बार इस्तेमाल करने के बाद इन्हें फेंक दिया जाता है। इसे आसानी से डिस्पोज नहीं किया जा सकता है। साथ ही इन्हें रिसाइकिल भी नहीं किया जा सकता है। यही वजह है कि प्रदूषण को बढ़ाने में सिंगल यूज प्लास्टिक की अहम भूमिका होती है। एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक वाली इन वस्तुओं पर बैन होगा। इनमें 100 माइक्रोन से कम मोटाई के प्लास्टिक बैनर शामिल हैं। गुब्बारा, फ्लैग, कैंडी, ईयर बड्स के स्टिक और मिठाई बॉक्स में यूज होने वाली क्लिंग रैप्स भी शामिल हैं। यही नहीं केंद्र सरकार ने कहा है कि 120 माइक्रॉन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक बैग को भी 31 दिसंबर 2022 से बंद कर दिया जाएगा।

#### सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाना क्यों जरूरी है?

देश में प्रदूषण फैलाने में प्लास्टिक कचरा सबसे बड़ा कारक है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक देश में 2018-19 में 30.59 लाख टन और 2019-20 में 34 लाख टन से ज्यादा प्लास्टिक कचरा जेनरेट हुआ था। प्लास्टिक न तो डीकंपोज होते हैं और न ही इन्हें जलाया जा सकता है, क्योंकि इससे जहरीले धुएं और हानिकारक गैसें निकलती हैं। ऐसे में रिसाइक्लिंग के अलावा स्टोरेज करना ही एकमात्र उपाय होता है। प्लास्टिक अलग-अलग रास्तों से होकर नदी और समुद्र में पहुंच जाता है। यही नहीं प्लास्टिक सूक्ष्म कणों में टूटकर पानी में मिल जाता है, जिसे हम माइर् ोप्लास्टिक कहते हैं। ऐसे में नदी और समुद्र का पानी भी प्रदूषित हो जाता है। यही वजह है कि प्लास्टिक वस्तुओं पर बैन लगने से भारत अपने प्लास्टिक वेस्ट जेनरेशन के आंकड़ों में कमी ला सकेगा। यूनाइटेड नेशंस एनवायरमेंट प्रोग्राम यानी UNEP के मुताबिक दुनियाभर में आधे से अधिक प्लास्टिक को सिर्फ एक बार यूज करने के लिए डिजाइन किया गया है। यही वजह है कि दुनिया में हर साल लगभग 30 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा पैदा होता है। 1950 के दशक में प्लास्टिक की शुरुआत के बाद से अब तक 8.3 अरब मीट्रिक टन प्लास्टिक का उत्पादन किया गया है।

#### अमूल और पारले जैसी कंपनियां बैन का विरोध क्यों कर रही हैं?

1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाए जाने का विरोध अमूल और पारले जैसी बड़ी कंपनियां कर रही हैं। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह यह है कि अमूल कंपनी की फ्रूटी और एप्पी समेत 10 प्रोडक्ट के लिए हर रोज 15 से 20 लाख प्लास्टिक स्ट्रा की जरूरत होती है। इसी तरह पारले एग्रो और डाबर जैसी कंपनियों को भी हर रोज लाखों स्ट्रा की जरूरत होती है। ऐसे में ये कंपनियां सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाए जाने का इन 3 वजहों से विरोध कर रही हैं।

» पेपर स्ट्रा का आसानी से उप्लब्ध नहीं हो पाना।
» प्लास्टिक स्ट्रा की तुलना में पेपर स्ट्रा की कीमत 5 से 7 गुना ज्यादा होना।
» पेपर स्ट्रा बनाने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने के लिए कुछ समय दिए जाने की मांग करना।

पारले, डाबर और अमूल जैसी बड़ी बेवरेज कंपनियों के संगठन एक्शन एलायंस फॉर रीसाइक्लिंग बेवरेज कार्टन्स यानी AARC के चीफ एग्जीक्यूटिव प्रवीण अग्रवाल ने कहा, 'मुझे इस बात की चिंता है कि यह बैन डिमांड के पीक सीजन में आ रहा है। इससे ग्राहकों को भी दिक्कतें होंगी। प्लास्टिक स्ट्रा 5 से 7 गुना ज्यादा कीमत देकर खरीदने के लिए कंपनियां तैयार हैं, लेकिन मार्केट में यह उपलब्ध नहीं है।'

#### प्लास्टिक का विकल्प क्या है?

सिंगल यूज प्लास्टिक के बैन होने पर अलग-अलग चीजों के लिए अलग-अलग विकल्प हो सकते हैं। जैसे- प्लास्टिक के स्ट्रा की जगह पेपर स्ट्रा। इसी तरह बांस से बनी ईयर बड्स स्टिक, बांस से बनी आइसक्रीम स्टिक, कागज और कपड़े से बने झंडे, परंपरागत मिट्टी के बर्तन आदि का इस्तेमाल सिंगल यूज प्लास्टिक की जगह पर किया जा सकता है। एनवायरनमेंट एक्सपर्ट्स का मानना है कि सिंगल यूज प्लास्टिक बैन तभी सफल होगा जब आम लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो और आसानी से सिंगल यूज प्लास्टिक के दूसरे विकल्प लोगों के सामने उपलब्ध हों। इसके साथ ही किसी सामान में ऐसे प्लास्टिक का इस्तेमाल होना चाहिए जिसे आसानी से रिसाइकिल किया जा सके।

#### दुनिया के किन देशों में इस पर बैन है?

दुनिया भर की कई सरकारें सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कड़े फैसले ले रही हैं। ताइवान ने 2019 से प्लास्टिक बैग, स्ट्रॉ, बर्तन और कप पर प्रतिबंध लगा दिया है। दक्षिण कोरिया ने बड़े सुपर मार्केट में प्लास्टिक बैग के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही वहां इस प्रतिबंध के उल्लंघन करने वालों पर करीब 2 लाख जुर्माना लगाया जाता है। भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश ने भी 2002 में सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगा दिया था। केन्या, UK, ताइवान, न्यूजीलैंड, कनाडा, फ्रांस और अमेरिका में भी सिंगल यूज प्लास्टिक पर कुछ शर्तों के साथ बैन लगाया गया है।

---

ANCHOR

महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल

# सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करवाएंगे प्राइवेट टीचर

**गेस्ट फैकेल्टी के तौर पर महात्मा गांधी स्कूल में मिलेगी नियुक्ति, 30,000 मिलेगी सैलरी**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के सरकारी स्कूलों में टीचर्स की कमी को दूर करने के लिए अब प्राइवेट टीचर्स को नियुक्त किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल के लिए गेस्ट फैकल्टी योजना को शुरू किया है। जिसके तहत प्रदेश भर के 700 से ज्यादा स्कूलों में अब गेस्ट फैकेल्टी के तौर पर प्राइवेट टीचर को नियुक्त किया जाएगा। जिन्हें हर महीने 30,000 तक सैलरी दी जाएगी।

दरअसल, शिक्षा विभाग ने महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में 10 हजार टीचर्स की भर्ती के लिए वैकेंसी निकाली थी। लेकिन 3 महीने से ज्यादा का वक्त बीत जाने के बाद भी टीचर्स ने महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाने के लिए रुचि नहीं दिखाई। जिसकी बाद शिक्षा विभाग ने गेस्ट फैकल्टी के तौर पर टीचर्स की नियुक्ति करने का फैसला किया है। ऐसे में अब स्कूल स्तर पर आवेदन प्रक्रिया शुरू कर 2022 शैक्षणिक सत्र में ही टीचर्स को पोस्टिंग दी जाएगी। बता दें कि सरकारी स्कूलों में इन दिनों जो टीचर पढ़ा रहे हैं। उनकी इंग्लिश अच्छी नहीं है। यही वजह है कि इन स्कूलों में टीचर के पद भरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शिक्षा विभाग का मानना है कि प्राइवेट इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ाने वाले टीचर की इंग्लिश पर अच्छी पकड़ है। ऐसे में कम सैलरी में सरकारी स्कूल में अच्छे टीचर्स की नियुक्ति के लिए शिक्षा विभाग ने गेस्ट फेकल्टी योजना शुरू की है।

#### इन नियमों के आधार पर होगा गैस्ट फैकल्टी का सिलेक्शन

» विभाग में पूर्व से कार्यरत शिक्षकों के महात्मा गाँधी / अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में साक्षात्कार के माध्यम से पदस्थापन उपरान्त स्वीकृत पदों में से रिक्त रहे पदों पर विद्या सम्बल योजना के तहत गैस्ट फैकल्टी निजी अभ्यर्थियों / सेवा निवृत्त शिक्षकों की नियुक्ति की जा सकेगी।
» इन गैस्ट फैकल्टी निजी अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रर्ि या प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में उनके अतिरिक्त 02 वरिष्ठतम शिक्षकों की कमेटी द्वारा महात्मा गाँधी / अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के स्तर पर की जाएगी। दो वरिष्ठतम शिक्षक उपलब्ध नहीं हो तो समिति में संबंधित CBEO ब्लॉक के अन्य MGGES विद्यालयों में से दो वरिष्ठ सदस्यों की नियुक्ति करेंगे।
» संस्था-प्रधान द्वारा विभागीय वेबसाईट एवं विद्यालय नोटिस बोर्ड एवं अन्य सार्वजनिक प्लेट फार्म पर किया जाकर योग्य आशार्थियों के आवेदन पत्र विद्यालय स्तर पर आमंत्रित किए जाएगें। उक्त प्रकाशन के लिए कलैण्डर निदेशालय से जारी होगा।
» किसी भी रिक्त पद पर रिक्तियों से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर वरीयता सूची तैयार कर वरीयतानुसार नियुक्ति दी जाएगी।
» सेवा निवृत्त अध्यापक यदि B.Ed उत्तीर्ण है। तो अध्यापक लेवल द्वितीय के लिए संबंधित विषय अनुसार एवं यदि BSTC/D.El.Ed उत्तीर्ण है। तो अध्यापक लेवल प्रथम के लिए पात्र होंगे।
» वरीयता सूची का निर्माण पद की न्यूनतम वांछित योग्यताओं में शैक्षणिक योग्यता व प्रशैक्षणिक योग्यता का अंकभार क्रमशः 75% व 25% लिया जाकर कुल प्राप्तांकों के आधार पर किया जाएगा।
» एक जैसे नंबर होने की स्थिति में अधिक आयु के अभ्यर्थी को वरीयता में कम आयु के अभ्यार्थी से ऊपर रखा जाएगा।
» आवेदन प्राप्त करने की अवधि व नियुक्ति जारी करने का कलैण्डर निदेशालय से जारी किया जाएगा।
» चयनित अभ्यर्थी को गैस्ट फैकल्टी के पद हेतु दिये गये प्रस्ताव पर सात दिवस में सहमति प्रदान करनी होगी। इसके साथ ही संस्था प्रधान द्वारा तय किये गये समय पर वे कार्य करने आएंगे।
» गैस्ट फैकल्टी को पूरी तरह ट्रेम्परेरी बेस पर रखा जाएगा।
» गैस्ट फैकल्टी के रूप में निजी अभ्यर्थियों / सेवा निवृत्त शिक्षकों को उन्हीं दिशा-निर्देशों के अध्यधीन रखा जाएगा। जो वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक: 30.03.2021 में वर्णित है।

## जागरूक खबरें

### जब तक जीवन में संयम नहीं होगा तब तक जीवन महान नहीं बन सकता-संत कृपाराम



**भीनमाल @ जागरूक जनता।** वियोका गोलियां में चल रही श्री राम कथा के तीसरे दिवस में संत कृपाराम महाराज ने बताया की सगुण व निर्गुण में कोई भेद नहीं है बर्फ और पानी में कोई अंतर नही है जैसे पानी को किसी बर्तन में डालकर फीज में रखने पर वह बर्फ का रूप ले लेता है ठीक उसी तरह वह निर्गुण परमात्मा उस का कोई रूप नहीं है जैसे पानी का कोई रूप नहीं, जैसे हवा का कोई रूप नही वैसे ही उस परमात्मा का कोई रूप नहीं है लेकिन जब भक्त उस परम पिता परमात्मा को करुणा मय पुकार करता है जैसे पानी बर्फ में बदल जाती है वैसे ही भगवान भक्तों को आनंद देने इस धरती पर आ जाते है और बताया की जब तक जीवन में श्रद्धा नहीं होगी तब तक हम उस परमात्मा को प्राप्त नहीं कर सकते, भगवान शिव विश्वास व माता पार्वती श्रद्धा की प्रतीक है, राम कथा को सुनने के लिए शिव व पार्वती रूपी श्रद्धा व विश्वास का होना जरूरी है और बताया जीवन में चमक संयम से आती है न की बाहरी कॉस्मेटिक चीजे लगाने से, जीवन को इतना संयमी बनाओ की कोई भी आप से मिल कर जाए तो दूसरों को बोले की इस का जीवन प्रेणादायक है। तीसरे दिन की कथा में जय और विजय द्वारा सनतकुमारों को श्री हरि के दर्शन करने से रोकने की कथा, श्री हरि द्वारा जलंदर वध की कथा व नारद मोह आदि कथाओं को सुनाया। कथा के समाप्ति पर इंद्र भगवान की बहुत कृपा बरसी की गर्मी का मौसम ठंडमय कर दिया। संत श्री ने भजनों व कीर्तन से भक्तो को भाव विभोर कर दिया। श्रद्धालुगण कथा में गौ माता की तन मन धन से बड़ चढ़कर भाग ले रहे है।

### नगर पालिका व जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान जार के तत्वाधान में पौधारोपण सम्पन्न



**भवानी मंडी @ जागरूक जतना।** शहर नगर पालिका मण्डल ओर जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) जिला झालावाड़ इकाई के तत्वाधान में आज नव निर्मित भारत माता पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा, उपाध्यक्ष अनिल मीणा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव वर्मा, जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान जार के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक श्रीश्रीमाल, जार जिला संरक्षक जगदीश पोरवाल, रणवीर सिंह चौहान,वरिष्ठ कांग्रेस नेता व जन जागृति नागरिक मंच राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष राकेश थावरिया,पार्षद विनय आस्तोलिया व जोरावरसिंह चौहान अतिथि थे। इस अवसर पर जार जिलाध्यक्ष भवँर सिंह कछवाहा ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया इसके बाद सभी अतिथियों ने भारत माता पार्क की चारदीवारी के बाहर पौधारोपण किया। इस अवसर पर जार जिलाध्यक्ष भवँर सिंह कछवाहा के साथ जार के पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष कैलाश बोहरा से पार्क के विस्तार को लेकर सुझाव भी दिये तो पालिकाध्यक्ष ने सकारात्मक उत्तर देते हुए कहा कि जनहित में जो भी अच्छा काम होगा उसे करेंगे।जार के आग्रह पर पालिकाध्यक्ष ने आने वाले दिनों में भवानी मंडी को ग्रीन सिटी बनाने की बात कही। वहीं पालिका उपाध्यक्ष अनिल मीणा ने कहा कि भारत माता पार्क को आने वाले दिनों में आधुनिकता के साथ बहुत खूबसूरत बनाएंगे, उन्होंने कहा कि अब हमारा लक्ष्य इस पार्क की सुंदरता के साथ पूरे शहर को सुंदर बनाया जायेगा। कार्यक्रम में जार के कोषाध्यक्ष तूफान सिंह चौहान, जिला कार्यसमिति सदस्य राहुल रावल,दिलीप श्रंगी,वसीम अकरम, राजू वर्मा,विशाल श्रीवास्तव, महेंद्र सिंह,के साथ सनी वर्मा ,अमीन मंसूरी, सिकन्दर सोनी,रवि सक्सेना आदि गणमान्य नागरिक मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन जार के तहसील अध्यक्ष दिलीप श्रंगी ने किया।

### आईआईटी और एम्स मिलकर देंगे मास्टर व पीएचडी डिग्री

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर ने मिलकर मेडिकल टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम शुरू किया है। इस साल मेडिकल टेक्नोलॉजी के स्नातकोत्तर, स्नातकोत्तर-पीएचडी और पीएचडी पाठ्यक्रम में अभ्यर्थी प्रवेश ले सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून रखी गई है। जुलाई से कक्षाएं शुरू की जाएगी। मेडिकल टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम को आइआइटी के इंजीनियर और एम्स के डॉक्टर ने मिलकर तैयार किया है। इसका उद्देश्य डॉक्टर और इंजीनियर को एक कॉमन प्लेटफार्म उपलब्ध कराना ताकि वे एक दूसरे के साथ अपने ज्ञान का आदान प्रदान करने के साथ आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुसंधान कर सके। आइआइटी जोधपुर के निदेशक प्रो शांतनु चौधरी ने बतायाकि वर्तमान में चिकित्सा विज्ञान में अधिकांश चिकित्सीय उपकरण ऐसे आ रहे हैं जिनके उपयोग और रिपोर्टों के अनुसार ही बीमारी का निदान किया जा रहा। रेडियोलॉजी में एमआरआई, सीटी स्कैन जैसी मशीनों से डॉक्टर्स को काफी मदद मिलती है। यही कारण है कि आइआइटी ने एम्स के साथ मिलकर पाठ्यक्रम शुरू किया है ताकि डॉक्टरों को उनकी जरूरत के अनुसार उपकरण, मशीन और अन्य डिवाइस मिल सके। मेडिकल टेक्नोलॉजी के पाठ्यक्रम से भविष्य में नई हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी विकसित करने में मदद मिलेगी।

### पीटीइटी परीक्षा 3 को, व्यवस्थाएं समय रहते चाक चौबंद करने की जरूरत

**11 परीक्षा केन्द्रों पर 2,967 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा**

**जैसलमेर @ जागरूक जनता।** जिले में पीटीइटी एवं प्रीबीएबीएड बीएससी-बीएड परीक्षा का आयोजन 3 जुलाइ को प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्दों पर आयोजित होगी। जिला कलक्टर डॉ. प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में पीटीइटी-2022 परीक्षा संचालन समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों, केन्द्र पर्यवेक्षकों, कोष कार्यालय में रखाये जाने वाले प्रश्न पत्रों इत्यादि पर विस्तार से समीक्षा की एवं सभी व्यवस्थाएं गम्भीरता के साथ करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर डॉ. सिंह ने जिला पर्यवेक्षक, जिला समन्वयक, केन्द्र पर्यवेक्षक, परीक्षा केन्द्र के सम्बन्ध में जो दिशा-निर्देश जारी किए गए है, उसकी अक्षरशः पालना सुनिश्चित करते हुए परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर दातारामए जिला समन्वयक एवं प्राचार्य एसबीके राजकीय महाविद्यालय अशोक दलाल, कोषाधिकारी आनंद जगाणी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामखिलाड़ी बैरवा, अधिशाषी अभियंता जिला परिषद, पुलिस निरीक्षक तेजकरण उपस्थित थे।

**समय रहते जारी कर दें आदेश :** जिला कलक्टर ने जिला समन्वयक परीक्षा संचालन को निर्देश दिए कि वे परीक्षा के सम्बन्ध में जो आदेश जारी करने है, वे समय रहते जारी कर दे। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों एवं कोष कार्यालय में पेपर सुरक्षा के साथ रखने एवं बाहर निकालने के समय सुरक्षाकर्मी लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय से आदेश जारी कराने की व्यवस्था भी समय पर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक को निर्देश दिए कि वे जिला समन्वयक की मांग के अनुरूप परीक्षा केन्द्रों के लिए वीक्षक की नियुक्ति भी समय पर करवा दे। व्यवस्थाएं बेहतर करे। जिला समन्वयक अशोक दलाल ने बताया कि पीटीइटी.2022 के परीक्षा के सम्बन्ध में जिले में 11 परीक्षा केन्द्र निर्धारित कर दिए गए है, वहीं परीक्षा के लिए पर्यवेक्षक भी नियुक्त कर दिए गए है।

बैठक के दौरान जिला पर्यवेक्षक, जिला समन्वयक, केन्द्र पर्यवेक्षक की ओर से जारी किए जाने वाले कार्यों एवं उतरदायित्वों के बारें में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि निर्धारित परीक्षा केन्द्रो पर 3 जुलाई को प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक परीक्षा सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि इन 11 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 2 हजार 967 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

# बिना देशभक्ति के प्रभु की भक्ति नहीं-अनूप जलोटा

**कहा- हिंदुस्तान में रहकर पाकिस्तान की पूजा करेंगे तो कैसे पॉसिबल है**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** गजलों के सम्राट अनूप जलोटा ने जब 'ऐसी लागी लगन, मीरा हो गयी मगन, वो तो गली गली हरि गुण गाने लगी को अपनी आवाज में पिरोया तो सभी मदमस्त हो मानों खो से गए। वहीं 'तुम इतना जो मुस्कुरा रहे हो, क्या गम है जिसे छुपा रहे हो... सुना कर लोगों को वाह-वाह करने पर मजबूर कर दिया। भजन और गजल का यह अनूठा संगम जवाहर कला केंद्र के मध्यवर्ती में देखने को मिला। मौका था चार दिवसीय जयपुर गजल फेस्टिवल के समापन का। स्टेज पर धोती-कुर्ता में ऑडियंस के बीच पहुंचे जलोटा ने कहा- धोती-कुर्ता पहनकर आया हूं तो ये मत समझना मैं भजन गाने आया हूं, लेकिन ये भी सच है की मैं दो-तीन भजन जरूर गाऊंगा। लोगों के वैलकम करने के बाद जलोटा ने भक्ति, देशभक्ति और फिल्मी तरानों से जेकेके का माहौल गजलों से महका दिया। इस दौरान जलोटा ने भक्ति से देशभक्ति' तक के सफर को साझा किया। अनूप जलोटा ने कहा कि गजल अपनी पहचान, लोगों का प्यार खोता जा रहा है। इसका कारण है कि गजल में उर्दू के लफ्जों का यूज ज्यादा होता है। भक्ति से देशभक्ति की ओर रुझान पर उन्होंने कहा- बिना देशभक्ति के प्रभु की भक्ति नहीं हो सकती। यहां हर धर्म के लोग रहते हैं और सब को अपने-अपने धर्म की पूजा करने की आजांदी है। लेकिन ये नहीं भूलना चाहिए - 'हम सबसे पहले भारत माता की संतान हैं'। अगर हिंदुस्तान में रहकर पाकिस्तान की पूजा करेंगे तो कैसे पॉसिबल है। मैं कहता हूं कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्में और बननी चाहिए। इसका बीजेपी से कोई ताल्लुक नहीं है। देश में आज जो दंगे हो रहे हैं, उनके पीछे एक नेटवर्क काम कर रहा है। पैसे का लालच देकर लोगों को इस आग में झोंका जा रहा है। हालांकि योगी सरकार ऐसे लोगों का सही इलाज कर रही है। बीजेपी को नए-नए नेताओं के लिए स्कूल खोलना चाहिए।

# 51 को मिला नारी शक्ति सम्मान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**इनका हुआ सम्मान**

सुनीता रावतानी, भावना बंसल,अलका भाटी, डॉ बिंदु टाक, राशि जेन, डॉ इंदु चौधरी, स्नेह प्रभा, रश्मि सुनील, गरिमा मोदी, मीता, सोमा, रीमा कटारिया, गुरु रोजी शर्मा, आशिमा, कृतिका महावर, पूनम खंगारोत, राखी सपेरा, हेमलता, संतोष राठी, पूजा, रश्मि कपूर, मेत्रि शुक्ला, सुषमा चौहान, डॉ नीलम जेन, सुशीला नेगी, हुमा खान, चंचल धीमान, शिखा शर्मा, कमल राठौर, गीता यादव, रितु अग्रवाल, स्नेहलता, रेनू वशिष्ट, रीमा शाह, सिद्धि जौहरी, निशा बंसल, एरा टाक, अंबिका हेडा, गौरी माहेश्वरी, गीता ठाकुर, मोंटू कर्णावती, सिरी कंवर, अपर्णा वाजपेयी, प्रिया मिश्रा, डॉ रितु अरोरा, रेनू मेहरा रेनू फोफलिया, पूनम भास्कर, रेखा आनंद, टीना सरिया, डॉ शालिनी, सोनम सिंह, डॉ पिंकी माथुर, रुचि साधवाणी, स्मिता भार्गव, रश्मि जेन, खुशबू शर्मा, स्मिता, रीना व्यास, डॉ पूनम मदान।

**जयपुर।** ब्रजभूमि फॉउन्डेशन के तत्वाधान में चल रहे कार्यक्रम नारी शक्ति को प्रणाम के तहत आज राजस्थान जिले की '51 नारी शक्ति' को राजस्थान की नारी शक्ति को प्रणाम की प्रदेश अध्यक्ष 'डॉ निधि सिंह टाक' के निर्देशन में कार्यक्रम सफलतापूवर्क सम्पन्न हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर की मेयर सौम्या गुर्जर, आगरा की समाजसेविका रूबी चौधरी, निर्भया स्क्वाड, जयपुर की नोडल ऑफीसर डीसीपी सुनीता मीणा, भाटी ग्रुप ऑफ इंडस्ट्री के चेयरमेन हेमंत भाटी, जीवम एजुकेशन के चेयरमेन डॉ दिलीप मोदी, रावत एजुकेशन ग्रुप के चेयरमेन बी एस रावत, नीरजा मोदी, समाजसेविका सुखख्म चतुर्वेदी, और नारी शक्ति को प्रणाम की इंडिया, वाइस प्रेसिडेंट शाजिया शेख ,ब्रजभूमि फाउंडेशन के फाउंडर अश्विन चौधरी व राजस्थान की वाइस प्रेसिडेंट अलका भाटी उपस्थित रही।

सम्पूर्ण राजस्थान से आई सम्मानित सभी नारी शक्ति का चयन उनके कार्यों की प्रोफाइल के आधार पर किया गया था ब्रजभूमि फाउंडेशन की नारी शक्ति को प्रणाम की ये शुरुआत 2018 में मथुरा से शुरू होकर आज सम्पूर्ण देश में जा चुकी है और इस मंच का उद्देश्य समाज में कार्य कर रही महिलाओ के नाम को जन जन तक पहुंचाना है शिक्षा, कला, साहित्य, खेल, समाजसेवा, पत्रकारिता, वकालत, स्वास्थ, संगीत व युवा वर्ग में अलग अलग क्षेत्रों में कार्य कर रही 51 महिलाओ को सम्मानित किया गया। सभी अतिथिगण ने सभी महिलाओ को उनके कार्यों के लिये प्रोत्साहित किया और आत्म निर्भरता को लेकर सभी महिलाओ को प्रेरित किया।

**साल 2020 में रेलवे ने लगाई थी सीनियर सिटीजन की छूट पर रोक**

# कब खत्म होगा इंतजार, रेल किराए में छूट पर 2 साल से 'ताला'

**वरिष्ठजनों को सभी श्रेणी की यात्रा में 50 फीसदी लगता था किराया**

**पिछले दो साल से अधिक समय से पूरा किराया दे रहे वरिष्ठजन**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बाड़मेर।** रेलवे की ओर से साल 2020 में कोविड महामारी फैलने से ठीक पहले मार्च के अंतिम सप्ताह में वरिष्ठजनों सहित कई श्रेणियों में किराए में मिलने वाली छूट पर रोक लगाई थी, जो अब तक बहाल नहीं हुई है। इससे वरिष्ठजनों के यात्रा कार्यक्रम बाधित हो रहे है। खासकर धार्मिक स्थलों की यात्रा को लेकर वरिष्ठजनों में रेलवे को लेकर निराशा है। किराए में फिर से रियायत को लेकर वरिष्ठ यात्री उम्मीद लगाए बैठे हैं। रेल में यात्रा करने वाले करीब 30-35 फीसदी वरिष्ठ यात्री है। जिन्हें रेलवे की ओर से किराए में 50 फीसदी की छूट दी जाती रही है। यह सभी श्रेणी में मिलती रही है। कोविड के चलते स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ तो संक्रमण नहीं फैले इसके लिए एसी में मिलने वाली चद्दर, कंबल और तकिया की सुविधा बंद करते हुए कोच में लगने वाले पर्दे भी हटा दिए। लेकिन ये सुविधाएं हाल ही में रेलवे ने फिर से बहाल कर दी। इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिली है।

#### वरिष्ठ यात्रियों का इंतजार कब होगा खत्म

कई तरह की सुविधाएं बहाल करने से वरिष्ठ यात्रियों की उम्मीद बढ़ी है कि रेलवे उनको मिलने वाली छूट भी जल्दी बहाल करेगा। इस बीच यह भी उल्लेखनीय है कि रेल मंत्री ने मार्च 2022 में सांसद में बताया था कि छूट फिर से दिए जाने का कोई प्रस्ताव अभी नहीं है। इसके बाद से ही वरिष्ठजन काफी निराश हुए है।

#### सीनियर सिटीजन को यह मिलती थी छूट

रेलवे के सभी ट्रेनों में सीनियर सिटीजन को टिकटों पर 50 फीसदी तक की छूट मिली थी। 60 साल के पुरुषों और 58 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को रेलवे वरिष्ठ नागरिक मानता है। कोरोना महामारी से पहले तक राजधानी, शताब्दी, दूरंतो सहित समस्त मेल एक्सप्रेस में पुरुषों को बेस फेयर में 40 प्रतिशत जबकि महिलाओं को 50 फीसदी की छूट दी जाती रही है।

#### अभी 11 श्रेणियों में मिल रही है छूट

हालांकि अभी भी 11 श्रेणियों में रेलवे की ओर से किराए में छूट दी जा रही है। इसमें दिव्यांगजनों की चार, रोगियों और विद्यार्थियों की 11 श्रेणी शामिल है। लेकिन इनके बारे में अधिकांश लोगों का पता नहीं है। इसके चलते छूट होते हुए भी फायदा नहीं ले पाते हैं।

#### रेलवे ने खारिज किया

इस बीच सोशल मीडिया पर यह भी चर्चा चली कि रेलवे ने वरिष्ठजनों का छूट का कोटा ही खत्म कर दिया है। इस पर रेलवे के एक उच्चाधिकारी ने इसे खारिज कर दिया था।

#### फैक्ट फाइल : वरिष्ठ नागरिक

» 50 फीसदी की छूट मिलती थी
» 60 साल के पुरुष व 58 साल की महिला सीनियर सिटीजन
» 2020 से बंद है किराए में छूट
» 30-35 प्रतिशत यात्री वरिष्ठ नागरिक (अनुमानित)

**जगतपुरा में महापड़ाव डालकर बोले-वेतन विसंगति दूर करे सरकार**

# 5 बिजली कंपनियों के 3000 JEN का सामूहिक कार्य-बहिष्कार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के 5 विद्युत निगमों के JEN सामूहिक कार्य बहिष्कार पर चले गए हैं। जिसका असर बिजली सप्लाई और डिस्ट्रिब्यूशन पर पड़ने लगा है। प्रदेशभर के करीब 3000 JEN (जूनियर इंजीनियर) सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। बड़ी संख्या में JEN ने जयपुर के जगतपुरा में अनिश्चित काल के लिए महापड़ाव डाल दिया है। JEN की वेतन और ACP विसंगति दूर करने की 185वीं कॉर्डिनेशन कमेटी की सिफारिश रिपोर्ट के आदेश लागू नहीं होने से नाराज पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के नेतृत्व में यह आंदोलन किया जा रहा है। 26 मई से काली पट्टी बांधकर काम कर रहे इंजीनियर्स के सामूहिक हड़ताल पर जाने से प्रदेश में बिजली व्यवस्था चरमराने लगी है। बिजली के प्रॉपर डिस्ट्रिब्यूशन, टेक्नीकल फाल्ट सुधार, जीएसएस और फील्ड में बिजली पावर मैनेजमेंट के हालात गड़बड़ाने लगे हैं। जयपुर, जोधपुर और अजमेर विद्युत वितरण निगमों के साथ ही राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम, राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के जेईएन सामूहिक कार्य बहिष्कार पर हैं।

#### 9-18-27 साल में भी प्रमोशन वाली पोस्ट की सैलेरी नहीं

पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के प्रदेश महासचिव राहुल वर्मा ने बताया कि प्रदेश में छठा वेतन आयोग लागू करते वक्त कुछ वेतन विसंगति रह गई थी। जिसे आज तक दूर नहीं किया गया है। पूरे सर्विस पीरियड में जेईएन को प्रमोशन नहीं होने पर 9-18-27 साल में भी प्रमोशन वाली पोस्ट की सैलेरी नहीं मिलती है। पिछले 12 सालों से एसोसिएशन इसके लिए संघर्ष कर रही है। लेकिन किसी सरकार ने सुध नहीं ली। 12 साल पहले जेईएन को फर्स्ट ग्रेड का दर्जा मिलता था। लेकिन आज वह थर्ड ग्रेड के दर्जे पर आ गया है। एनर्जी डिपार्टमेंट कई बार इस वेतन और ACP की खामी को दूर करने की सिफारिश कर चुका है। लेकिन पहले की तरह 10 इंक्रीमेंट और पहली ACP-5400 ग्रेड पे कर इस खामी को दूर करने की मांग को सरकार और वित्त विभाग ने अटका रखा है। डिमांड है कि एनर्जी डिपार्टमेंट वेतन और एसीपी विसंगति दूर करने के लिए कॉर्डिनेशन कमेटी की ओर से पास प्रस्ताव को पास करे। जिसे 7 साल बीत चुके हैं। आदेश पास हों या आदेश पास होने की तारीख बताई जाए। उसके बाद ही महापड़ाव स्थगित किया जाएगा। वरना महापड़ाव अनिश्चित काल तक जारी रहेगा।

#### सीएम गहलोत को भेजा ज्ञापन

एसोसिएशन अध्यक्ष हेमंत कुमार ने मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा है कि 3 मार्च 2022 को जयपुर में एक दिन के धरने के बाद एसीएस एनर्जी से हुई वार्ता में उन्होंने जल्द वेतन विसंगति को सही करवाने का आश्वासन दिया था। लेकिन आदेश आज तक नहीं निकाले गए हैं। 25 मई को एनर्जी डिपार्टमेंट के मंत्री भंवर सिंह भाटी के नाम सीनियर अफसरों को ज्ञापन भी दिया गया। लेकिन उस पर भी अब तक एक्शन नहीं लिया गया है।

### सर्किट हाउस पर अजमेर का सबसे ऊंचा तिरंगा लहराएगा

**अजमेर @ जागरूक जनता।** शहर की ऐतिहासिक आनासागर झील के किनारे ब्रिटिश काल में बने सर्किट हाउस पर जल्द ही 65 मीटर ऊंचा तिरंगा लहराया जाएगा। सर्किट हाउस बनने के बाद यह पहला अवसर होगा जब राष्ट्रीय ध्वज भवन पर लहराता दिखेगा। अजमेर विकास प्राधिकरण ने तिरंगा लगाने की तैयारियां शुरू कर दी है। तिरंगे की स्थापना पर करीब 42 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। तिरंगा लगाने के बाद नीचे से लाइट की रोशनी डाली जाएगी। तिरंगे को ना तो उतारा जाएगा और ना ही फहराया जाएगा। प्राधिकरण ने यहां तिरंगा लगाने की कवायद जनवरी से शुरू की थी। तिरंगा लगाने का काम करीब 3 महीने में पूरा करना होगा। सर्किट हाउस के नीचे शहीद स्मारक भी बनाया गया है। सर्किट हाउस में तिरंगा लगने के बाद यह शहरवासियों में देशभक्ति का जज्बा जाएगा। स्मार्ट सिटी के तहत सर्किट हाउस का भी विकास किया जा रहा है। सर्किट हाउस के पीछे की तरफ से सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। सर्किट हाउस पर तिरंगा लगाने के बाद यहां अलग ही नजारा नजर आएगा।

### शहरों में सौ दिन रोजगार, अगले माह शुरू होने की उम्मीद

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौडगढ़।** गांवों की तर्ज पर शहरों में भी 100 दिन का लोगों को रोजगार की गारंटी देने वाली राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का काउंटडाउन शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि यह योजना आगामी कुछ दिनो से प्रारंभ हो जाएगी। जिले के सभी निकायों में शुरू होने वाले प्रोजेक्ट के लिए संविदा पर कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। जिले में वरिष्ठ तकनीकी सहायक से लेकर शहरी रोजगार सहायक पदों के कुल 48 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह आवेदन 20 जून तक जमा किए जाएंगे। इसके बाद जिला कलक्टर की अध्यक्षता मे गठित समिति चयन प्रक्रिया पूरी करेगी। योजना का सबसे रोचक पहलू यह भी है कि श्रमिकों में पुरुष तथा महिलाओं को बराबर हिस्सेदारी मिलेगी। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुसार शहरी क्षेत्रों में लोगों को रोजगार देने के लिए इस योजना की पिछले दिनों गाइडलाइन जारी की गई थी। साथ ही सभी निकायों में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। जिले में शीघ्र ही इस योजना को अमलीजामा पहनाने की तैयारी की जा रही है। योजना के तहत कम से कम 100 दिन का रोजगार मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए जॉब कार्ड बनाए जाएंगे और आवेदन करने के 15 दिन के भीतर पात्र व्यक्तियों को रोजगार मुहैया कराया जाएगा। जॉब कार्ड के लिए जन आधार कार्ड होना जरूरी होगा। जिनके पास जनआधार नही है, वे जनआधार का पंजीयन करा पंजीयन संख्या के जरिए आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के लिए सरकार द्वारा पोर्टल तैयार किया है। इसके अलावा आवेदन संबंधित नगर पालिका एवं नगर परिषद में बनाई गई हेल्प डेस्क पर भी उपलब्ध हो सकेंगे।

#### लॉटरी से आवंटित होगा निकाय

इस प्रोजेक्ट का जिला परियोजना समन्वयक जिला कलक्टर को बनाया गया है। इसमें वरिष्ठ तकनीकी सहायक के 6 पद, कनिष्ठ सहायक के 13 पद, लेखा सहायक के 7 पद, एमआई एस मैनेजर के 7 पद, शहरी रोजगार सहायक के 15 पद के लिए भर्ती होगी। संविदा पर होने वाली यह नियुक्ति कि 31 मार्च 2023 तक प्रभावी रहेगी। पदवार सभी पदों के लिए होने वाली भर्ती में 20 पदों की प्रतीक्षा सूची जारी की जाएगी।

**ANCHOR** **पेयजल समस्याओं के समाधान शिविर 17 से**

# ग्राम पंचायत स्तर पर होगा विशेष अभियान शिविरों का आयोजन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जालोर।** जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए 17 जून से 20 जुलाई तक विशेष अभियान शिविर आयोजित किये जायेंगे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता ताराचंद कुलदीप ने बताया कि जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक में जिला कलक्टर निशांत जैन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में निर्धारित कार्यक्रमानुसार 17 जून से 20 जुलाई तक ग्राम पंचायत स्तर पर राजीव गांधी सेवा केन्द्र में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए विशेष अभियान शिविर आयोजित किये जायेंगे।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया हैं कि विशेष अभियान शिविर के दौरान अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता व कार्मिक ग्राम पंचायत मुख्यालय स्तर पर जल संबंधित प्राप्त परिवेदनाओं का मौके पर निस्तारित करेंगे तथा ग्राम पंचायत के आंगनवाड़ी, विद्यालय, हेल्थ सेन्टर व ग्राम पंचायत सहित स्थापित आर.ओ. सोलर एवं सोलर डीएफयू का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

उन्होंने बताया कि विशेष अभियान शिविर के निर्धारित कार्यक्रमानुसार 17 जून को अगवरी/उम्मेदपुर, आकोली, आंवलोज/डांगरा, भागलभीम, बागोड़ा, आखराड, बासडा धनजी, भाटीप, अचलपुर/ दांतिया व आकोली/रणोदर, 20 जून को आहोर/ भैंसवाड़ा, सियाणा, आसाना/तुरा, भागलसेफ्टा, बाली, आजोदर, बूगांव, दांता, अरणाय व भाटकी/ जोरादर, 21 जून को आईपुरा, बागरा, आलासन/ उम्मेदाबाद, भरूडी, भालनी, आलड़ी/ चितरोडी, चांदूर, दुगावा, बावरला व भीमगुडा/ सिपाइयों की ढाणी, 22 जून को अजीतपुरा/कांबा, बाकरा रोड़/ मडगांव, आलवाड़ा/थलवाड, बोरटा, बिजलिया, बडगांव, दांतलावास, गुन्दाऊ, बिजरोल खेडा व चितलवाना, 23 जून वेडिया/बावड़ी, भागली सिंधलान/रेवत, वालेरा, दांतीवास, चैनपुरा, बामनवाडा/धामसीन, डोरडा, कोटडा, भडवल व दाउकियों एवं साहू की ढाणी/गुडोहमा, 24 जून को बाला/ भोरडा, बिबलसर, बैरठ/बाकरा, दासपां, डूंगरवा/ वाडा नया, चाटवाडा, गजापुरा, कूडा, भादरूणा व दावाल/संगरवा, 27 जून को बांकली/ नोरवा, चांदना, सायला, धानसा, धुम्बडिया, मेडा/ रापुरा, गजीपुरा, लाछीवाड, बिछावाडी व देवाडा, 28 जून को रामा/घाणा, चूरा, बालवाडा/मांडवला, फागोतरा, जैसावास, दईपुर, जसवंतपुरा, मौखातरा, चौरा व डूंगरी/टांपी, 29 जून को भाद्राजून, देबावास, भुण्डवा/मेंगलवा, जुंजाणी, जेतू, दांतवाड़ा/कवराडा, जोडवाडा, नैनोल, डबाल व दूठवा/सेसावा तथा 30 जून को भंवरानी/रायथल, देच्छू, बिशनगढ़/सांफाड़ा, खानपुर, जेरण, सिलासन/तावीदर, कलापुरा, पांचला, पालडी सोलंकियान व गोमी में विशेष अभियान शिविर आयोजित किये जायेंगे।

इसी प्रकार 1 जुलाई को चरली/दयालपुरा, दीगांव, चौराऊ/सुराणा, कोरा, कालेटी, धानोल/ जाखडी, माण्डोली, पुर, पमाना व खिरोड़ी, 4 जुलाई को भूमि/कंवला, देवकी, डाबली/सिराणा, कोटकास्तां, कावतरा, डूंगरी, मुडतरासिली/थूर, राजीव नगर, धमाणा/कारोला व हाडेचा, 5 जुलाई को पावटा/सेदरिया बालोतान, डुडसी, दादाल/ तिलोडा, मोदरा, खोखा/सोबडावास, गांग/रतनपुर, पंसेरी, सांकड़, धानता/डांगरा व होतीगांव/रामपुरा, 6 जुलाई को कवराडा/वलदरा, गोदन/सांकरना, वीराणा/ रेवतड़ा, नरता, कूका/वाडाभाडवी, रानीवाड़ा खुर्द/ सूरजवाड़ा, पावली, सरनाऊ, गोलासन/ प्रतापपुरा व परावा/सिवाड़ा, 7 जुलाई चांदराई/ बिठुडा, लेटा/उण, देताकलां/पोसाणा, निम्बावास, लाखनी, जालेरा खुर्द, पूरण, सेवाड़ा, हाडेतर/मेडा जागीर व जानवी/केसूरी, 8 जुलाई को पादरली /पांचोटा, सामुजा, ऐलाना/ओटवाला, नोहरा, लूणावास, जोडवास, पुनगकलां, सेडिया, सरवाना/ सुथाना व झाब/ईटादा, 11 जुलाई को चवरछा/ थांवला, मेडा उपरला, जालमपुरा/जीवाणा, पुनासा, मोरसीम/राउता, कागमाला, राजीकावास, सुरावा, जाखल/हरियाली व जोधावास/निम्बाऊ, 12 जुलाई को चुण्डा/शंखवाली, नारणावास, ऊनडी/ पांथेड़ी, रोपसी, नांदिया, करडा/वणधर, राजपुरा, जेलापरा व संथूडी/सुराचंद, 13 जुलाई को रोडला, नून/सांथू, केशवना/तड़वा, सरथला, नरसाणा/सेवडी, रानीवाड़ा कल्लां, रामसीन, करावडी व काछेला, 15 जुलाई को निम्बला, ओडवाडा, खेतलावास/तालियाणा, सेरणा, नवापुरा ध्वेचा, कोडका, सावीदर, पलादर/विरोल बड़ी व केरिया, 18 जुलाई को नोसरा/सुगालिया जोधा, रायपुरिया/सिवाणा, कोमता/विशाला, थोबाऊ, नया मोरसीम, कूडा, सीकवाडा, किलवा/पहाड़पुरा व मेघावा/विरावा, 19 जुलाई को गुडा बालोतान, बादनवाड़ी, सांगाणा/तेजा की बेरी, राह, मैत्रीवाड़ा, सोमता/तवाब, खारा व खासरवी तथा 20 जुलाई को हरजी/डोडियाली, सामतीपुरा, तीखी/नरसाणा, रंगाला, मालवाडा, तातोल, कोड व खेजडियाली में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष अभियान शिविर आयोजित होंगे।


सपना
करें पूरा
Used Car loan available
Aarna associate
New Car loan available
अब अपनी पुरानी गाड़ी पर
कीमत का 150%
तक लोन करवायें...
IDFC FIRST Bank
ICICI Bank Home Loans khayaal aapka
BAJAJ Bajaj FinServ Limited
MAGMA
TATA CAPITAL We only do what's right for you
HeroFinCorp.
sk FINANCE
Mahindra Finance
HDFC BANK We understand your world
स्कीम जयपुर के लिए*
authorised channel partner
Aarna associate
Call us : 9828333666
housing mortgage loan also available
शर्तें लागू